इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

चैत्र कृष्ण पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 5, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

मुरादाबाद, रविवार, 31 मार्च 2024

फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में नजर आएंगी तापसी-वाणी...15

आज का मौसम

36.0° अधिकतम तापमान | 21.0° न्यूनतम तापमान

आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी।

सूर्योदय 06 : 01
सूर्यास्त 18 : 25

अमृत विचार
लोक दर्पण

इस बार के रविवारीय संस्करण' में भीमताल में तितलियों का अनोखा संग्रह।

सुल्ताना डाकू : जिससे कांपते थे अंग्रेज भी।

पढ़ें विशेष...

पांच तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान

लखनऊ। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अगले छह दिन मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 25 से 35 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाले हवाओं से तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंचने के आसार हैं।

गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में शव दफन किया गया, मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और जेल में बंद बेटा अब्बास नहीं हो सके जनाजे में शामिल

कड़ी सुरक्षा और भारी भीड़ के बीच मुख्तार सुपुर्द-ए-खाक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्तार के शव को शनिवार सुबह 11 बजे सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुपुर्द-ए-खाक किया गया। गाजीपुर स्थिति मुहम्मदाबाद के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार की कब्र पिता सुभानउल्ला अंसारी व मां बेगम राबिया खातून के पास है। इसी बीच मुख्तार की मौत की जांच भी तेज हो गई है। शनिवार को ही डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एवं एसपी अंकुर अग्रवाल ने जेल का निरीक्षण किया।

गुरुवार रात मुख्तार की बांदा मेडिकल कालेज में हुई मौत के बाद शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव देर रात दो बजे मुहम्मदाबाद पहुंचा। बिहार के बाहुबली शहाबुद्दीन का बेटा ओसामा भी जनाजे में पहुंचा। बेटे उमर ने मुख्तार की मूंछों को आखिरी बार ताव दिया। कब्रिस्तान के पास 3 हजार से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात थे। परिवार के अलावा किसी को कब्रिस्तान में जाने की अनुमति नहीं दी गई। इस पर गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी और सांसद अफजाल अंसारी में बहस भी हुई। मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी, पूर्व विधायक सिबगतुल्लाह अंसारी, मुहम्मदाबाद विधायक भतीजे सुहेब अंसारी, बेटा उमर ने अंतिम विदाई दी। मुख्तार की फरार पत्नी अफसां और कासगंज जेल में बंद अब्बास जनाजे में नहीं आ सके। बांदा में मुख्तार की मौत को लेकर न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच शुरू हो गई है। शनिवार को बांदा जिला जज डा. बब्बू सारंग, डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल, एसपी अंकुर अग्रवाल और एडीजे की टीम मंडल कारागार पहुंची। टीम ने बैरक 16 की 45 मिनट जांच की, जिसमें मुख्तार था। टीम ने सीसीटीवी को परखा।

गाजीपुर में मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान जमा हुए लोग। ● एजेंसी

कैमरों की फुटेज सील

लखनऊ। मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और मजिस्ट्रेट जांच से पहले बैरक और निगरानी में लगे सीसीटीवी के फुटेज सील कर दिए गए हैं। मुख्तार को कौन-कौन सी बीमारियां थीं, कब-कहां और किससे इलाज कराया गया, कौन-कौन सी दवाएं चल रही थीं, इसकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है।

आरोपों की जांच होनी चाहिए : अजय राय

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने मुख्तार अंसारी की मौत प्रकरण में कहा कि आरोपों की जांच की होनी चाहिए। मुख्तार की मौत के दो दिन बाद चुप्पी तोड़ते हुए उन्होंने कहा कि न्यायपालिका ने हमारे साथ न्याय किया था। इसके लिए न्यायपालिका का हमेशा आभारी रहूंगा। उन्होंने कहा कि मौत के बाद किसी पर टिप्पणी करना ठीक नहीं है। उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया के बीच मौत को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि जांच होनी चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के ही बड़े भाई अवधेश राय की हत्या के मामले में अंसारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी।

मायोकार्डियल इंफ्राक्शन मौत की वजह, विसरा सुरक्षित

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उठे सवालों के बीच शनिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आयी। इसमें मुख्तार की मौत की वजह मायोकॉर्डियल इंफ्राक्शन के चलते बताई गई है। चिकित्सीय भाषा में इसे मायोकार्डियल रोधगलन (एमआई) कहते हैं जिसे आमतौर पर दिल का दौरा कहा जाता है। धमनियों में किसी एक हिस्से में रक्त के प्रवाह में कमी या पूर्ण समाप्ति के कारण अचानक मृत्यु हो सकती है। वहीं, स्लो-पॉयजन के दिए जाने के मद्देनजर विसरा भी सुरक्षित रख लिया गया है।

नरसिम्हा राव, चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत मिला भारत रत्न

कर्पूरी ठाकुर और स्वामीनाथन के परिजनों को राष्ट्रपति ने दिया सम्मान

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और चौधरी चरण सिंह, कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन तथा बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर को 'भारत रत्न' मरणोपरांत प्रदान किया। राव, सिंह, ठाकुर और स्वामीनाथन को दिए पुरस्कार उनके परिजनों ने लिए। नरसिम्हा राव का सम्मान उनके पुत्र पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव और कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर ने पुरस्कार ग्रहण किया।

समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आदि उपस्थित रहे। सरकार ने इसके अलावा पूर्व उप प्रधानमंत्री एलके आडवाणी को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। बहुभाषाविद्, राजनेता और विद्वान, पीवी नरसिम्हा राव के प्रधानमंत्री रहने के दौरान देश में आर्थिक सुधारों की शुरुआत हुई थी। वह 1991 से 1996 तक दक्षिणी राज्य से देश के पहले प्रधानमंत्री थे। चौधरी चरण सिंह 28 जुलाई 1979 और 14 जनवरी 1980 के बीच प्रधानमंत्री रहे। कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन का कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा। उन्होंने 1971 में अनाज उत्पादन में देश को आत्म-निर्भर घोषित किया। 'जननायक' के रूप में मशहूर ठाकुर पहले गैर-कांग्रेसी नेता थे जो दिसंबर 1970 से जून 1971 तक और दिसंबर 1977 से अप्रैल 1979 तक दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भारत रत्न प्राप्त करते पीवी प्रभाकर राव, जयंत चौधरी, रामनाथ ठाकुर और नित्याराव। ● एजेंसी

ये किसानों, पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता

नई दिल्ली। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्रियों, कृषि वैज्ञानिक और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को भारत रत्न से सम्मानित करना मोदी सरकार की किसानों, दलितों और पिछड़ों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि देश की चार प्रमुख हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार से सम्मानित करना किसानों, दलितों और पिछड़े लोगों के प्रति नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। महान हस्तियों को सम्मानित करने के फैसले के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

प्रधानमंत्री ने सम्मानित हस्तियों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत रत्न से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव और चौधरी चरण सिंह सहित अन्य दिग्गजों को श्रद्धांजलि दी। मोदी ने 'एक्स' पर कहा, कर्पूरी ठाकुर ने जीवन सामाजिक न्याय को समर्पित किया। चौधरी चरण सिंह ने ग्रामीण विकास में योगदान दिया। नरसिम्हा राव ने आधुनिकीकरण को आगे बढ़ाया और डॉ. स्वामीनाथन के कृषि विज्ञान के क्षेत्र में अद्भुत कार्य किए।

लोकसभा चुनावः भाजपा की आठवीं सूची जारी, सनी देओल की जगह दिनेश लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली। भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपने उम्मीदवारों की आठवीं सूची को जारी कर दिया है। पंजाब की छह, पश्चिम बंगाल की दो और ओडिशा की तीन सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। वहीं पंजाब की गुरदासपुर सीट से सांसद और अभिनेता सनी देओल की जगह दिनेश सिंह चुनाव लड़ेगे। भाजपा ने शनिवार को जिन 11 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, उसमें भर्तृहरि महताब, रवनीत सिंह बिट्टू, सुशील कुमार रिंकू और परनीत कौर के नाम हैं। ये सभी अलग-अलग दलों से भाजपा में शामिल हुए थे। सभी को उन्हीं सीटों से मैदान में उतारा गया है, जिनका वे मौजूदा समय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अमेरिका में पूर्व भारतीय राजदूत तरणजीत सिंह संधू अमृतसर से तो हंसराज हंस फरीदकोट से चुनावी मैदान में है। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत सिंह बिट्टू लुधियाना, पूर्व सीएम अमरिंदर सिंह की पत्नी परनीत कौर पटियाला और सुनील कुमार सिंह रिंकू जालंधर से चुनाव लड़ने की तैयारी करेंगे।

दरोगा ने सांसद की भतीजी की पिटाई कर कपड़े फाड़े, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- सदर विधायक, नगर पालिका चेयरमैन कोतवाली में धरने पर बैठे, हंगामा
- आरोपी दरोगा की पत्नी-बेटी पर भी रिपोर्ट दर्ज, नारकोटिक्स सेल का प्रभारी है दरोगा

अमृत विचारः दरोगा ने पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी से छेड़छाड़, अभद्रता कर कपड़े फाड़ दिए। रिवॉल्वर दिखाकर धमकाया भी। सदर विधायक योगेश वर्मा और पालिकाध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव ने देर रात तक कोतवाली में हंगामा किया और धरने पर बैठ गए। आरोपी दरोगा, उसकी पत्नी व बेटी के विरुद्ध मामला दर्ज कर दरोगा को निलंबित कर दिया गया।

नारकोटिक्स सेल में तैनात दरोगा अभय मिश्रा शहर में पत्नी और बेटी संग रहता है। उसकी पत्नी भी सब इंस्पेक्टर हैं और सदर कोतवाली में हैं। मकान मालिक की पत्नी के अनुसार वह पड़ोसी जिले के सांसद की भतीजी हैं। रात कुछ लोग उनके यहां होली मिलने आए थे। दरोगा अभय मिश्रा नशे में धुत होकर आ गए और पति व उनके साथियों से गाली-गलौज करने लगे। विरोध पर दरोगा ने उनका दुपट्टा खींच लिया और कपड़े फाड़े और मारपीट की। इसी बीच दरोगा की पत्नी व बेटी आ गई। उन्होंने भी मारपीट की।

> आरोपी दरोगा की मेडिकल रिपोर्ट में अल्कोहल की पुष्टि हुई है। पीड़ित महिला को आई चोटों का भी मेडिकल परीक्षण कराया गया है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर दरोगा को निलंबित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर अगली कार्रवाई की जाएगी। - **गणेश प्रसाद साहा**, एसपी

दिल्ली के मंत्री गहलोत ईडी के सामने हुए पेश

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी नीति मामला

- नजफगढ़ से आप विधायक हैं दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री

दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता कैलाश गहलोत आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नजफगढ़ से आप विधायक गहलोत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। कैलाश गहलोत को सुबह साढ़े 11 बजे मध्य दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में प्रवेश करते देखा गया।

सूत्रों ने कहा कि गहलोत पूछताछ के लिए उपस्थित होने और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है। उनसे नीति के निर्माण के संबंध में पूछताछ हो सकती है, क्योंकि वह 2021-22 के लिए शराब नीति की तैयारी और कार्यान्वयन के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पूर्व शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन के समूह का हिस्सा थे।

डंपर से टकराकर पलटी कार चालक, दो छात्रों की मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- दिल्ली स्थित जामिया इस्लामिया में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए परीक्षा दिलाने जा रहे थे 11 छात्र

अमृत विचार : प्रवेश परीक्षा देने दिल्ली जा रहे छात्रों की कार गाजियाबाद में डंपर से टकराकर पलट गई। इस हादसे में अमरोहा के कार चालक और दो छात्रों की मौत हो गई। जबकि आठ छात्र घायल हुए हैं।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय निवासी अनस (22) पुत्र आशिक अली अपनी कार से 11 छात्रों को दिल्ली स्थित जामिया इस्लामिया में छठी कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा दिलाने जा रहा था। जब वह गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में पहुंचा तो यहां दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर खड़े डंपर से टकराकर कार पलट गई। इस बीच साइड में चल रही डीसीएम भी कार से टकराकर पलट गई। हादसे में कार चालक अनस, छात्र उनेश (10) पुत्र रहमान निवासी नूरपुर, जनपद बिजनौर और आजम (12) पुत्र अशरफ निवासी असमोली जिला संभल की मौत हो गई। जबकि कार सवार आठ छात्र, डीसीएम चालक व एक अन्य भी घायल हुए हैं।

यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन पूरा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 36 करोड़ रुपये से अधिक मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क विभाग को होगा चुकाना
- 3.1 करोड़ कॉपियां निधारित अवधि 31 मार्च से पहले ही हो गईं चेक

अमृत विचारः यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन निर्धारित समय 31 मार्च से पहले शनिवार को ही समाप्त हो गया। 16 मार्च से शुरू हुई मूल्यांकन प्रक्रिया 30 मार्च तक चली। जिसमें 3.1 करोड़ कॉपियों को चेक किया गया। इसके साथ ही मूल्यांकन कार्य में लगे 1.50 लाख से अधिक शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि पहली बार 12 कार्य दिवसों में यूपी बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन समाप्त हुआ है। इससे पहले इतने कम समय में कॉपियां कभी नहीं चेक हुई है। उन्होने शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नकलविहीन परीक्षा और सुचितापूर्ण मूल्यांकन तीनों प्रक्रिया में शिक्षकों का अहम योगदान है।

36 करोड़ से अधिक का करना होगा भुगतान

यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा होने के बाद अब विभाग को शिक्षकों को 36 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान करना होगा। मौजूदा व्यवस्था में दसवीं में प्रत्येक कॉपी का 11 रुपये और इंटरमीडिएट में प्रति कॉपी का 13 रुपये मूल्यांकन का पारिश्रमिक शुल्क भुगतान विभाग को भुगतान करना होगा।

सोमवार से शुरू होगी आगे की प्रक्रिया

मूल्यांकन समाप्ति के बाद अब सोमवार को बोर्ड परीक्षा के परिणाम को लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। परीक्षा परिणाम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो पाए इसको विशेष ध्यान में रखते हुए परिणाम की घोषणा की जायेगी। संभवत: अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में परिणाम जारी हो जायेगा।

रमजान मुबारक

31 मार्च, इफ्तार
सुन्नी- 6 बजकर 35 मिनट
शिया- 6 बजकर 43 मिनट

1 अप्रैल सहरी
सुन्नी- 4 बजकर 27 मिनट
शिया- 4 बजकर 34 मिनट

नोट- क्षेत्रानुसार सहरी और इफ्तार के समय में परिवर्तन हो सकता है।

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞ हाईवे स्थित दयावती मोदी एकेडमी में कर्मचारियों का प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे।

☞ भाकियू की पंचायत विकास भवन के निकट स्थित कार्यालय पर दोपहर 12:30 बजे।

एक नजर

हादसे में रोडवेज बस चालक के खिलाफ रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : गांव मिलक गुलाम अली निवासी नैपाल सिंह के मुताबिक उसका बेटा रवि 24 मार्च की दोपहर बिलारी से लौट रहा था। रास्ते में शाहबाद की ईदगाह से पहले कच्चे रास्ते पर बाइक खड़ी कर वह मोबाइल फोन पर बात कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच रोडवेज की बस ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इसमें रवि घायल हो गया। लोगों की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया। हालत नाजुक होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन उसे मुरादाबाद के अस्पताल ले गए, जहां उसका अभी भी इलाज चल रहा है। उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने रोडवेज बस के अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सपा और बसपा का गलियारा पार करते हुए भाजपा के टिकट पर दूसरी बार सांसद का चुनाव लड़ रहे घनश्याम सिंह लोधी

अजब संयोग : भाजपा प्रत्याशी के मुकाबले में इस बार चुनाव में सभी नए चेहरे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: पूर्व मंत्री आजम खां के करीबी रहे घनश्याम सिंह लोधी का 2016 में हुए एमएलसी चुनाव के लिए हेलीकाप्टर से सिंबल आया था। इस पर उन्होंने जीत दर्ज की थी। सपा और बसपा का गलियारा पार करते हुए सांसद घनश्याम सिंह लोधी भाजपा के टिकट पर दोबारा चुनावी दंगल में ताल ठोंक रहे हैं। इससे पहले आजम खां के लोकसभा सीट से इस्तीफा देने के बाद रामपुर में 2022 में लोकसभा उप चुनाव में लोधी ने जीत दर्ज की थी। पार्टी ने उन पर भरोसा जताते हुए एक बार फिर चुनाव मैदान में उतारा है। हालांकि, भाजपा प्रत्याशी की राह मुश्किल नहीं है, क्योंकि मुकाबले में सभी नये चेहरे हैं। नवाब परिवार और आजम खां का परिवार लोकसभा चुनाव से दूर हैं।

लोकसभा सीट से 2019 में समाजवादी पार्टी से आजम खां सांसद चुने गए थे। आजम 2022 में सीतापुर जेल से विधानसभा चुनाव लड़े और जीत हासिल की। इसके बाद उन्होंने लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और लोकसभा उप चुनाव के लिए 23 जून को मतदान हुआ। भाजपा प्रत्याशी ने सपा प्रत्याशी आसिम राजा को करीब 42,000 से ज्यादा वोटों से करारी शिकस्त दी। 2016 में हुए एमएलसी चुनाव के लिए घनश्याम सिंह लोधी के लिए लखनऊ से हेलीकाप्टर से सपा का टिकट आया था। हालांकि, घनश्याम सिंह लोधी की राजनीति भारतीय जनता पार्टी से ही शुरू हुई थी। तब वह उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के काफी करीबी थे। वह भाजपा के जिलाध्यक्ष भी रहे। 1999 में वह भाजपा छोड़कर बसपा में शामिल हो गए और लोकसभा चुनाव भी लड़ा, लेकिन जीत नहीं पाए और तीसरे पायदान पर रहे थे। जब कल्याण सिंह ने भाजपा छोड़कर राष्ट्रीय क्रांति पार्टी बनाई तो घनश्याम लोधी भी इसमें शामिल हो गए। वर्ष 2004 में घनश्याम लोधी को इसका इनाम मिला। राष्ट्रीय क्रांति पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके घनश्याम को बरेली-रामपुर एमएलसी सीट से अपना प्रत्याशी बनाया और वह चुनाव जीत गए। 2009 के लोकसभा चुनाव में घनश्याम सिंह लोधी ने फिर से बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम लिया। बसपा ने उन्हें रामपुर से उम्मीदवार भी बनाया, लेकिन वह जीत नहीं पाए। तब समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी जयाप्रदा ने जीत हासिल की थी। चुनाव में मिली हार के बाद 2011 में घनश्याम सिंह लोधी फिर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए और पार्टी के पक्ष में खूब माहौल बनाया। इसके बाद 2014 के लोकसभा चुनाव और फिर 2019 के लोकसभा चुनाव में भी उन्होंने सपा के लिए प्रचार किया। घनश्याम को आजम खां का काफी करीबी माना जाता था। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले घनश्याम सिंह लोधी ने समाजवादी पार्टी का दामन छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी ने उन्हें 2022 में हुए उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया। इसमें उन्होंने जीत दर्ज की। अब एक बार फिर 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने घनश्याम सिंह लोधी पर भरोसा जताया है।

घनश्याम सिंह लोधी

आजम खां

जीशान खां

मोहिबुल्लाह नदवी

▸▸ नवाब और आजम खां परिवार लोकसभा के चुनाव से दूर

नए प्रत्याशियों के लिए 17,25,944 मतदाताओं तक पहुंचना बड़ी चुनौती

भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के समक्ष सपा से मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खां हैं। इनके अलावा दो निर्दलीय एक माइनोरिटीज डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रत्याशी हैं। मजेदार बात यह है कि राजनीति के इस धुरंधर खिलाड़ी के सामने सपा और बसपा ने नए चेहरे उतारे हैं। सपा प्रत्याशी का चेहरा तो 28 मार्च को ही साफ हुआ है। क्योंकि सपा के टिकट पर दो प्रत्याशियों ने नामांकन करा दिया था। आजम के करीबी आसिम राजा का नामांकन खारिज हो गया था। क्योंकि उनके पास पार्टी सिंबल नहीं था। 19 अप्रैल को मतदान होना है और इन 19 दिन में नए प्रत्याशियों को जिले में 17,25,944 मतदाताओं तक पहुंचने की बड़ी चुनौती है।

चालान जमा करने को खुली रहेगी स्टेट बैंक

रामपुर, अमृत विचार : वित्तीय वर्ष पूरा होने की स्थिति को देखते हुए रविवार को अवकाश के चलते सरकारी कार्यालय खुले रहेंगे। ऐसे में विभागों के जो कार्य पैडिंग हैं, उन्हें निपटाने के लिए सिर्फ आज ही का दिन शेष है।

रविवार को जिला अस्पताल, नवाबगेट डिवीजन, ट्रेजरी, समाज कल्याण विभाग, नहर खंड, नगर पालिका परिषद समेत तमाम कार्यालय खुले रहेंगे। नवाब गेट स्थित स्टेट बैंक आफ इंडिया की मुख्य शाखा के मुख्य प्रबंधक देवेश मित्रा ने बताया कि बैंक परिसर में सिर्फ सरकारी चालान, कर जमा होंगे। इसके अलावा आम ग्राहकों के लिए कोई सूचना नहीं है। उन्होंने अपील की है कि सरकारी चालान व अग्रिम कर जमा करें। उन्होंने बताया कि ग्राहक को बैंकिंग सेवाओं के बारे में भी जानकारी देने के लिए मैन गेट पर कर्मचारी की तैनाती की गई।

किसी भी प्रत्याशी ने वापस नहीं लिया पर्चा

लोकसभा चुनाव में दो निर्दलीय सहित छह प्रत्याशी ठोंक रहे ताल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : शनिवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित कर दिए गए हैं। लोसभा चुनाव में दो निर्दलियों समेत छह प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं। प्रत्याशियों को कमल, साइकिल, हाथी, क्रेन, बल्ला और रबर की मुहर चुनाव चिह्न दिए गए हैं।

लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमाने के लिए 22 से 27 मार्च तक 18 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। गुरुवार को सपा प्रत्याशी आसिम राजा सहित 12 प्रत्याशियों के पर्चे खारिज हो गए थे। शनिवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। इस तरह अब भाजपा, सपा, बसपा और निर्दलीय सहित छह प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा होने के बाद सबसे पहले भाजपा के सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने नामांकन कराया था। उसके बाद आखिरी दिन सपा से आजम खां के करीबी आसिम राजा के अलावा सपा से ही मोहिबुल्लाह नदवी और बसपा से जीशान खां सहित 18 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। गुरुवार को जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने सभी प्रत्याशियों के नामांकन पत्र चेक किए थे।

सपा से आसिम राजा सहित 12 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों को त्रुटियों के चलते खारिज कर दिया गया था। अब चुनाव मैदान में छह प्रत्याशी रह गए थे। शनिवार को किसी भी प्रत्याशी ने अपना नाम वापस नहीं लिया। निर्दलीय प्रत्याशी शिव प्रसाद को बल्ला और महमूद प्राचा को रबर की मोहर का चुनाव चिह्न दिया गया है।

नामांकन वापसी के अंतिम दिन फैमिली चौराहे पर तैनात पुलिस। ● अमृत विचार

प्रत्याशी	पार्टी	चुनाव चिह्न
घनश्याम सिंह लोधी	भाजपा	कमल का फूल
जीशान	बसपा	हाथी
मोहिबुल्लाह	सपा	साइकिल
अरशद वारसी	माइनोरिटीज डेमोक्रेटिक	क्रेन
शिव प्रसाद	निर्दलीय	बल्ला
महमूद प्राचा	निर्दलीय	रबर की मुहर

चुनाव में किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र वापस नहीं लिया है। लोकसभा चुनाव में छह प्रत्याशी हैं। इनमें दो निर्दलीय और चार राजनैतिक दलों के चिह्न पर चुनाव लड़ रहे हैं।
-जोगिन्दर सिंह
जिला निर्वाचन अधिकारी

प्रत्याशी बिना अनुमति न करें जनसभा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सामान्य प्रेक्षक धनराजू एस ने कहा कि निर्वाचन आयोग के स्तर से पूरी निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकी से मॉनिटरिंग होती है। प्रथम रेंडमाइजेशन सहित विभिन्न प्रक्रियाओं के दौरान प्रत्याशियों को उपस्थित रहने के लिए पूर्व में ही सूचना दी जाएगी। ताकि पारदर्शी व्यवस्था के साथ प्रत्येक चरण की प्रक्रिया संपन्न हो सके।

लोकसभा चुनाव के तहत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले में तैनात किए गए सामान्य प्रेक्षक धनराजू एस व व्यय प्रेक्षक सचिन धानिया ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्याशियों और उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। प्रत्याशियों को चुनाव प्रचार के दौरान आदर्श आचार संहिता का पालन करने और खर्च का विवरण व्यवस्थित रखने के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। चुनाव प्रचार के अंतर्गत जनसभा, रैली अथवा वाहन के लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अनुमति दी जाएगी। प्रत्याशी बिना अनुमति के कोई भी जनसभा, रैली आदि न करें। यह आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। यदि किसी व्यक्ति को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला संज्ञान में आता है तो वह सी विजिल ऐप पर शिकायत दर्ज कर सकता है।

प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों की बैठक लेते प्रेक्षक धनराजू एस। ● अमृत विचार

▸▸ सामान्य प्रेक्षक ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

व्यय प्रेक्षक ने कहा कि प्रत्याशी चुनाव खर्च का विवरण पूरी तरह व्यवस्थित रखें। ताकि निर्धारित तिथियों में रजिस्टर के अवलोकन के दौरान किसी प्रकार की कमी न रहे।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के अलावा उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, एएसपी अतुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

नागरिकों को बताया वोट का महत्व

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को एनएसएस शिविर में प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने स्वयं सेविकाओं को लोकसभा चुनाव में वोट डालने एवं लोगों को वोट के महत्व के विषय में जागरूक करते हुए प्रेरित किया। उसके बाद महाविद्यालय से मतदाता जागरूकता रैली का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा एक दिवसीय सामान्य शिविर के चतुर्थ शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद कासिम व डॉ.प्रीति लता के निर्देशन में किया गया। इसमें मतदाता जागरुकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन भी किया गया। स्वयं सेविकाओं ने क्षेत्रवासियों को विभिन्न स्लोगन, पोस्टर के माध्यम से कहा कि उम्र 18 पूरी है, मत देना बहुत जरूरी है।

राष्ट्रीय सेवा कार्यक्रम अधिकारी डॉ.प्रीति लता ने कहा कि मतदान महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। दूसरे कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मोहम्मद कासिम ने कहा कि मतदान नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अवसर देता है। महाविद्यालय के मतदाता स्वीप कार्यक्रम अधिकारी डॉ.गोविंद शरण ने कहा कि मतदान अपनी सरकार के साथ जुड़ने का तरीका है। कार्यक्रम में मेघा ठाकुर, राहेमिन, फातिमा, विजेता, गुलबहार, महवश, अरिबा लतीफ, नेहा अकरम आदि स्वंयसेविकाओं ने गोष्ठी में विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर डॉ. मनोरमा चौहान और डॉ. प्रीति बाला आदि मौजूद रहे।

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं। ● अमृत विचार

एनवाईके जागरूक मतदाता वर्ग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : जिला युवा अधिकारी माहे आलम ने कहा कि नेहरु युवा केंद्र (एनवाईके) जागरूक मतदाता वर्ग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अभियान ने हर मतदाता, खासकर युवाओं और हाशिए के समुदायों के लोगों को सशक्त बनाया है। ताकि वह अपनी आवाज बुलंद कर सकें।

लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को होने वाले चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देने के लिए नेहरू युवा केंद्र द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का लक्ष्य युवाओं और वंचित वर्गों के मतदाताओं को सशक्त बनाना है। ताकि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक हों। इस बहुआयामी अभियान में निर्वाचक नामावली का सत्यापन करने, मतदान प्रक्रिया को समझने में मदद करने और मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों सहित सभी मतदाताओं के लिए सुगम मतदान को बढ़ावा देने जैसे कार्य किये जा रहे हैं। नेहरू युवा केंद्र के स्वयं सेवक सभी मतदान केंद्रों पर सक्रिय रूप से मौजूद रह कर जनमानस के साथ बातचीत कर निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी का प्रसार कर रहे हैं। जिले के समस्त ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में धर्मगुरुओं, महिलाओं, दिव्यांगों और बुजुर्ग मतदाताओं ने भाग लिया। जनता को मतदान के महत्व के बारे में प्रेरित किया गया। 19 अप्रैल को मतदान करने की अपील की तथा सभी ने मतदान के लिए प्रेरित करने वाले विशेष संदेश भी शामिल किये। सभी मतदाता आइकॉन ने लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए प्रेरणादायक संदेश दिए। धर्मगुरुओं ने नागरिक कर्तव्य के रूप में मतदान के महत्व पर बल दिया। महिला आइकॉन ने महिलाओं की भागीदारी को प्रेरित किया। दिव्यांग आइकॉन ने सुलभ मतदान केंद्रों और समावेशी मतदान अनुभवों की वकालत की।

वरिष्ठ नागरिकों ने भविष्य को आकार देने में उनके निरंतर सहयोग के महत्व को रेखांकित किया। बताया कि एनवाईके रामपुर का स्वीप अभियान सफलतापूर्वक जारी है। युवाओं को सशक्त बनाने तथा लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए संगठन के समर्पण का एक स्थायी प्रमाण है। कार्यक्रम में नेहरु युवा केन्द्र के स्वयं सेवक भी उपस्थित रहे।

मतदाता जागरुकता रैली निकालते युवा। ● अमृत विचार

▸▸ धर्मगुरुओं ने नागरिक कर्तव्य के रूप में मतदान के महत्व पर दिया जोर

▸▸ मतदान केंद्रों पर लोगों से बातचीत कर वोट की महत्ता बता रहे युवा

लोकसभा चुनाव अधिसूचना जारी होते ही वाहन स्वामियों की बनाई गई सूची

3000 से अधिक वाहनों के अधिग्रहण की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की तिथि की घोषणा के बाद प्रशासन ने भी तैयारियां शुरू कर दी हैं। मतदान के लिए परिवहन विभाग ने वाहनों के अधिग्रहण की तैयारियां शुरू कर दी हैं। जिले में 3000 हजार वाहनों को चिह्नित किया जा रहा है। इनमें 700 छोटे व 1000 बड़े वाहनों के अलावा अन्य वाहन भी शामिल होंगे। इनके वाहन स्वामियों को जल्द ही नोटिस भेजा जाएगा। इसके लिए वाहन स्वामियों की सूची बनाई गई है।

उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल को मतदान है। इस कड़ी में 22 से 27 मार्च तक 18 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। 28 मार्च को जिलाधिकारी ने 12 प्रत्याशियों का पर्चा खारिज कर दिया था। अब मैदान में छह प्रत्याशी ही रह गए हैं। मतदान करीब आते ही प्रशासनिक अधिकारी भी सक्रिय हो गए हैं। लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसके अलावा चुनाव में वाहनों की आवश्यकता भी पड़ती है। चुनाव में करीब 3000 वाहन लगेंगे। इसके लिए परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों की सूची तैयार कर ली है। अब इन वाहन स्वामियों को जल्द ही नोटिस भेजे जाएंगे।

टैक्सी स्टैंड पर खड़ी कारें। ● अमृत विचार

परिवहन विभाग लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के पहले ही अपनी तैयारियों में लगा है। जिले में 3000 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों की आवश्यकता होगी। इन्हें चिह्नित किया जा रहा है। कुछ वाहनों को रिजर्व में भी रखा जाएगा।
-राजेश श्रीवास्तव, एआरटीओ

पुलिसकर्मी तामील कराएंगे नोटिस

परिवहन विभाग द्वारा लगातार छोटे व बड़े वाहनों की सूची तैयार करके अधिकारियों को जानकारी दी जा रही है। करीब तीन हजार वाहन स्वामियों की सूची पुलिस अधीक्षक को उपलब्ध कर दी गई है। ताकि थाना प्रभारी अपने क्षेत्र में के वाहन स्वामियों को नोटिस भेज दें और समय से वाहनों को कलेक्ट्रेट में खड़ा कराया जा सके। इसमें पोलिंग पार्टी को बूथों तक पहुंचाने और बाहर से आने वाले अर्धसैनिक बलों के लिए बसों की आवश्यकता होगी। सेक्टर मजिस्ट्रेट, निगरानी टीम, सेक्टर पुलिस अधिकारी व अन्य सुरक्षा बलों के लिए छोटे वाहनों की जरूरत होगी।

बिलासपुर में फिर शुरू हुआ ग्राम न्यायालय

बिलासपुर, अमृत विचार : करीब छह माह से सूने चल रहे ग्राम न्यायालय में अब फिर से रौनक लौट आई है। न्यायिक कार्य प्रारंभ हो गए हैं। उच्च न्यायालय की अधिसूचना के क्रम में जनपद न्यायाधीश ने न्यायाधिकारी व दो अन्य कर्मियों की नियुक्ति भी कर दी है।

ग्रामीण क्षेत्रों में सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तहसील परिसर में ग्राम न्यायालय स्थापित किया गया था। लेकिन लगभग छह माह पूर्व यहां नियुक्त न्यायाधीश का स्थानांतरण हो गया था। बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव दीपांकर बैरागी ने बताया कि वह न्यायालय को पुनः प्रारंभ करने की मांग कर रहे थे। अब यहां स्थानांतरित होकर आईं न्यायाधिकारी बिंदु यादव ने कार्यभार संभाल लिया है। इससे वादकारियों की परेशानियां दूर होंगी तथा अधिवक्ताओं को भी पुनः काम मिल सकेगा।

पर्यवेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पर्यवेक्षक सामान्य ने एक दर्जन से अधिक मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इसके अलावा उत्तराखंड बार्डर पर बैरियर को चेक कर एसडीएम को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

लोकसभा चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है। इसके चलते पुलिस-प्रशासन ने भी अपनी तैयारी पूर्ण कर ली हैं। प्रशासन चुनाव में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं चाहता है। बूथों का निरीक्षण करने के साथ ही साफ-सफाई, बिजली, पानी आदि का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। पुलिस भी लगातार कार्रवाई कर रही है।

शनिवार को सामान्य पर्यवेक्षक धनाराजू एस व एसडीएम अवनीश कुमार ने फरीदपुर रसूलपुर, समोदिया, धनौरी, नगर पंचायत नरपतनगर, विजारखाता, खौदकलां, अलीनगर जागीर, मोतीपुरा, रहमतगंज समेत लगभग एक दर्जन से अधिक बूथों का निरीक्षण कर गुणवत्ता को परखा। यूपी व उत्तराखंड वार्डर पर बैरियर को चेक किया।

इस दौरान कोतवाल संदीप त्यागी, उड़नदस्ता प्रभारी शिवशंकर, कानूनगो जहीन आलम खां समेत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते पर्यवेक्षक सामान्य धनाराजू एस। ● अमृत विचार

▸▸ साफ-सफाई, बिजली, पानी का ध्यान रखने के दिए निर्देश

▸▸ यूपी व उत्तराखंड वार्डर पर बैरियर को भी किया चेक

एक नजर

डूंगरपुर के एक मामले में चार अप्रैल को होगी सुनवाई

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में पत्रावली अंतिम बहस में लगी हुई थी। इस पर शनिवार को बहस नहीं हो सकी। अब इस मामले में चार अप्रैल को सुनवाई होगी। सपा शासन में डूंगरपुर बस्ती को खाली कराया गया था। इसमें वहां के लोगों ने 12 मुकदमे 2019 में दर्ज कराए थे। इनमें आरोप लगाया था कि सपा नेता आजम खां के इशारे पर बस्ती में सपाई घुस आए थे और उनके घरों को बुलडोजर से गिरा दिया था। मारपीट और लूटपाट भी की गई थी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए (सेशन ट्रायल) कोर्ट में चल रही है। शनिवार को इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। अब चार अप्रैल को सुनवाई होगी।

श्मशान घाट पर कब्जे की डीएम से शिकायत

रामपुर, अमृत विचार : चपटा कालोनी बमनपुरी निवासी अमरपाल ने जिलाधिकारी को दिए पत्र में कहा है कि वार्ड पांच में बमनपुरी में श्मशान घाट है। इसमें शहर के कई मोहल्लों के लोग मृतकों का अंतिम संस्कार करने आते हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि डल्लू खां ने कब्जा करके दीवार बना दी है। इससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग की है कि श्मशान घाट का रास्ता खुलवाया जाए।

दहेज के लिए महिला को मौत के घाट उतारा

पति सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/केमरी

अमृत विचार : दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुरालियों ने महिला को मौत के घाट उतार दिया। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव बलखेड़ा निवासी प्रेम सिंह का कहना है कि उसने अपनी बेटी कविता (25) का विवाह छह साल पहले केमरी थाना क्षेत्र के मुबारकपुर निवासी सोनू से किया था। सोनू मजदूरी करता है। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी नहीं होने पर कविता के साथ आए दिन मारपीट करते थे। पिता का कहना है कि शनिवार की सुबह करीब 10 बजे ससुरालियों ने उनकी बेटी को मारा डाला। जानकारी मिलने के बाद मायके वाले मौके पर पहुंच गए और शव को देख बुरी तरह बिलखने लगे। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सोनू, जेठ जितेंद्र, सुसर नन्हें, सास केशरवती के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही महिला की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद मृतका के घर के बाहर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

> महिला की मौत हो गई। परिजनों ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है। इसके आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
>
> -सतेंद्र कुमार, प्रभारी थाना केमरी

मां की मौत से अनजान कविता की बेटी विधि।

तीन वर्षीया विधि से छिना मां का आंचल

कविता अपनी तीन साल की बेटी विधि को बड़े प्यार से पाल रही थी। ताकि वह बड़ी होकर उसका नाम रोशन कर सके। लेकिन उसकी ससुराल वाले कम दहेज लाने का ताना देकर उसको परेशान करते थे। इस दौरान कई बार पति-पत्नी के बीच झगड़ा भी हो जाता था। मायके वालों का आरोप है कि शनिवार को ससुरालियों ने कविता को मार दिया। अब उसकी तीन साल की बच्ची विधि का कौन ध्यान रखेगा।

काफी देर हुई पंचायत

कविता की मौत के बाद किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो सके इसे लेकर ससुराल और मायके वालों के बीच शनिवार को अपराह्न करीब दो बजे तक पंचायत होती रही। इसके बाद बावजूद कोई नतीजा नहीं निकल सका।

पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मिलक, अमृत विचार : पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

20 मार्च को कूप गांव में संदिग्ध हालत में हुई महिला की मौत के मामले में मृतका के पिता प्रेमशंकर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि चार वर्ष पूर्व उसने अपनी पुत्री की शादी दुगनपाल निवासी ग्राम कूप के साथ की थी। शादी के बाद दुगनपाल व उसके परिवार वाले दहेज में एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। रुपये न देने के कारण आरोपी उसकी पुत्री के साथ मारपीट करते थे। उसकी पुत्री ने फोन पर बताया था कि ससुराल वाले उसे मारने की साजिश रच रहे हैं, उसे आकर ले जाएं। पूर्वाह्न 11 बजे कूप गांव पहुंचने से पहले आरोपियों ने उसकी पुत्री बबली की गला दबाकर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतका के पति दुगनपाल, ससुर पप्पू, सास सोमवती, जेठ धर्मपाल, देवर नरेश व राहुल के खिलाफ मामला दर्ज किया था। शनिवार को पुलिस ने मृतका के पति दुगनपाल को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

मिलक में रैली निकालते अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निकाली रैली

संवाददाता, मिलक

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तहसील प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों ने लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जागरुकता रैली निकाली।

शनिवार को एसडीएम राजेश कुमार के नेतृत्व में खंड विकास कार्यालय के कर्मचारी, सफाई कर्मचारी व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने ब्लॉक परिसर से मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई खण्ड विकास कार्यालय में संपन्न हुई। इस दौरान कर्मचारियों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियों एवं नारों के माध्यम से मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक किया।

रैली में खंड विकास अधिकारी धीरेन्द्रपाल सिंह चौहान, एडीओ पंचायत जगरूप सिंह, सीडीपीओ संध्या गंगवार, ग्राम पंचायत सचिव राजेन्द्र, अजेंद्र पाल, प्रवेश कुमार, पवन सागर, मनोज कुमार, गौरव मौर्य, मुकेश शर्मा सहित सभी ग्राम सचिव, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री आदि शामिल रहे।

हादसे में महिला की मौत, दो लोग घायल

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : शनिवार की दोपहर सीकमपुर चौराहे पर दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में महिला की मौके पर मौत हो गई। जबकि दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

क्षेत्र के ग्राम लांबाखेड़ा निवासी बनवारी अपने पंखे की मरम्मत कराने सीकमपुर आ रहा था। टांडा की ओर से ब्लेन्द्र सिंह अपनी बहन प्रभा देवी को बाइक बैठाकर एक रिश्तेदार के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहा था। सीकमपुर चौराहे पर दोनों बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इसमें प्रभा देवी (50) पत्नी गंगाराम निवासी ग्राम वीरपुर थाना भगतपुर-टांडा जिला मुरादाबाद की मौके पर ही मौत हो गई। बनवारी और ब्लेन्द्र सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर आसपास के दुकानदार इकट्ठा हो गए। एंबुलेंस से उन्हें सीएचसी लाया गया। चिकित्सकों ने प्रभा देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए जिला मुख्यालय रेफर कर दिया। सूचना पर मृतका के परिजन भी रोते-बिलखते अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने बताया कि प्रभा देवी के छह बच्चे हैं। दो लड़कियों की शादी हो चुकी है जबकि चार अविवाहित हैं।

अस्पताल में रोते-बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

धांधली के आरोपों से घिरी शिक्षक भर्ती चयन सूची पर बैठी जांच

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार : आरक्षण में नौकरी कर रहे अभ्यर्थियों को अनारक्षित सीट देने का आरोप में घिरी 12460 शिक्षक भर्ती चयन सूची पर जांच बैठ गई है। मामले में डीएम ने सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की शिकायत पर सीडीओ को जांच सौंपी है।

वर्ष 2016 में आई बेसिक शिक्षा विभाग की यह भर्ती सात साल कोर्ट में लटकी रही। हाईकोर्ट की डबल बेंच के आदेश के बाद हाल ही में यह भर्ती शुरू हुई। इसकी दूसरी काउंसलिंग पांच जनवरी को कराई गई थी। छह जनवरी को बीएसए ने चयन सूची जारी कर दी थी। इसमें चयन न पाने वाले सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों का आरोप है कि चयन सूची में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों को अनुचित लाभ पहुंचाने के लिए धांधली की थी। मसलन, एक आरक्षित पद पर दो अभ्यर्थियों को लाभ दिया गया।

इससे सामान्य वर्ग के काफी अभ्यर्थी बाहर हो गए। अभ्यर्थियों ने डीएम को साक्ष्य के तौर पर दूसरे जिलों के विभागीय अधिकारियों के जवाबी पत्र पेश किए। इसमें दूसरों जनपदों में इस प्रक्रिया को अपनाने से इनकार किया गया है। शिकायतकर्ता पुनीत भारद्वाज, चमन चौहान, अकील अहमद, पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि वह इस प्रकरण को लेकर डायट प्राचार्य और बीएसए से भी मिले। उनसे गलती सुधारने का आग्रह किया है।

सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों की शिकायत पर सीडीओ को सौंपी गई है जांच

पत्नी का हत्यारोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार: गृह कलह में पत्नी की गमछे से गला घोंटकर हत्या करने के आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त गमछा भी बरामद कर लिया है। इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया।

मिलकखानम थाना क्षेत्र के गांव नानकार रैन निवासी चरणजीत कौर की शादी लगभग 20 वर्ष पूर्व भगवंतनगर निवासी अमरीक सिंह शेरा के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति-पत्नी में अनबन रहने लगी। दोनों में क्लेश बढ़ता ही चला गया। परिजनों एवं रिश्तेदारों ने भी दंपती को काफी समझाया लेकिन बात नहीं बनी। गुरुवार की रात अमरीक सिंह ने 45 वर्षीया चरणजीत कौर की गमछे से गला घोंटकर हत्या दी और फरार हो गया। सूचना पर मृतका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए थे। कोतवाल संदीप त्यागी ने महिला के परिजनों को किसी तरह समझा-बुझाकर शांत कराया था। मृतका के चचेरे भाई सुखदेव सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अमरीक सिंह शेरा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार की सुबह मुखबिर ने कोतवाल संदीप त्यागी को सूचना दी कि पत्नी का हत्यारोपी गांव भगवंतनगर के चौराहे पर सवारी के इंतजार में खड़ा है।

इस पर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त गमछा भी बरामद कर लिया है। कोतवाल ने बताया कि हत्यारोपी को जेल भेज दिया गया है।

पुलिस की गिरफ्त में पत्नी का हत्यारोपी। ● अमृत विचार

जिम में युवक की हालत बिगड़ी उपचार के दौरान तोड़ दिया दम

संवाददाता, शाहबाद

राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव का तहेरा भाई था सुदेश

अमृत विचार : पटवाई थाना क्षेत्र के गांव भंवरका निवासी युवक की रामपुर की जिम में व्यायाम करते समय हालत बिगड़ गई। निजी अस्पताल से रेफर करने के बाद परिजनों ने मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। शनिवार को परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया।

गांव भंवरका निवासी सुदेश यादव (24) राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव का तहेरा भाई था। वह अपने भाई के साथ शहर में रहकर कौशल विकास केंद्र में नौकरी कर रहा था। रोजाना की तरह वह अपने भाई के साथ जिम में व्यायाम करने पहुंचे। इस दौरान अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। आनन-फानन में सुनील यादव ने साथियों की सहायता से सुदेश को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सक ने हालत नाजुक होने पर रेफर कर दिया। इस पर परिजन उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने बताया कि सुदेश के दिमाग की नस फट चुकी है। शनिवार की सुबह उसका ऑपरेशन होना था, लेकिन उससे पहले ही सुदेश ने दम तोड़ दिया। परिजनों की ओर से कोई भी पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है।

एसडीएम ने उत्तराखंड बॉर्डर का किया निरीक्षण

मसवासी, अमृत विचार : स्वार एसडीएम ने पुलिस एवं अन्य कर्मियों को साथ लेकर उत्तराखंड बॉर्डर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बार्डर पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि उत्तराखंड से यूपी की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों की अच्छी तरह तलाशी ली जाये।

आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस जगह-जगह वाहनों की तलाशी ले रही है। शनिवार को प्रेक्षक के साथ उत्तराखंड राज्य से सटे शिकारपुर गांव में बने चेकपोस्ट पर स्वार एसडीएम अवनीश कुमार ने औचक निरीक्षण किया और संबंधितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपत्तिजनक वस्तुओं की बारीकी से जांचोपरांत ही वाहनों को रवाना किया जाये। हिदायत भी दी कि यदि लापरवाही बरती गई तो कार्रवाई की जायेगी।

सामूहिक दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

पुलिस की गिरफ्त में सामूहिक दुष्कर्म का आरोपी। ● अमृत विचार

अमृत विचार : युवती से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया। जबकि भांजी से सामूहिक दुष्कर्म करने में जिला पंचायत सदस्य सहित अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

शहजादनगर थाना में 21 मार्च को एक युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका कहना था कि वह तीन वर्ष से मुंबई में रहकर फैशन डिजाइनर और मेकअप आर्टिस्ट का काम करती है। परिवार में मेरी मां और जुड़वा बहन है। पिता की मौत 2012 में हो चुकी है। वह मुरादाबाद में रहने वाले मामा के घर रहकर बड़ी हुई है। नाना व मामा के नाम पर करीब 350 बीघा जमीन है। दोनों की मौत हो जाने के बाद इस जमीन की वारिस उसकी मां है। इस जमीन पर मां के चचेरे भाई जिला पंचायत सदस्य इम्तियाज हुसैन चिंटू, इरफान हुसैन, अफसार हुसैन व असरार हुसैन की नजर है। इसी के चलते 14 साल से इन लोगों ने उसकी मां को बंधक बना रखा था। नौ माह पहले वह अपनी मां को छुड़ाकर ले गई थी। पीड़िता जमीन के कागजात और सबूत एकत्र करने के लिए 29 फरवरी को घर आई थी। उसने मस्जिद के मौलाना की वीडियो बनाई थी। इसके बाद नौ दिन पहले दबका गांव आई थी। कागजात कचहरी से निकलवाए थे। आरोपियों को यह काफी बुरा लगा था। 13 मार्च को आरोपी उसे कार में डालकर अपने घर चमरौआ ले गए थे। यहां उसके साथ मारपीट की और हाथ-पैर बांधकर चारों ने दुष्कर्म किया था। उसके बाद कुछ अन्य लोग भी आ गए थे। इन लोगों ने दो दिन तक दुष्कर्म किया था। इसके बाद दिल्ली जाने वाली ट्रेन में बैठा दिया था।

पीड़िता ने दिल्ली में तहरीर दी थी। इसके आधार पर दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज करके 21 मार्च को शहजादनगर थाने भेज दिया था। इसमें चचेरे मामा इम्तियाज हुसैन, इरफान हुसैन, अफसार हुसैन, असरार हुसैन, इनके अलावा मौलाना लतीफ, इरफान हाजी, आसिफ बंडा, जाकिर और चार लड़के अज्ञात को नामजद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने आसिफ बंडा को गिरफ्तार कर लिया है।

सार संक्षेप

विजयी छात्रों को पुरस्कार देते पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

पालिकाध्यक्ष ने मेधावियों को किया पुरस्कृत

बिलासपुर, अमृत विचार : डाम कॉलोनी स्थित ब्रह्मदत्त सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह हुआ। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल व अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पार्चन किया। सांस्कृतिक शुभारंभ के पश्चात परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने संस्थान की प्रगति तथा शैक्षिक विकास की आख्या प्रस्तुत की। संचालन अशर्फी लाल ने किया। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष पुरुषोत्तम गोयल, उपाध्यक्ष रवि गोयल, सत्यपाल जिंदल, प्रदीप मित्तल, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं व शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

डेढ़ वर्षीय बच्ची की पानी से भरी बाल्टी में गिरकर मौत

मसवासी, अमृत विचार : डेढ़ वर्षीय की बच्ची की पानी से भरी बाल्टी में गिरकर मौत हो गई। बालिका की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। मोहल्ला धीमरखेड़ा निवासी सरदार शीकू सिंह के बरामदे में पानी से भरी बाल्टी रखी थी। शीकू की डेढ़ वर्षीया बेटी शिवानी बच्चों के साथ खेल रही थी। अचानक शिवानी मुंह के बल बाल्टी में गिर गई। बच्चों ने चीख-पुकार मचाई। तब मौके पर पहुंचे परिजनों ने शिवानी को बाल्टी से बाहर निकाला। आनन-फानन में परिजन उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

यातायात व्यवस्था को लेकर सख्त हुए सीओ

बिलासपुर, अमृत विचार : यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने को लेकर सीओ ने नागरिकों से अपने वाहनों को अनावश्यक रूप से खड़ा न करने, मियाद पूर्ण कर चुके वाहनों का इस्तेमाल न करने और नाबालिगों को वाहन न चलाने देने का आग्रह किया। शनिवार को क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने कहा कि पुलिस-प्रशासन नगर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से रखने को लेकर कार्रवाई अभियान चलाएगा। इसके तहत सड़कों पर अनावश्यक रूप से खड़े वाहन, बिना पंजीकृत ठेले, रिक्शा, टेम्पों आदि पर माल ढोने वाले डग्गामार वाहन तथा नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने आदि पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि माल ढोने वाले वाहनों की वजह से हादसों की आशंका रहती है। इसके अलावा यही वाहन यातायात व्यवस्था को भी बिगाड़ते हैं। चेतावनी देते हुए कहा कि यात्री ले जाने वाला वाहन यदि माल ढोने का काम करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। कहा कि टेम्पों यूनियन वालों को हिदायतें दी गई हैं। इनका अनुपालन करना उनका काम है, अन्यथा पुलिस अपना काम करेगी।

जिला बदर बदमाश गांव से गिरफ्तार

बिलासपुर, अमृत विचार : खजुरिया पुलिस ने जिला बदर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद वाजिद खां थाना क्षेत्र के बमनपुरा गांव का रहने वाला है। उसे गांव के ही जंगल से गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी पर गोकशी जैसे मुकदमे दर्ज हैं। प्रशासन के आदेश पर उसे 29 जनवरी को जिला बदर घोषित करके जिले की सीमा के बाहर छोड़ा गया था। उसने जिला बदर नोटिस के प्रावधानों का उल्लंघन कर जनपद की सीमा में प्रवेश किया। इसके कारण उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उप निरीक्षक प्रशांत कुमार ने उसके विरुद्ध गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया है।

लापरवाही जिले की 200 में से 70 सड़कों पर कराया काम, 130 सड़कों के निर्माण कार्य के 40 करोड़ शासन को लौटाए

टेंडर प्रक्रिया की लेट लतीफी से सड़कें बदहाल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सड़क निर्माण की टेंडर प्रक्रिया में देरी के चलते लोक निर्माण विभाग द्वारा 200 में से 70 सिर्फ सड़कों पर ही कार्य कराया गया। शेष सड़कों का कार्य आचार संहिता की वजह से रोक दिया गया। 130 सड़कों की 40 करोड़ रुपये की धनराशि शासन को भेजी दी गई है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा जिले में काफी खस्ताहाल 200 सड़कों को चिन्हित किया गया था। इनकी हालत सुधारने के लिए शासन से 50 करोड़ 50 लाख रुपये की हरी झंडी मिली थी। इसमें से विभाग सिर्फ 10 करोड़ रुपये ही खर्च कर पाया। शेष 40 करोड़ रुपये शासन को लौटा दिए गए हैं। इस बारे में विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जिन कार्यों को शुरू किया गया था उनका समय समाप्त होने के बाद टेंडर नहीं हो सके। इसके चलते उसका पैसा शासन को भेज दिया गया है। अब टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद पैसा मंगाया जाएगा। उसके बाद नए सिरे से कार्य शुरू कराए जाने के लिए टेंडर कराएं जाएंगे। इसके बाद कार्यों को पूरा कराया जाएगा। विभाग के अधिकरियों ने बताया कि खौद-थूनापुर, सैजनी नानकार समेत कई सड़कों को सही कराया गया है।

शहर में नूरमहल की टूटी सड़क। ● अमृत विचार

> नए वित्तीय वर्ष से पहले धनराशि वापस कर दी गई है। इसके बाद जून में फिर से पैसा मिलेगा। निर्माणाधीन सड़कों के लिए ठेकेदारों को जल्द ही काम निपटाने के लिए निर्देश दिए हैं।
>
> -केवी सिंह, एक्सईएन प्रांतीय खंड, लोनिवि

इन सड़कों पर नहीं हो सका निर्माण कार्य

- मालगोदाम रोड तक का मरम्मत कार्य।
- बिलासपुर में कपनेरी तक का निर्माण कार्य।
- मिलक में चंद्रकला रोड तक का निर्माण कार्य।
- स्वार-दढ़ियाल मार्ग का निर्माण कार्य।
- बिलासपुर रायजादा मार्ग का निर्माण कार्य।
- सुल्तानपुर से बिजारखाता सड़क का मरम्मत कार्य।
- टांडा मरघटी गांव में निर्माण कार्य।

सील तोड़कर अस्पताल का संचालन करने में रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मिलक

सात मार्च को सूचना मिलने पर अस्पताल को किया था सील

अमृत विचार : सील किए अस्पताल का संचालन करने के मामले में संचालक के खिलाफ नोडल अधिकारी ने मिलक कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। विभाग के अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई से अन्य संचालकों में खलबली मची है।

सात मार्च को स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी डा. केके चहल को सूचना मिली थी कि मिलक के जालिफनगला में न्यू मैक्स अस्पताल का रजिस्ट्रेशन नहीं है। टीम आने की सूचना मिलने पर संचालक मौके से फरार हो गया था। अस्पताल में कुछ मरीज भर्ती भी थे। इन्हें उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करा दिया गया था। इसके बाद टीम ने अस्पताल को सील कर दिया था। कुछ दिन बाद अस्पताल संचालक ने सील तोड़ दी और मरीजों को भर्ती करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी शनिवार को नोडल अधिकारी को हुई तो उन्होंने मौके पर जाकर देखा। तब पता चलाप कि अस्पताल संचालक शाने आलम दोबारा से अवैध तरीके से रोगियों का एलोपैथी चिकित्सा पद्धति से उपचार करा रहा है। टीम ने अस्पताल को एक बार फिर सील कर दिया। इसके साथ ही संचालक के खिलाफ मिलक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। नोडल अधिकारी ने बताया कि संचालक द्वारा सरकारी सील को तोड़कर अवैध तरीके से संचालन करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

एक नजर

पन्ना सम्मेलन में शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री

रामपुर, अमृत विचार : प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लोकसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल करने के दृष्टिकोण से बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों के सम्मेलन में शामिल होंगे। वह रविवार को 12 बजे मसवासी में गोशाला के निकट बन रहे हेलीपैड पर उतरेंगे। इसके बाद कार से बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पहुंचेंगे। 13 :35 पर हेलीपैड से रवाना हो जाएंगे। कार्यक्रम आने के बाद भजपाइयों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

घर में घुसकर युवती से छेड़खानी में दो पर रिपोर्ट

शाहबाद, अमृत विचार : घर में घुसकर पड़ोस के दो सगे भाइयों ने युवती के साथ छेड़खानी की। विरोध करने पर मारपीट कर भाग गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के अनुसार गुरुवार को उसके माता-पिता रिश्तेदारी में गए थे। घर में वह दादी और चाची के साथ थी। आरोप है कि पड़ोस के संजीव और उसका भाई बाबू घर में घुस आए। उसके साथ छेड़खानी करने लगे। उसने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और मारपीट कर फरार हो गए।

तमंचा और कारतूस बरामद, युवक पकड़ा

बिलासपुर, अमृत विचार : कोतवाली पुलिस ने रानी फार्म से पहले किरतपुर वाले तिराहे के पास से संदिग्ध युवक को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से 12 बोर का तमंचा व दो कारतूस मिले। पकड़ा गया आरोपी उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के गदरपुर थाना क्षेत्र के डोकपुरी गांव का रहने वाला अफसर अली पुत्र बाबू है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध उप निरीक्षक अमित कुमार की ओर से शस्त्र अधिनियम में मामला दर्ज कराया गया है।

शराब की दुकान बंद कराने को प्रदर्शन

मिलक बिचौला के लोगों व किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन भानू के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि शासन अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर नशा करने के वालों के खिलाफ कार्रवाई करता है। ऐसे लोगों से जुर्माना भी वसूला जाता है। जब नशे पर पाबंदी है तो फिर गांव में शराब की दुकान क्यों खुलवाई जा रही है। किसानों ने मिलक बिचौला में शराब की दुकान बंद कराने के लिए प्रदर्शन किया।

भारतीय किसान यूनियन भानु से जुड़े किसान नेशनल हाईवे स्थित टोल टैक्स प्लाजा पर पहुंचे और शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन किया। सलीम वारसी ने कहा कि किसानों को शराबी व नशेड़ी बनाने और गांव की खुशहाली को खत्म करने की राजनीति को किसी कीमत पर कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। इन रास्तों पर गांवों की महिलाएं व युवतियां चारा लेने के लिए खेतों पर आती-जाती हैं। शराब की दुकान होगी तो बहन-बेटियों के साथ शराबी बदतमीजी करेंगे। इसलिए इस जगह शराब की दुकान न खोली जाए। ग्राम मिलक बिचौला में बनाई जा रही शराब की दुकान को तुरंत बंद कराया जाए। महिलाएं खेतों में घास काटने जाती हैं। उनके साथ कभी भी हादसा हो सकता है। इसलिए प्रशासन संज्ञान ले और इस पर रोक लगाए।

मिलक बिचौला में शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

प्रदर्शन करने वालों में ये रहे मौजूद

तहसील अध्यक्ष आरिफ अली, शफीक अहमद, नेता अमर सिंह, भगवान दास, ढाकन लाल, इस्लाम, अकरम, नन्ने, महबूब मास्टर, जाहिद अली, खुशनुद, संजीव, चरण सिंह, खलील, प्रेमपाल, शमशाद अहमद, नबी अहमद, अबरार अली, अकबर अली, यासीन, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र, कुंदन सिंह दिवाकर, रोहन सिंह, हरिशंकर, रामकिशोर लोधी आदि।

अकादमी में विद्यार्थियों को बांटे रिपोर्ट कार्ड

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में शनिवार को 2023-24 के रिपोर्ट कार्ड का वितरण किया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यार्थियों का रिपोर्ट कार्ड दिए गए।

मेधावी विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय श्रेणी प्राप्त करने के लिए शील्ड देकर सम्मानित किया गया। 90 से 100 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल, 80 से 90 प्रतिशत अंक वाले विद्यार्थियों को सिल्वर तथा 70 से 80 प्रतिशत अंक वाले विद्यार्थियों को ब्रोंज मेडल दिए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य परमजीत कौर को विद्यालय स्टाफ ने बुके देकर की। कक्षा नर्सरी के मुंताहा मकसूद, शिवांश, सिमरा, नमन, माहिनूर, आयुष, हर्ष सागर, अनायरा, उबैद, अभय, अनुष्का, वैष्णवी, जिया, मिश्का, मोहम्मद अरहाम ने प्रथम श्रेणी का पुरस्कार और गोल्ड मेडल प्राप्त किया। सूर्यांश, गौरी, दक्ष, लव, अंश, अन्हा, अमायरा ने द्वितीय श्रेणी का पुरस्कार प्राप्त किया। इसके साथ ही जूनियर तथा सीनियर किंडरगार्टन वर्ग में भी रिया, अब्दुल मुस्तफा, वैभव, जारा, हुदा, मुंतहा, राशि, मनसीरत, जपनीत, साइना, तैयबा आदि बच्चों ने प्रथम स्थान तथा रवनीत, भूमि, दिव्यांश, राशि, धीरज, रामकिशोर, पीहू आदि ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांच से आदित्य और अमित प्रथम, अंशदीप और मोहम्मद शाद द्वितीय स्थान पर तथा कक्षा छह से सेहर जारा और अक्षा बी प्रथम तथा गुरबाज और आराधना द्वितीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार तथा मेडल देकर उनका उत्साहवर्धन किया। विद्यालय स्टाफ ने परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाए। सह प्रधानाचार्य अमित बनर्जी तथा विद्यालय हेड पूजा अरोरा और कुलदीप कौर ने विद्यार्थियों को बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन नेहा तथा सिमरन सिंह ने किया।

छात्रों को मेडल और रिपोर्ट कार्ड देतीं प्रधानाचार्य परमजीत कौर। ● अमृत विचार

एक से तीन अप्रैल तक जिले में रहेंगे पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में करेंगे जन चौपाल कार्यक्रम

अमृत विचार : भाजपा के स्टार प्रचारक पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी एक, दो और तीन अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भाजपा के प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के समर्थन में जन चौपाल के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने बताया कि नकवी एक अप्रैल को तीन बजे भाजपा कार्यालय पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनावी तैयारियों और कार्यक्रमों पर चर्चा करेंगे। दो अप्रैल की सुबह 11 बजे स्वार क्षेत्र में आयोजित जन चौपाल में भाग लेंगे। तीन अप्रैल को सुबह 11 बजे चमरौआ एवं विधान सभा क्षेत्र में होनी वाली जन चौपाल में भाग लेंगे। इन जन चौपालों में समाज के सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। मोदी-योगी सरकार के समावेशी विकास-सशक्तीकरण के प्रति विश्वास व्यक्त किया जाएगा।

एक बार फिर मोदी सरकार का संकल्प लिया जाएगा। इस तरह की जन चौपालों का आयोजन मिलक, बिलासपुर व शाहबाद क्षेत्रों में भी होगा। इनमें लोगों से मतदान करने की अपील की जाएगी।

शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : प्राथमिक विद्यालय लालपुर कला में प्रगति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें अभिभावकों के साथ गांव के संभ्रांत व्यक्तियों को भी शामिल किया गया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को वर्ष भर स्वच्छ वेशभूषा में आने वाले छात्रों एवं शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए पुरस्कार दिया गया। प्रत्येक कक्षा से एक ऑलराउंडर छात्र की माता को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कहा कि माता ही है जिनके कारण बच्चे सफलता की सीढ़ी को पार करते हैं।

प्रधानध्यापिका ने कार्यक्रम में आए लोगों को 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के बारे में भी जानकारी दी। मतदाता के कर्तव्य के बारे में बताया। कहा कि मतदान बहुत जरूरी है। एक-एक वोट से हार-जीत का फैसला होता है। यदि हम अपना मतदान सोच समझकर नहीं करते तो सही नेता नहीं मिलेगा। इसलिए हमें अपना कीमती वोट बहुत सोच समझ कर देना है। इसके लिए गांव के अन्य व्यक्तियों को भी प्रेरित करना है। पूर्व ग्राम प्रधान हारून, एसएमसी अध्यक्ष अफजाल हुसैन, महफूज अली, कौशर अली, सहायक अध्यापिका फरहा नकी, बुशरा फिरदौस, आराधना सक्सेना, आंगनबाड़ी राबिया रेखा आजमी आदि उपस्थित रहे। संचालन प्रधान अध्यापिका शबनम आरा ने किया।

प्रमाण पत्र दिखाते विद्यार्थी, साथ में शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

परीक्षाफल और पुरस्कार बांटते प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां।

टॉपर को किया गया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: चमरौआ क्षेत्र के मनकरा और खजुरिया स्थित प्राथमिक विद्यालयों में परीक्षाफल वितरण समारोह हुआ। कक्षा एक से पांच तक अध्यनरत छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल के साथ ही प्रत्येक कक्षा में टॉप श्री छात्रों को अभिभावकों की उपस्थिति में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

मनकरा में ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां ने परीक्षा और पुरस्कार बांटे। प्रधानाध्यापिका राफिया खानम, रफत, हरिराम, रामकिशोर सैनी, सलीम अल्वी, नबी हुसैन, हबीब अहमद, छत्रपाल मौजूद रहे। खजुरिया में इंचार्ज प्रधानाध्यापक प्रसन्न प्रकाश ने परीक्षाफल और पुरस्कार बांटे। समारोह में दीपा सैनी, दीपा चौहान, शिक्षामित्र गीता, हरिओम, निर्बल सिंह, कुसुम, गीता, कुंवर सेन, यासमीन जहां आदि रहे।

परीक्षाफल मिलने के बाद मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

परीक्षाफल वितरण के दौरान मतदान करने की अपील की

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। इसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक की कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अभिभावक भी शामिल हुए। समारोह में आए अभिभावकों से विद्यालय स्टाफ की तरफ से 19 अप्रैल को अपना वोट अवश्य डालने की अपील की गई। इस अवसर पर अभिभावक निदा फातिमा, महिमा सैनी, माया, रहीसी, साबिर, मुर्शद, अजरा, मिकी खान, अफसर अली, अमरवती, नाज परवीन, अमीना, राशिद, शबाब, सत्तार हुसैन, सलीम, इफ्तेखार अली, अरशद अली, राकेश सैनी, सलमा, आबिद अली उपस्थित रहे।

फीस बढ़ाने पर अधिवक्ताओं और अभिभावकों में रोष

स्वार, अमृत विचार : सीबीएसई द्वारा संचालित एक स्कूल के प्रबंध तंत्र द्वारा मासिक फीस में बढ़ोत्तरी कर दी गई। इसे लेकर अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र एसडीएम को सौंपा। स्कूलों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की है।

शनिवार को अधिवक्ता मोहम्मद आसिफ, सलीम अहमद अंसारी, रफीक अहमद अंसारी, मोहम्मद जुनैद, मेहरबान अली, आसिफ अली, शकील अहमद आदि ने मुख्यमंत्री को संबोधित पत्र एसडीएम अवनीश कुमार को सौंपा। इसमें कहा गया है कि सीबीएसई द्वारा संचालित सेंट मैरिज स्कूल धनौरी में प्रबंध तंत्र द्वारा बिना किसी सूचना के छात्र-छात्राओं के मासिक शुल्क में भारी वृद्धि कर दी गई है।अभिभावकों के लिए यह चिंता का विषय है। अभिभावक बढ़ती महगांई से वैसे ही त्रस्त हैं। फीस बढ़ाकर अभिभावकों का शोषण किया जा रहा हैं। प्रबंध तंत्र की यह नीति बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के विपरीत है।

हास्य-व्यंग्य की शैली में खेली होली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : कायस्थ चेतना मंच की ओर से श्री हरि धर्मशाला में होली मिलन कार्यक्रम हुआ। इस दौरान ढोलक की थाप पर फाग गीत और छंद गूंजते रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। होली मिलन समारोह का आरंभ मंच संरक्षक आनन्द नंदा ने सभी को चंदन का तिलक लगाकर किया। कार्यक्रम में सबके लिए मंगल कामना की गई। कवियों ने भी अपनी शैली में हास्य-व्यंग्य की होली खेली।

होली की खुमारी लोगों के सिरों से अभी उतरी नहीं है। लोग जहां-तहां रंग खेलते दिख रहे हैं। होली मिलन समारोह में कायस्थ चेतना मंच के बालक-बालिकाओं ने नृत्य कार्यक्रम में अपनी प्रतिभा दिखाई। कवियों ने भी अपनी शैली में हास्य-व्यंग की होली खेली। कवि एक दूसरे पर होली के व्यंग्य बाण छोड़ते रहे। मंच परिवार की महिलाओं ने भी पारंपरिक होली गीत व छंद गाए।

देर रात तक चले कार्यक्रम में ललित सक्सेना, रामकीर्ति सक्सेना, सुरेंद्र जोहरी, पंकज राय, पंकज भटनागर, दिनेश सक्सेना, मुकेश सक्सेना, शिरोहित सक्सेना, पीयूष प्रकाश सक्सेना, शोभित सक्सेना गोपाल, कृष्ण श्रीवस्तव आदि रहे। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। डांस में अनिका, उन्नति, अगम्या, रेया, अद्वविका, नियति, आनया, अर्चिता, अनिशा, काव्या, श्री, कार्तिक, नक्श, सान्वी, अनन्त, युवराज, अमोली, पुण्या, नव्या एवं सृष्टि प्रतिभा दिखाई। मंच के महासचिव अशोक करोरी ने सभी का आभार जताया।

होली मिलन कार्यक्रम में छन्द गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

▸▸ होली मिलन समारोह में गूंजे फाग के गीत और छंद

▸▸ बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

Shiv Convent School
CBSE PATTERN We bring quality education to you
Pre-Nursery to Class VIII

Admission Open 2024-2025

Special Facilities:
- Play & Learn
- Computer Education
- English Speacking
- Urdu Education
- Green Play Ground
- Martial Arts
- Mineral Water
- Robotic Classes
- Wi-Fi Campus
- Judo- Karate Classes
- Games Facility
- Pick & Drop Facilities

अजय कुमार सिंह
प्रबन्धक

टिकट गंज, बाइपास रोड, जिला रामपुर
9870689520, 7505537237

प्रतियोगिता स्वयं सेविकाओं में सिमरन प्रथम और द्वितीय रहीं इरम खान

नारा लेखन प्रतियोगिता में भूरा प्रथम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारा लेखन प्रतियोगिता हुई। इसमें स्वयंसेवकों में प्रथम स्थान पर भूरा कुमार, द्वितीय स्थान पर मोहम्मद अनस और तृतीय स्थान पर कृष्णा रहे। वही स्वयं सेविकाओं में प्रथम स्थान पर सिमरन, द्वितीय पर इरम खान तथा तृतीय रिदा व आफरीन रहीं।

शनिवार को महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों आजाद दल, आंबेडकर दल, राधा-कृष्णनन दल तथा रानी लक्ष्मीबाई दल द्वारा चौथे और अंतिम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या डॉक्टर दीपा अग्रवाल ने की। इसके बाद महाविद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों व सेविकाओं ने श्रमदान किया। उसके बाद मतदान जागरुकता अभियान स्वीप के तहत मतदाता जागरुकता विषय पर गोष्ठी हुई। मुख्य अतिथि तथा निर्णायक डॉ. अब्दुल लतीफ, डॉ. रेशमा परवीन और डॉक्टर महेंद्र रहे। डॉ. लतीफ ने छात्र-छात्राओं को मतदान के लाभ तथा अपने अधिकारों से अवगत कराया। डॉ. रेशमा ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़ी विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के लिए प्रेरित किया। उनके द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों के लिए प्रोत्साहित किया। इसके बाद डॉक्टर महेंद्र सिंह यादव ने स्वयंसेवकों को मतदान करने तथा प्रतिदिन अखबार पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इसी कड़ी में सभी एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. नरेश , डॉ. राजकुमार, डॉ. गजेंद्र सिंह और डॉ. ईरम नईम ने भी स्वयंसेवकों को उनके सफल भविष्य की बात कही। इसके बाद विभिन्न विषयों पर नारा लेखन प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक तथा भारी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डॉ.राजेश कुमार, डॉ. माया भारती ने सहयोग किया। स्वयंसेवक व सेविकाओं में मोहम्मद समी, अमन, दानिश, सुब्हान, रिंकेश, इल्मा, इल्मा मुबीन, मेहनाज आदि रहे।

मतदान जागरुकता अभियान के तहत रैली निकालते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

संचारी रोग अभियान में खोजे जाएंगे मरीज

रामपुर, अमृत विचार : जनपद में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान सोमवार से शुरू होगा। अभियान की तैयारी को लेकर सीएमओ डा. एसपी सिंह ने सभागार में स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ बैठक की।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचारी रोग नियंत्रण अभियान और जन जागरुकता कार्यक्रम कराए जाएंगे। सीएमओ ने स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि दस्तक अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोग, क्षय रोग और कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक करें। अभियान के दौरान लोगों को साफ-सफाई के प्रति भी जागरूक किया जाएगा। आपसी समन्वय बनाकर अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ग्रामीण स्तर पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करें। यह अभियान एक से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री दस्तक अभियान के तहत हर घर जाकर लक्षणों के आधार बुखार, क्षय रोग, कुष्ठ रोगी चिन्हित कर रिपोर्ट चिकित्साधिकारी को सौंपेगी।

स्कूल में पुरस्कार दिखाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

स्कूल में रिपोर्ट कार्ड पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: बिलासपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय मुल्लाखेड़ा में अभिभावकों की उपस्थिति में बच्चों के रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। पूरे सत्र में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अभिभावकों को मतदान करने के लिए विद्यालय के स्टाफ व बच्चों ने जागरूक किया।

आज के दिन जन्में बच्चों का जन्म दिवस भी मनाया गया और विदाई समारोह धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर कक्षा पांच के बच्चों को विद्यालय परिवार की तरफ से उपहार देकर आगे बढ़ने के लिए बधाई दी। इस दौरान अभिभावक रेनू सिंह, सृष्टि खोखर, प्रिया सिंह, नीलम राणा, कमलेश, गायत्री, प्रेमपाल आदि उपस्थित रहे।

एक नजर

नेहरू पार्क का जल्दी किया जाएगा कायाकल्प

रामपुर, अमृत विचार : पालिकाध्यक्ष सना खानम ने नेहरू इंटर कालेज और पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने कॉलेज और पार्क की हालत जर्जर देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने जर्जर पार्कों की हालत सुधारने के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया है। इसके लिए पार्क में फैली गंदगी को हटाने की बात कही। मरम्मत, रंग-रोगन, स्वच्छ पानी और प्रकाश व्यवस्था संवारने के निर्देश दिए हैं।

किसानों को मिले पांच हजार रुपये पेंशन

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत बिलासपुर गेट पर हुई। इसमें राष्ट्रीय महासचिव कामरान खां ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों को पांच हजार रुपये पेंशन दें। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की फसलें खराब हुई हैं, उनका सरकार द्वारा जल्द मुआवजा दिलाया जाए। इस अवसर पर शाह आलम खां, परवेज खां, नादिर खां, शहाब खां, एजाज खां, सद्दीक अहमद आदि शामिल रहे।

रोजेदार का इफ्तार कराने वाले के हो जाते हैं सारे गुनाह माफ

माहे रमजान में अल्लाह की राह में पैसा देने में न बरतें कंजूसी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : माहे रमजान का महीना मुस्तहिक लोगों की मदद करने का महीना है। शहर इमाम मौलाना मुफ्ती महबूब अली बताते हैं कि रमजान के तअल्लुक से हमें बेशुमार हदीसें मिलती हैं। हम पढ़ते और सुनते रहते हैं लेकिन क्या हम इस पर अमल भी करते हैं। ईमानदारी के साथ हम अपना जायजा लें कि क्या वाकई हम लोग मोहताजों और नादार लोगों की वैसी ही मदद करते हैं जैसी करनी चाहिए। सिर्फ सदका-ए-फित्र देकर हम यह समझते हैं कि हमने अपना हक अदा कर दिया है।

शहर इमाम ने बताया कि जब अल्लाह की राह में देने की बात आती है तो हमें कंजूसी नहीं करनी चाहिए। अल्लाह की राह में खर्च करना अफजल है। गरीब चाहे वह अन्य धर्म के क्यों न हो, उनकी मदद करने की शिक्षा दी गयी है। दूसरों के काम आना भी इबादत समझी जाती है। जकात, सदका, फित्र, खैरात, गरीबों की मदद, दोस्त अहबाब में जो जरुरतमंद हैं उनकी मदद करना जरूरी माना जाता है। अपनी जरूरीयात को कम करना और दूसरों की जरूरीयात को पूरा करना अपने गुनाहों को कम और नेकियों को ज्यादा कर देता है। नबी-ए-करीम मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैह वसल्लम ने फरमाया है कि जो शख्स नमाज के रोजे ईमान और एहतेसाब से रखे उसके सब गुनाह माफ कर दिए जाएंगे। रोजा हमें जब्ते नफ्स की तरबियत देता है और हममें परहेजगारी पैदा करता है। जबकि माहे रमजान में लोगों के जहन में तरह-तरह के चटपटे और मजेदार खाने का तसव्वुर आता रहता है।

> रोजा रखकर वक्त पर नमाज अदा करना भी जरूरी है। खाली रोजा रख लेने और वक्त पर नमाज नहीं पढ़ने से फाका हो जाता है। तरावीह पढ़नी चाहिए तथा नेकी का काम करते हुए गरीबों और जरुरतमंदों की हर मुमकिन मदद करनी चाहिए।
>
> **- मौलाना मुफ्ती महबूब अली, शहर इमाम**

रमजान के दौरान जकात देने का खास महत्व

गलतियों के लिए तौबा करने एवं अच्छाइयों के बदले बरकत पाने के लिए इबादत करने का रमजान खास महीना है। इसीलिए इन दिनों जकात देने का खास महत्व है। जकात का मतलब है अपनी कमाई का ढाई प्रतिशत गरीबों में बांटना है। जकात देने से आदमी के माल एवं कारोबार में खुदा बरकत करता है। इस्लाम में रोजे, जकात और हज फर्ज हैं।

कुत्तों ने हमला करके 18 लोगों को किया जख्मी

संवाददाता, स्वार

कुत्ते के हमले में जख्मी व्यक्ति को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाता स्वास्थ्यकर्मी।

अमृत विचार : कुत्तों ने नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में अलग-अलग जगहों पर 18 लोगों को हमला करके जख्मी कर दिया। सभी घायलों ने सीएचसी पहुंच कर एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाए हैं।

नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्तों का खौफ थमने का नाम नहीं ले रहा है। इसके चलते सीएचसी में कुत्तों के हमलों में जख्मी हुए लोगों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व कुत्तों के खिलाफ अभियान चलाया गया था। कुत्तों को पकड़ कर सुनसान स्थान पर छोड़ा गया था। इसके बावजूद कुत्ते गली-मोहल्लों में खुलेआम घूमते देखे जा सकते हैं। लेकिन प्रशासन समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कुत्तों से लोगों में दहशत है। कुत्तों ने हमला कर शुक्रवार को क्षेत्र के गांव डिलारी का मझरा निवासी रजित, गांव रसूलपुर निवासी अनविया, शमशाद, मोहल्ला चक स्वार निवासी सुमित, शान मोहम्मद, गांव मिलकखानम निवासी अकबर अली, कुंदनपुर निवासी सोनू, बिजारखाता निवासी इमराना, मुरसैना निवासी प्रेमपाल, हरदासपुर निवासी वीरपाल, मिलकताज खां निवासी अलीजा, खेड़ा टांडा निवासी सौरभ, कुंवरपुर निवासी मनजीत सिंह, नगर पंचायत नरपतनगर निवासी रानी, नानकार निवासी विनकेश, खौदकलां निवासी लक्की, ढोकपुरी टांडा निवासी लक्ष्मी व फैजानुल को जख्मी कर दिया। शनिवार को सभी जख्मी सीएचसी पहुंचे। यहां चिकित्सकों ने सभी को एंटी रेबीज वैक्सीन लगाए।

दहशत

नगर व ग्रमीण क्षेत्रों में कुत्तों का खौफ बरकरार

मूट कोर्ट के दौरान मौजूद छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

दीक्षित कॉलेज में प्रथम मूट कोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: दीक्षित कॉलेज ऑफ लॉ में प्रथम मूट कोर्ट का आयोजन हुआ। मूट कोर्ट प्रारम्भ होने से पूर्व कॉलेज के प्रबंध निदेशक विवेक दीक्षित ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उसके बाद महात्मा ज्योतिबाफुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के पाठ्यक्रम के अंतर्गत षष्ठम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का वाद की समस्या, हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13 (1) के अंतर्गत विवाह विच्छेद पर छात्र-छात्राओं ने अपने वादी-प्रतिवादी पक्ष की तरफ से मूट कोर्ट मे गवाह व सबूतों के आधार पर अपनी प्रस्तुति पेश की।

मूट कोर्ट में प्रीती पाठक, सूरज, तेज बहादुर, सबीना, जसप्रीत कौर, शैलेन्द्र सैनी, गंगाराम, ओसामा, बृजेश, प्रयास कम्बोज, नीरज कुमार, चांदनी, आशा रानी, राजेंद्र कुमार एवं विशेष इत्यादि एलएलबी अंतिम वर्ष के छात्रों ने उत्साह पूर्वक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पेशकार की भूमिका एलएलबी द्वितीय वर्ष के छात्र विजयपाल व स्टेनो की भूमिका विक्की ने निभाई। इस अवसर पर एलएलबी, बीएएलएलबी के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

शिक्षक दो दिन में पूरी करें बूथों की कमियां

स्वार, अमृत विचार : खंड शिक्षा अधिकारी मजहरुल इस्लाम ने कहा कि बूथों के निरीक्षण में मिली कमियों को शिक्षक दो दिन में पूर्ण करें। दीवारों पर पेंटिंग का कार्य मानक के अनुसार ही कराएं।

शनिवार को खंड शिक्षाधिकारी मजहरुल इस्लाम ने ब्लॉक संसाधन केंद्र पर संकुल शिक्षकों की बैठक की। इसमें उन्होंने कहा कि सभी संकुल शिक्षक आवंटित विद्यालयों में बूथों की कमियों को दो दिन में पूर्ण कर लिखित रूप में सूचना दें। इसके बाद भी यदि बूथों पर कमियां मिलती हैं तो संबंधित शिक्षकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में राकेश कुमार, तहसीन आलम खां, रीता विश्नोई, नीतू सिंह, रवि पाल, धर्मवीर सिंह, अशोक आजाद, सुनील कुमार, शक्ति शिवोम, रमेश सिंह, प्रदीप सिंह, अनिल कुमार, अब्दुल रऊफ एवं फरजंद अली आदि मौजूद रहे।

किसी का दिल न दुखाएं, गरीबों की करें मदद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

केले वाला तालाब स्थित मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर हाफिज और सामां की गुलपोशी हुई। ● अमृत विचार

मस्जिद केले वाला तालाब में कुरआन मजीद मुकम्मल

अमृत विचार : शहर के मोहल्ला केला वाला तालाब की मस्जिद में 19वीं शब में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। इसमें हाफिज अयान खां ने कहा कि कुरआन वह किताब है, जिसका कोई मुतबादिल नहीं है। अल्लाह ने रमजान के मुबारक महीने में कुरआन मजीद नाजिल किया। दुनिया की सारी किताबों में कुरआन मजीद अफजल है। रमजान में कुरआन की तिलावत करने से अल्लाह की रहमत बरसती है। इस महीने में मिस्कीन, कमजोर पड़ोसी और गरीब रिश्तेदारों की दिल खोलकर मदद करनी चाहिए। कहा कि यहीं खुदा का पैगाम है कि हम ज्यादा से ज्यादा अल्लाह की इबादत करें।

शुक्रवार को मोहल्ला केले वाले तालाब की मस्जिद में कुरआन मजीद मुकम्मल हो गया। तरावीह के दौरान हाफिज अयान खां ने कुरआन की तिलावत की। सामां के फराइज अतीक ने अदा किए। इसके बाद मस्जिद में ही कार्यक्रम हुआ। इसे खिताब फरमाते हुए हाफिज खां ने कहा कि हमें रमजान में पाबंदी से रोजा रखना चाहिए। अल्लाह ने मुसलमानों को रमजान के पूरे महीने रोजे रखने का हुकुम दिया है। जो भी बगैर किसी मजबूरी के जान बूझकर एक रोजा भी छोड़ दे, वह सख्त गुनाहगार होगा। रोजेदार किसी का दिल न दुखाएं और गरीबों की दिल खोलकर मदद करें। आखिर में लोगों ने हाफिज और सामां की गुलपोशी की। इस मौके पर फहीम खां, राजू खां, मोहसिन रजा, मीनू मुराद, शाहवेज, वसीम, अलीम खां, अजीम, नईम खां आदि शामिल रहे।

जीत का आधार बनेंगे बूथ स्तरीय कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

नगर पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल से मुलाकात करते शहर विधायक। ● अमृत विचार

बैठक में नगर पालिकाध्यक्ष व कार्यकर्ता रहे मौजूद

मतदाताओं को घरों से बाहर निकलने पर जोर दें कार्यकर्ता

अमृत विचार : शहर विधायक आकाश सक्सेना ने लोकसभा चुनाव को लेकर बिलासपुर के कार्यकर्ताओं के साथ मंथन किया। लोकसभा चुनाव में जीत के लिए मंत्र दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में जीत का आधार हमारे बूथ स्तरीय पदाधिकारी हैं। मतदान के दिन प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने बूथों पर मौजूद रहें और मतदाताओं को घरों से बाहर निकलने पर जोर दें। जितना अधिक मतदान होगा, जीत का अंतर भी उतना ही अधिक होगा।

शनिवार को शहर विधायक बिलासपुर पहुंचे। नगर पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल के प्रतिष्ठान पर भाजपा नेताओं व पदाधिकारियों से मुलाकात की। लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा भी की। कहा कि प्रधानमंत्री ने देश का नाम विश्व में चमकाया है। गरीबों की मदद के लिए कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं। अब जनता के बीच उस जानकारी को अच्छी तरह से पहुंचाना है। हमें बड़ी सभाओं में प्रतिभाग करने के साथ ही गांव-मोहल्लों में टोलियां बनाकर सुबह-शाम निकलना चाहिए और जनसंपर्क कर वोट की अपील करनी चाहिए। इस मौके पर तमाम कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

हिंदुत्व को आगे बढ़ाने का करें प्रयास : डॉ. प्रियंका

रामपुर, अमृत विचार : मुख्य अतिथि राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि हमें अपने सनातन धर्म को आगे बढ़ाना है। एक साथ मिलकर कार्य करना है। संगठन मे जातिवाद हटाकर हिंदुत्व को आगे बढ़ाने का प्रयास करना है। इसके लिए नारी शक्ति को भी सक्रिय रहना होगा।

राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ द्वारा गोल्डन क्राउन होटल में शनिवार को होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संघ के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में विशेष अतिथियों ने विचार प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. प्रियंका शुक्ला, राष्ट्रीय सचिव सचिन शर्मा, उपनिरीक्षक आरके वशिष्ठ, सुजाता शर्मा, अंशुल कुमार, गीता अरोरा, मुरादाबाद से जिला उपाध्यक्ष सुधीर सक्सेना आदि मौजूद रहे।

पुरस्कार के साथ बच्चे एवं शिक्षिका। ● अमृत विचार

मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: प्राथमिक विद्यालय भैंसिया में बच्चों के अभिभावक एकत्र हुए। इसके बाद प्रधानाध्यापिका सुमन सिंह ने प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अभिभावकों द्वारा सम्मानित कराया गया। अभिभावकों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। अभिभावकों व बच्चों को मतदाता जागरुकता की शपथ भी दिलाई।

इसके बाद प्रधानाध्यापिका ने अभिभावकों अपने बच्चों को स्वच्छ यूनिफॉर्म पहनाकर रोज समय से विद्यालय भेजने के लिए भी प्रेरित किया। प्रधानाध्यापिका ने स्टार ऑफ द मंथ बच्चों का चयन किया। मार्च में कुल स्टार ऑफ द मंथ बच्चों की संख्या 61 रही।

इस अवसर पर रिचा देवी, विक्रम कुमार, हुमा, गीता देवी, नीरज, निदा खान, गुलजाना, नासिर, सकीना, मोबिन जहां, मेहताब जहां, कविता, नाजिम, लियाकत, सुरेश बाबू आदि उपस्थित रहे। कक्षा एक, दो, तीन, चार पांच में उज्जैन, अलीजा, नेहा, कल्पना व गुंजन प्रथम स्थान पर रहे।

रिपोर्ट कार्ड और पुरस्कार लिए शिक्षकों के साथ मेधावी। ● अमृत विचार

रिपोर्ट कार्ड पाकर खिल गए बच्चों के चेहरे

स्वार, अमृत विचार : परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। इस अवसर पर अभिभावक भी मौजूद रहे। शिक्षकों एवं अभिभावकों के हाथों रिपोर्ट कार्ड पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

शनिवार को विद्यालयों में जश्न जैसा माहौल रहा। सवेरे से ही बच्चों में रिपोर्ट कार्ड को लेकर खुशी थी। ब्लॉक के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में समारोह आयोजित कर बच्चों को रिपोर्ट कार्ड वितरित किए गए। इस दौरान बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी उपस्थित रहे। दूसरी ओर चमरौआ ब्लॉक के कंपोजिट स्कूल भोलापुर में परीक्षाफल वितरण किया गया। शिक्षिका विष्णा सक्सेना के सेवानिवृत्त होने पर पुष्प भेंट कर विदाई दी गई। इस दौरान सीमा, अनिल सक्सेना, अंजुम स्नेही, चरण सिंह आदि उपस्थित रहे। छात्राओं ने विदाई गीत प्रस्तुत किया।

मेहनत से ही मिलती है सफलता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: राजकीय इंटर कालेज सैंजनी नानकार में रिपोर्ट कार्ड वितरण समारोह हुआ। इसमें मेधावियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरविंद भास्कार ने कहा कि मेहनत से ही सफलता की उड़ान मिलती है। उन्होंने कहा कि वह अधिक से अधिक शिक्षा ग्रहण करें। सफलता उनके कदम चूमेगी।

कालेज में शनिवार को सभी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाली छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इनमें लायबा नुजहत, फरीना, फलक, उरूजा, उनसा, जैनब, मधु, निस्बा, स्वाती, अनम, अलीना, मुनीजा, संजना, मुनीजा बी, तानिया खान, इरम खलील, मुनीबा, इल्मा बी, तत्फीरा, सोफिया, मेहरीन, सोफिया बी, आसिफा बी, रूकसार के अलावा ओवर ऑल जूनियर वर्ग में इरम खलील, ओवर ऑल सीनियर वर्ग में सोफिया बी को प्रधानाचार्य ने सम्मानित किया। नेहा खान, नीतू सिंह, अन्हा खान, ओरीजा खान, प्रियंका, अनम खान, अदा खान, सानिया, सहर और मुराद खान आदि मौजूद रहे।

इबादत घेर तोगां में शनिवार की देर रात हुआ कुरआन मजीद मुकम्मल

रमजान में मिलता है 70 गुना सवाब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

मस्जिद कारी साहब में कुरआन मजीद मुकम्मल होने पर कारी और सामां की गुलपोशी की गई। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मोहल्ला घेर तोगां स्थित मस्जिद कारी साहब में शनिवार की देर रात तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। मस्जिद में मौलाना आरिफ नदवी ने कुरआन मजीद सुनाया। सामां के फराइज मोहम्मद उमर और मोहम्मद जैद ने अदा किए। मौलाना ने कहा कि रमजान इबादत का महीना है। इस महीने में इबादत करने वालों को अल्लाह सत्तर गुना ज्यादा सवाब देता है।

मोहल्ला घेर तोगां में शनिवार की रात तरावीह के दौरान कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। मौलाना आरिफ नदवी ने कहा कि अल्लाह अपने नेक बंदों की सभी मुरादें इस महीने में पूरी करता है। इस मौके पर शाहिद अली खां जमाली, फहीमुज्जमा खां, शाकिर अली खां, रिसालत खां, मोहतशिम, लईक खां, सुल्तान जमा खां, गुलरेज खां, अथर खां, जुनैद खां, अली खां, जावेद खां, मोहम्मद अली मियां, आजम खां, नाजिम खां, रहमत खां, जावेद खां, रेहान मियां, अयान खां समेत काफी तादाद में नमाजी मौजूद रहे। इसके अलावा मोहल्ला घेर मर्दान खां स्थित मस्जिद कुरैशीयान मरकज दावत इस्लामी में कुरआन मजीद मुकम्मल हुआ। जिसमें कारी सैफ उल्लाह अत्तारी ने कुरआन मजीद सुनाया। जबकि सामां के फराइज मौलाना रफी ने अदा किए। मौलाना रफी साहब ने रमजान की फजीलत बयान की। इसके बाद हाफिज और सामां की लोगों ने गुलपोशी की। आखीर में मुल्क में अमन शांति के लिए दुआ कराई गई। इस अवसर पर सैयद फुरकान मियां, इस्लाम कुरैशी, फैज कुरैशी, खालिद अत्तारी, अब्दुल आलिम अत्तारी, लईक शाहिदी आदि शामिल रहे।

ओम शान्ति हॉस्पिटल
डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
● कान का बहना, कम सुनाई देना ● चक्कर आना ● सिर में दर्द ● नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना ● नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना ● सोते समय खर्राटे आना ● आवाज का बैठ जाना ● मुंह न खुलना ● चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना ● खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले ● गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
● कान के पर्दे में छेद ● नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी ● गले में टांसिल ● मुँह में कैंसर ● गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ ● लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन ● नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी ● गले में मांस के कारण बैठी आवाज ● आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)
दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)
डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
● दाँतों का डिजिटल X-Ray ● दाँतों की नस का इलाज (RCT) ● अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) ● दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना ● फिक्स दाँत (Bridges) ● बत्तीसी बनाना (Complete Denture) ● बिना दर्द के दाँत निकालना ● लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) ● हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) ● टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) ● बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- ● नाक, कान, गला रोग ● दन्त रोग ● हड्डी व जोड़ रोग ● चर्म रोग ● जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

एक नजर

एक माह से लापता किशोर का सुराग नहीं, रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद, अमृत विचार : मझोला थाना क्षेत्र से एक माह पूर्व लापता हुए किशोर का अब तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस ने मां की तहरीर पर किशोर के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। थाना मझोला के कांशीरामनगर बी ब्लॉक निवासी इशहाक चालक है। परिवार में पत्नी प्यारी और चार बेटे हैं। महिला के अनुसार 23 फरवरी को उसने बड़े बेटे ताहिर (13) को डांट दिया था। जिससे वह क्षुब्ध होकर कहीं चला गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चला। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ताहिर की तलाश शुरू कर दी है।

प्रजापति परिवार का होली मिलन आज

मुरादाबाद, अमृत विचार : प्रजापति परिवार मुरादाबाद की ओर से रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन शाहपुर रोड खुशहालपुर स्थित रॉयल बैंक्वेट हाल में किया गया है। आयोजकों ने बताया कि दिन में 11 से 2 बजे तक चलने वाले आयोजन में प्रजापति परिवार के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

अति पिछड़ा समाज को प्रतिनिधित्व न देने पर रोष

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

बैठक

- सभी राजनीतिक दलों पर लगाया टिकट न देने का आरोप
- कहा-चुनाव के मुद्दे पर अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा

अमृत विचार: राष्ट्रीय अति पिछड़ा महासंघ की बैठक रामगंगा विहार स्थित एक फिजियोथेरेपी सेंटर में हुई। जिसमें वक्ताओं ने सभी पार्टियों द्वारा अति पिछड़े समाज को टिकट न दिए जाने पर रोष जताया। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपाल सैनी ने कहा कि इस मुद्दे पर अगली बैठक में निर्णय लिया जाएगा।

शनिवार को आयोजित बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि आजादी से अब तक सभी पार्टियों ने अति पिछड़ा समाज की उपेक्षा की है। किसी भी पार्टी ने समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं दी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कहा कि कश्यप, सैनी, पाल, प्रजापति सैन, आदि अति पिछड़े समाज के मतदाताओं को भी राजनीति में हिस्सेदारी मिलनी चाहिए। समाज को भी एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। तभी समाज का महत्व बढ़ेगा। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष जयपाल सैनी ने की तथा संचालन राष्ट्रीय महासचिव डॉ. राजकुमार कश्यप ने किया।

इस दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेम सिंह बौद्ध, डॉ. रमाकांत ठाकुर, राजपाल कश्यप, सुखबीर सिंह धनगढ़, डॉ. सियाराम प्रजापति, तिलक राज शर्मा, रोहिताश कश्यप, भगवान दास सैनी, आरके सैनी, नृपेंद्र सिंह ठाकुर, संजय प्रजापति, प्रदीप चौहान आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष का पाल समाज ने किया स्वागत

मुरादाबाद, अमृत विचार: अखिल भारतीय पाल महासभा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश पाल ने पूर्व पार्षद व भाजपा नेत्री राजेश कुमारी पाल के आवास पर उनसे भेंट की।

शनिवार को मुरादाबाद पहुंचे पाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्म प्रकाश ने कहा कि हमारा समाज इतिहास रचने वाला रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा समाज किसी पार्टी का पिछलग्गू नहीं रहेगा। कोशिश रहेगी कि समाज को भारत और उत्तर प्रदेश में संगठित कर एक मंच पर लाया जाए। हम सबको मिलकर समाज की भलाई के लिए काम करना होगा। जिले में संगठन की प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमारी पाल ने समाज के लिए कार्य किया है। इस दौरान योगेंद्र पाल, रघुनंदन पाल, प्रमोद पाल, राजपाल सिंह, करण सिंह, लक्ष्मण सिंह, पाल, हरपाल सिंह, हेमराज पाल, परसोती लाल, गुलाब पाल, नौबत सिंह, राजेश पाल रहे।

मुरादाबाद लोकसभा सीट से नामांकन पत्रों की जांच में 13 प्रत्याशियों के पर्चे मिले थे वैध

वकी रशीद ने वापस लिया पर्चा, मैदान में 12 प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: लोकसभा सीट से नामांकन प्रक्रिया के क्रम में शनिवार को नाम वापसी का दिन था। दोपहर तक कोई भी प्रत्याशी नाम वापस लेने नहीं आए। दोपहर के बाद वकी रशीद ने प्रस्तावक के माध्यम से अपना नाम वापस ले लिया। इस प्रकार अब चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी रह गए हैं। जिनके बीच मुकाबला होगा।

मुरादाबाद लोकसभा सीट से शनिवार को वकी रशीद ने नामांकन वापस लिया। अब चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी हैं। रिटर्निंग अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि लोकसभा सीट से प्रत्याशी वकी रशीद ने नामांकन वापस लेने की सूचना अपने प्रस्तावक जुनैद खान के माध्यम से लिखित में उनके कार्यालय में दी है। इसलिए उनका नामांकन वापस कर दिया गया। अब 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

कलेक्ट्रेट में चुनाव चिह्न दिखाते प्रत्याशी व प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

जांच में जिन 13 प्रत्याशियों के पर्चे सही पाए गए थे। इसमें मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य राजनैतिक दलों में भाजपा के कुंवर सर्वेश कुमार सिंह, सपा की रुचि वीरा, बसपा के मोहम्मद इरफान सैफी के अलावा अपना हक पार्टी के अजय यादव, भारतीय बहुजन समता पार्टी के ओंकार सिंह, राष्ट्रीय कांग्रेस (जे) पार्टी के गंगाराम शर्मा, समता पार्टी के शकील अहमद, सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया (कम्युनिस्ट) के हरकिशोर शामिल रहे। इसके अलावा निर्दलीय अमरजीत सिंह, मोहम्मद जमशेद, मुशर्रत हुसैन, वकी रशीद और साधना सिंह के नाम जांच में सही पाए गए थे। वकी रशीद के नाम वापस लेने के बाद अब चुनाव मैदान में 12 प्रत्याशी रह गए।

इनके नामांकन हुए थे जांच में निरस्त

डॉ. एसटी हसन, शीशपाल, सरताज आलम, संदीप त्रिवेदी, प्रदीप कुमार यादव।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा, हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

बंद पड़े आईटीआई कालेज में बन रहे थे हथियार, लोकसभा चुनाव में खपाने की थी तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार: जनपद संभल के थाना बनियाठेर स्थित कस्बा नरौली का हिस्ट्रीशीटर उस्मान अपने साथियों के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव में खपाने के लिए अवैध शस्त्र बना रहा था। मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बंद पड़े आईटीआई कालेज के कमरे में आरोपी शस्त्र फैक्ट्री संचालित कर रहा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करके अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने मौके से बने व अधबने तमंचे भी बरामद किए हैं।

शनिवार को पुलिस लाइन में हुई प्रेसवार्ता में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि अवैध शस्त्र बनाने वाले व शस्त्र फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चला रखा है। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि थाना मूंढापांडे क्षेत्र में बंद पड़े आईटीआई के भवन में अवैध शस्त्र बनाए जाने की फैक्ट्री संचालित हो रही है। फैक्ट्री हिस्ट्रीशीटर उस्मान निवासी कस्बा नरौली थाना बनियाठेर जनपद संभल चला रहा है। पुलिस

अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करते पुलिस अधीक्षक (नगर) अखिलेश भदौरिया।

अवैध शस्त्र फैक्ट्री से बरामद तमंचे। ● अमृत विचार

- आरोपी से बाइक और मोबाइल बरामद, बने-अधबने कई तमंचे भी मिले

की टीम ने छापा मारा तो उस्मान मौके पर ही पकड़ा गया। वहां से तीन तमंचे, अधबने 11 तमंचे, 12 बोर की तीन नाल, 22 नाल 315 बोर, दो रेती, एक लोह काटने वाली आरी, उसके ब्लेड, प्लास, पेचकश, संडासी, लुखानी, 12 बोर के आठ कारतूस व एक खोखा कारतूस 315 बोर व अन्य शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं। पुलिस ने उस्मान के पास से बाइक व 310 रुपये, मोबाइल फोन भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि लोकसभा चुनाव होने वाले है, जिसमें लोग तमंचों की मांग करते हैं। मांग के अनुसार ही तमंचे बनाकर दिए जाते हैं। एक तमंचा तीन से साढ़े तीन हजार रुपये में बिकता है। पुलिस ने आरोपी उस्मान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

उस्मान के खिलाफ दर्ज हैं 45 केस

मुरादाबाद, अमृत विचार : एसपी सिटी ने बताया कि उस्मान संभल के बनियाठेर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ चोरी, लूट, डकैती सहित अन्य मामलों में 45 केस दर्ज हैं। 2011 में सबसे पहले चंदौसी थाने में दर्ज हुआ। संभल से बहजोई, बनियाठेर, हयातनगर थानों में आरोपी के खिलाफ मामले दर्ज हैं। मुरादाबाद के सिविल लाइंस, कुंदरकी थाना के अलावा अमरोहा के डिडौली थाना में जानलेवा हमले का मामला दर्ज है।

खुलासा करने वाली टीम

मुरादाबाद, अमृत विचार : अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा करने व आरोपी को गिरफ्तार करने का कार्य थाना मूंढापांडे प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र कुमार ने टीम के साथ किया है। जिसमें वरिष्ठ उपनिरीक्षक मदनपाल सिंह, दरोगा अनंगपाल सिंह, हेड कांस्टेबल जबर सिंह, सिपाही दिग्विजय सिंह, अरुण कुमार व अरुण तोमर शामिल रहे।

सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 14 लाख की ठगी

मुरादाबाद, अमृत विचार: शातिर ठग ने बेरोजगार युवक को ग्राम विकास अधिकारी के पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 14 लाख रुपये से अधिक की ठगी कर डाली। पीड़ित युवक ने एसएसपी से शिकायत कर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई हैं।

थाना ठाकुरद्वारा क्षेत्र के सुरजन नगर निवासी विशाल कुमार आर्य ने एसएसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी मुलाकात उत्तराखंड के नैनीताल हल्द्वानी निवासी जितेंद्र चौधरी से हुई थी।

जितेंद्र ने विशाल को बताया कि वह लोगों की सरकारी विभाग में नौकरी लगवाता है। विशाल ने 2023 में ग्राम विकास अधिकारी पद के लिए परीक्षा भी दी थी। जिस पर जितेंद्र ने विशाल को परीक्षा में पास कराकर नौकरी लगवाने का झांसा दिया। इस दौरान विशाल ने जितेन्द्र के बताए अनुसार बैंक खाते में बीती 18 सितंबर 2023 को आठ लाख, 30 अक्टूबर 2023 को एक लाख साठ हजार, 25 अक्टूबर 2023 को दो लाख 50 हजार, 26 अक्टूबर को दो लाख, 27 अक्टूबर को 80 हजार रुपये मिलाकर कुल 14 लाख 90 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। काम न होने पर विशाल ने फोन किया तो वह टालमटोल करने लगा। बाद में फोन स्विच आफ कर लिया।

ईपीसीएच चुनाव के लिए दोबारा शुरू हुआ ऑनलाइन मतदान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पहले ई-वोटिंग के सिस्टम में गड़बड़ी बताकर निरस्त हो गई थी प्रक्रिया
- ईपीसीएच चुनाव की ऑनलाइन ई-वोटिंग तीन अप्रैल तक जारी रहेगी

अमृत विचार: 23 से 27 मार्च तक हुई ई-वोटिंग के सिस्टम में गड़बड़ी की कथित शिकायतों के चलते ईपीसीएच चुनाव में निरस्त की गई ऑनलाइन मतदान की प्रक्रिया शनिवार को एक बार फिर से शुरू कर दी गई। ई-वोटिंग का लॉक खुलते ही मुरादाबाद में ईपीसीएच के अधिकतर सदस्य निर्यातकों ने अपना वोट ऑनलाइन सबमिट कर दिया। ईपीसीएच चुनाव की ऑन लाइन ई-वोटिंग तीन अप्रैल तक जारी रहेगी।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की प्रशासनिक समिति (सीओए) के सदस्य पद के लिए मतदान की प्रक्रिया पूर्व में 23 मार्च को शुरू की गई थी। यह 27 मार्च को खत्म होनी थी। अंतिम दिन ई वोटिंग में कथित गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद हस्तशिल्प विकास आयुक्त कार्यालय के अधीन नियुक्त रिटर्निंग कमेटी ने मतदान प्रक्रिया निरस्त कर दी थी। ई-वोटिंग सिस्टम की त्रुटि दूर करने के बाद शनिवार को मतदान प्रक्रिया दोबारा शुरू की गई जो तीन अप्रैल तक चलेगी। चार अप्रैल को चुनाव परिणाम घोषित होगा। मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष नवेदउर्रहमान, लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय गुप्ता जिम्मी ने मुरादाबाद के अधिकतर निर्यातकों द्वारा शनिवार को ही अपना वोट डाल दिए जाने की बात कही है। सीओए सदस्य के चुनाव में ईपीसीएच के सेंट्रल रीजन से दो पदों पर मुरादाबाद के चार निर्यातक उम्मीदवार हैं। मुरादाबाद समेत सेंट्रल रीजन के 2700 मतदाता निर्यातकों की तरफ से उनकी किस्मत तय की जानी है। चुनाव में दो-दो उम्मीदवारों को खड़े करके मुरादाबाद हैंडीक्राफ्ट्स एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन व लघु उद्योग भारती आमने- सामने हैं।

कांग्रेस ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर शनिवार को जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने आरोप लगाया कि ईडी व इनकम टैक्स के जरिए भाजपा विपक्षियों दलों के नेताओं को आतंकित कर रही है। कहा कि कांग्रेस के खातों से पहले 136 करोड़ का आयकर वसूलने के बाद पिछले सात सालों के रिटर्न निकलवाकर 1900 करोड़ रुपये की जुर्माना वसूली का नोटिस चुनाव के समय में आयकर विभाग ने दिया है। जिलाध्यक्ष ने भाजपा पर विपक्ष विहीन राजनीति करने की कोशिश करने व

कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- आयकर विभाग द्वारा बैंक खाता फ्रीज करने पर जताई नाराजगी

लोकतंत्र को कलंकित करने का आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस पार्टी का बैंक खाता नरेंद्र मोदी सरकार के इशारे पर आयकर विभाग ने फ्रीज किया है। जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन के प्रतिनिधि को सौंपा गया। इस दौरान राजेंद्र वाल्मीकि, अनूप दुबे, अजय सारस्वत सोनी, अमीरुल हसन जाफरी, विवेक गुप्ता, अकरम खां, अफजल साबरी, श्याम बाबू वाल्मीकि, भयंकर सिंह बौद्ध, शिशुपाल जाटव, इरशाद हुसैन, अनुराग शर्मा, मोहतशीम मुख्तार, गौरव त्रिवेदी रहे।

10 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

मुरादाबाद, अमृत विचार: सिविल लाइंस थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक महिला को स्मैक की तस्करी करते हुए पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़ी गई महिला के पास से 10 ग्राम स्मैक बरामद करने के बाद उसके खिलाफ एनडीपीएस में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना सिविल लाइंस में तैनात महिला सिपाही रीता तेवतिया हेड कांस्टेबिल राजेश कुमार, सिपाही संजय कुमार व महिला सिपाही रितु के साथ देर रात में फकीरपुरा क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान समाज कल्याण कार्यालय के सामने ब्रास तिराहा पर एक महिला आती दिखाई दी। पुलिस ने महिला को रोका तो वह घबरा गई और भागने का प्रयास करने लगी। घेराबंदी कर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 10 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

ऐसा हो सांसद : जनता की समस्या से रखे सरोकार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मुरादाबाद में सांसद के चयन की बात पर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं का कहना है कि सरकार की योजनाओं का पारदर्शिता के साथ लाभ दिलाए और जनता की बीच रहकर समस्याओं का निरस्ताण कराएं, पीड़ितों से सरोकार रखे। ऐसा हो हमारा सांसद।

मुरादाबाद की जनता अब चुने जाने वाले सांसद से ढेर सारी उम्मीदें लगाए बैठी है। कोई आयुष्मान कार्ड के नियमावली से परेशान है तो कोई प्रधानमंत्री आवासीय योजना के आवेदन के बाद विभागीय अधिकारियों की सुविधा शुल्क की मांग से। कोई कच्चे माल पर जीएसटी देने से कारोबार खत्म होने की बात कहता मिला तो किसी ने अतिक्रमण से परेशान दुखड़ा रोया। लोगों ने कहा की किसी रोजी रोटी पर आए संकट का हल करने वाले को देंगे वोट।

सांसद से जनता की उम्मीद पर विपुल बोले आयुष्मान कार्ड योजना के लिए सरकार को फिर से जनगणना करानी चाहिए। आयुष्मान कार्ड बनाने में स्वास्थ्य कर्मी खेल कर रहे हैं। जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड नहीं बन पा रहे हैं। वहीं, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना का ऑनलाइन आवेदन किया जाता है। जिसकी जानकारी के लिए विभाग द्वारा प्रचार नहीं किया जाता। जिससे आम जनमानस इस योजना के लाभ से वंचित है।

-विपुल रस्तोगी, दुर्गा मंदिर रोड पर फर्नीचर कारोबारी

गरीब और पात्रों के राशन कार्ड से नाम काट दिए जाते हैं। लाख कोशिश के बाद भी राशन कार्ड में दोबारा नाम बिना पैसे के नहीं चढ़ पाता। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास के लिए कार्यालय में 10 हजार की रिश्वत मांगी जाती है। सांसद अगर जनता के बीच रहेगा तो गरीब जनता को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल सकेगा और गरीबों को रिश्वत के लिए कर्ज नहीं मांगना पड़ेगा। ऐसे प्रत्याशी को वोट देंगे। जो गरीबों का भला कर सके।

-अरुण कुमार उर्फ बबलू, लाइनपार शास्त्री नगर निवासी

सांसद राजनीति करता है। वह जनता का ख्याल रखे सबसे पहले वह सरकार से वेतन न ले। महानगर के बड़े व्यापारी, कारोबारी सांसद से मिलकर लाभ उठाते हैं और पिछड़े, अति पिछड़े वर्ग के छोटे-छोटे कारोबारी पर जीएसटी का कानून थोप दिया गया। सांसद संसद में गरीब जनता की आवाज उठाने वाला होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सांसद जनता के बीच रहकर उनके दुख-दर्द को समझे ऐसा न हो की जनता जाए तो उनके लोग बाहर जाने की बात कह कर जनता को टरका दें।

-पंडित गजेंद्र प्रसाद पाराशर

नगर निगम के जबरन अतिक्रमण हटाने में हमारी दुकान चली गई। गरीब जनता के वोट से चुने जाने वाला सांसद गरीबों की बात कहे और उनकी समस्या सुलझाए। यदि नगर के विकास के लिए कहीं अतिक्रमण हटाना जरूरी है तो सालों से परिवार को पालने के लिए रोजी-रोटी चलने वाले की कोई वैकल्पिक व्यवस्था की बात करने वाला सांसद हो। सांसद ऐसा हो जो क्षेत्र की समस्याओं के समाधान को समय दे। लोगों के सुख दुख में शामिल हो। समय-समय पर क्षेत्र का भ्रमण करे।

-हबीब खान, गलशहीद

आयोजन साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय में साहित्यकार मिलन गोष्ठी का आयोजन

सिर्फ चुनावों के समय वोटर होता खास...

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : साहित्यकार अशोक विश्नोई के सम्मान में जीलाल स्ट्रीट स्थित साहित्यिक मुरादाबाद शोधालय में साहित्यकार मिलन गोष्ठी हुई। साहित्यकारों ने शोधालय में संरक्षित दुर्लभ साहित्य, पांडुलिपियों, प्राचीन पत्रिकाओं और स्मारिकाओं को देखा। कहा कि मुरादाबाद की साहित्यिक विरासत को संजोने में यह महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

हेमा तिवारी भट्ट द्वारा प्रस्तुत मां सरस्वती वंदना से काव्य गोष्ठी की शुरुआत हुई। इसकी अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार वीरेंद्र सिंह बृजवासी ने सुनाया होली का हर रंग मुबारक, इक दूजे के संग मुबारक, जीवन भर हंसने-गाने का, ऐसा सुंदर

जीलाल स्ट्रीट में साहित्यकार मिलन गोष्ठी में रचना पढ़ती कवित्री। ● अमृत विचार

ढंग मुबारक। अशोक विश्नोई ने जीवन संघर्षों को कुछ इस तरह उकेरा ...थका-थका सा जीवन अपना, बोझ बहुत है भारी, चलते- चलते पांव थके हैं, आधी मिली न सारी। संचालक डॉ. मनोज रस्तोगी ने चुनावी माहौल पर अपनी रचना सुनाई ...जैसे तैसे बीत गए पांच साल रे भैया, लगा बिछने वादों का जाल रे भैया, सोच समझकर इस बार करना तुम मतदान, बाद में न करना पड़ जाए मलाल रे भैया।

फक्कड़ मुरादाबादी ने कहा आदमी में किस तरह विष भर गया है, विषधरों का वंश भी अब डर गया है, कल सुनोगे आदमी के काटने से कोई सांप रास्ते में मर गया है। योगेन्द्र वर्मा 'व्योम' ने चुनावी दोहे सुनाये आजादी के बाद का बता रहा इतिहास, सिर्फ चुनावों के समय, वोटर होता खास, राजीव प्रखर ने थोड़ी सी हमको हिचक हुई, थोड़ा सा वो भी शर्माए सुनाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। हेमा तिवारी भट्ट ने कहा हंसी ठिठौली नेह की, भरती सारे घाव, हास और परिहास का, बना रहें सद्भाव। फरहत अली खां ने अपनी रचना चलो झगड़े पुराने खत्म कर लें, नए पौधे पनपना चाहते हैं से वाहवाही पाई। दुष्यंत बाबा ने हास्य की फुलझड़ी गुझिया खाकर मेढ़की मले पेट पर हींग छोड़ी। राशिद हुसैन ने आह्वान किया ....बहुत जरूरी एक काम करें हम चलो मतदान करें। गोष्ठी में ओम प्रकाश रस्तोगी, मालती रस्तोगी, गिरीश चंद्र भट्ट उपस्थित रहे। आभार शिखा रस्तोगी ने व्यक्त किया।

आवासीय विद्यालय की वार्डन को विदाई दी

मुरादाबाद, अमृत विचार : विहान बालिका आवासीय निर्माण श्रमिक विद्यालय आशियाना फेज दो में शनिवार को आवासीय विद्यालय की वार्डन बीना देवी को विदाई दी गई। कर्मचारियों ने उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया।

शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने छात्राओं के साथ केक काटा और उन्हें स्मृति स्वरूप उपहार भेंट किए। लेखाकार मोहसिन अहमद खान ने आवासीय विद्यालय की ओर से स्मृति चिह्न भेंट किया। बताया कि बीना देवी 2016 से बालिका विद्यालय में वार्डन के पद कार्यरत रहीं। उन्हें शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह ने दिया था। इस दौरान शिक्षिका शोभा तिवारी, प्राची वर्मा, लेखाकार मोहसिन खान, मधुरिमा, दीपक, रिंकी, फातिमा, शोभा, प्राची, नईम फातिमा, राखी, मधुरिमा, दीपक खोसला मौजूद रहे।

दिव्यांग, वृद्ध मतदाताओं के लिए बूथ पर होगी व्हील चेयर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 19,300 दिव्यांगों के लिए 1,105 बूथों पर है मतदान की व्यवस्था

अमृत विचार : निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्येक बूथ पर वृद्धों और दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के अनुसार जिले में 1,105 बूथों पर व्हील चेयर की व्यवस्था होगी। महानगर में एडीएम सिटी के नेतृत्व में और नगर निगम से लेकर नगर पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्र में इसकी व्यवस्था जिला पंचायत राज अधिकारी की देखरेख में होगी।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विजय यादव ने बताया की जिले में 19,300 दिव्यांग हैं। जिले में 1,145 बूथों में से 1,005 पर दिव्यांग मतदाता मतदान के लिए पंजीकृत हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांग व वृद्ध मतदाताओं के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की जा रही है। जिससे कोई दिव्यांग व वृद्धजन मतदान के अधिकार से वंचित न रहे जाए।

देहात क्षेत्र में पिछली बार की तरह एएनएम व ग्राम प्रधान के ग्राम स्वास्थ्य पोषण स्वच्छता समिति के संयुक्त खाते से व्हील चेयर खरीदी जाएंगी। महानगर के दिव्यांग और वृद्धजनों के लिए नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायत की ओर से व्हील चेयर की व्यवस्था की जाएगी। इस व्यवस्था के सभी संबंधित विभागों को तीन दिन समय दिया है।

ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर महिला से ठगी

मुरादाबाद, अमृत विचार: ऑनलाइन लोन दिलाने के नाम पर शातिर ठग ने एक महिला से हजारों रुपये की ठगी कर डाली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है। थाना कटघर क्षेत्र के देवापुर निवासी हुकुम सिंह की पत्नी जयवंती ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि पेटीएम के माध्यम से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे 25 लाख रुपये का लोन दिलाने के बहाने झांसे में ले लिया। जिसके तहत आरोपी ने महिला से लोन दिलाने के नाम पर सबसे पहले 1999 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कराए। जिसके बाद आरोपी ठग ने लोन अप्रूवल लेटर भेजा और कहा कि आपका लोन पास हो चका है। जिसके लिए आपको 4450 रुपये देंगे होंगे। इसी तरह आरोपी ने कई बार में महिला से 53,250 रुपये ट्रांसफर करा लिए, लेकिन लोन पास नहीं हो पाया। पीड़िता की शिकायत पर कटघर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

एक नजर

सूखे पेड़ों की अनुमति लेकर काटे हरे आम के पेड़

नौगांवा सादात, अमृत विचार : बाग के स्वामी ने आम के सूखे आठ पेड़ों की अनुमति लेकर हरे पेड़ कटवा दिए। लकड़ी को इधर-उधर कर दिया। लेकिन वन विभाग को 100 पेड़ काटने की सूचना मिली तो टीम ने आम की लकड़ी से भरी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ लीं। वन रेंजर विनोद कुमार सहघवान ने बताया कि सूखे पेड़ों की अनुमति ली थी। लेकिन आम के हरे सात पेड़ों पर नियम विरुद्ध आरी चला दी गई। लकड़ी से भरे ट्रैक्टर को सीज कर दिया गया है। बाग स्वामी व लकड़ी के ठेकेदार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

रुपये मांगने पर ग्रामीण को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

हसनपुर, अमृत विचार : गांव शाहपुर खुर्द निवासी यशपाल के गांव के ही महिपाल व विमल पर कुछ रुपये उधार थे। उसने रुपये मांगे तो दोनों भड़क गए और यशपाल को लाठी डंडों से मारा पीटा जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति ने कोतवाली पहुंचकर महिपाल व विमल के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

अधिवक्ता जितेन्द्र के निधन पर हुई शोकसभा

हसनपुर, अमृत विचार : वरिष्ठ अधिवक्ता जितेंद्र मोहन शुक्ला के निधन पर दुख व्यक्त किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोकसभा में तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार ने कहा जितेंद्र मोहन शुक्ला जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजिक कार्यकर्ता थे। उनके निधन से समाज को अपूर्णनीय क्षति हुई है। इस दौरान बार अध्यक्ष गंगासरन एडवोकेट, कनिष्ठ उपाध्यक्ष फतेह सिंह, रमेश चंद्र, केशव प्रजापति, अरविंद शर्मा, विनोद त्यागी, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष शिवचरन सिंह, सागर दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

बाइक पर रखा बैग चोरी

हसनपुर, अमृत विचार : गजरौला नगर के मोहल्ला विजय नगर निवासी बॉबी चौधरी एक टेलीकॉम कंपनी में काम करता है। वह शुक्रवार को अपने दोस्त गौरव के साथ किसी कार्य से ग्राम अगरौला से हसनपुर को आ रहा था। रास्ते में वह रुका तो बाइक पर रखा बैग गायब था। बैठक में बाइक के कागज, बायोमेट्रिक मशीन, टैबलेट व सिम कार्ड थे। दोनों ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

ओवरटेक के प्रयास में गई चालक व छात्रों की जान

कार में सवार 11 छात्र प्रवेश परीक्षा देने जा रहे थे दिल्ली, मेरठ एक्सप्रेस-वे पर हुआ हादसा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव कांकर सराय निवासी अनस (22) पुत्र आशिक अली अपनी कार से 11 छात्रों को दिल्ली स्थित जामिया इस्लामिया में छठी कक्षा के लिए प्रवेश परीक्षा दिलाने जा रहा था। जब वह गाजियाबाद में क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में पहुंचा तो यहां दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर खड़े डंपर से टकराकर कार पलट गई। इस बीच साइड में चल रही डीसीएम भी कार से टकराकर पलट गई। इस हादसे में कार चालक मोहम्मद अनस, छात्र उनेश और आजम की मौत हो गई। जबकि कार सवार आठ छात्र, डीसीएम चालक व एक अन्य भी घायल हो गया।

मोहम्मद अनस

बताया गया कि दुर्घटना शनिवार सुबह 6 बजकर 23 मिनट पर हुई। हाईवे पर डंपर कार से आगे चल रहा था। कुछ दूर चलकर डंपर रुक गया। लेकिन अनस कार की रफ्तार धीमी नहीं कर सका। ओवरटेक करने के प्रयास में कार डंपर से टकरा गई। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने रेस्क्यू कर कार में फंसे छात्रों को निकाला। कई घायल छात्रों को सर्वोदय और सीएम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। मामूली रूप से एक घायल छात्र को जिला अस्पताल एमजी में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। कार चालक को नींद की झपकी आने की भी संभावना जताई जा रही है।

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त कार। ● अमृत विचार

कार में सवार थे ये छात्र

विजय (12) पुत्र अरविंद, रिहान (12) पुत्र इस्लाम, मोहम्मद ओवैस (13) पुत्र बबलू अहमद, आरिश (12) पुत्र फईमुद्दीन, उवैस (12) पुत्र फयूम अहमद, अर्श (12) पुत्र मोहम्मद हसन, फैजान (12) पुत्र साबिर, कोशिंदर (11) पुत्र धन सिंह, जियान (10) पुत्र अलीम व अन्य छात्र सवार थे। ये छात्र अलग-अलग जनपदों के रहने वाले हैं।

तीन माह के बच्चे के सिर से उठा पिता का साया

अमरोहा, अमृत विचार : कार चालक के पिता आशिक अली ने बताया कि अनस की दो साल पहले डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पतेई खालसा की युवती से शादी हुई थी। उसका तीन माह का एक बेटा है। अनस कार मैकेनिक भी था। अब से कुछ साल पहले वह सऊदी अरब में कार ठीक करने का काम करता था। लेकिन घर आने के बाद वह अपनी कार भी चलाने लगा था। वह चार तीन भाई और एक बहन में सबसे बड़ा था। उधर, देर शाम पोस्टमार्टम के बाद कार चालक का शव घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मचा गया। इस दौरान उसकी पत्नी कई बार बेहोश हो गई।

मढ़न का रहने वाला था आजम

संभल/ओबरी, अमृत विचार : गाजियाबाद में कार सवार असमोली थाना क्षेत्र के गांव मढ़न निवासी छात्र की मौत हो गई। हादसे में गांव निवासी उसका साथी घायल हो गया। गांव मढ़न निवासी पूर्व प्रधान अशरफ हुसैन का मोहम्मद आजम अमरोहा स्थित सेंटर पर कोचिंग कर रहा था। शनिवार तड़के चार बजे वह गांव के ही फैजान के साथ कार में सवार होकर परीक्षा देने दिल्ली जा रहा था। इस बीच गाजियाबाद में कार पलटने से मोहम्मद आजम व फैजान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कार से निकालकर घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने देखते ही मोहम्मद आजम को मृत घोषित कर दिया। फैजान का उपचार किया गया। बेटे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे।

कोतवाली के पास तीन दुकानों में चोरी

संवाददाता, डिडौली

अमृत विचार : डिडौली कस्बे में कोतवाली से चंद कदम दूर चोरों ने तीन दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। मोबाइल व कपड़े की दुकानों से कई लाख रुपये का सामान चुरा लिया। साथ ही चोरों ने ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़ दिए। सीसीटीवी कैमरों में चोरों की तस्वीर कैद हो गई। दुकानदारों ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली से चंद कदम अख्तर मार्केट है। शुक्रवार देर रात चोर मार्केट में पहुंचे और यहां पवन भारद्वाज की मोबाइल की दुकान के ताले तोड़कर 30 स्मार्टफोन, कीपैड मोबाइल व 80 हजार रुपये की नकदी चुरा ली। इसके बाद सैफ क्लॉथ हाउस के ताले तोड़कर कपड़ा, नकदी और मोबाइल चुरा ले गए। बाद में पूरनपुर रोड स्थित कुलदीप गुप्ता की दीप ज्वैलर्स की दुकान के ताले तोड़ दिए। लेकिन रास्ते में लोगों की आहट होने पर चोर वहां से भाग निकले। इस दौरान दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरों की तस्वीर कैद हो गई। सुबह दुकानदारों ने कोतवाली में तहरीर दी।

व्यापारी उपभोक्ता फोरम संस्थान के पदाधिकारियों ने प्रभारी निरीक्षक से मुलाकात कर क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियां रोकने व गश्त बढ़ाने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर चोरी का खुलासा करने को कहा। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने बताया कि चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

कोतवाली में एसएसआई को शिकायती पत्र देते व्यापारी। ● अमृत विचार

हजरत अली की यौमे जर्बत पर शबीहे ताबूत हुआ बरामद

संवाददाता, सैदनगली

▸▸ शहादत का जिक्र सुनकर रोये अजादार, मातम किया

अमृत विचार : नगर में महल वाली शिया जामा मस्जिद से हजरत अली की यौमे जर्बत के सिलसिले में शबीहे ताबूत बरामद हुआ। सबसे पहले फज्र की नमाज के बाद मस्जिद में एक मजलिस हुई। मसियाखुवानी नसीमुल हसन और हमनवा ने की।

मजलिस को मौलाना हसन रजा मुजफ्फरनगरी ने खिताब किया। कहा कि हजरत अली कायनात के सबसे बहादुर थे। रसूल ने कहा था कि मैं इल्म का शहर हूं और अली उसका दरवाजा हैं। अली की मोहब्बत ईमान है।

हर नबी ने मुश्किल में अली को पुकारा है, क्योंकि अली को मुश्किल कुशा का खिताब मिला है। 19 रमजान की सुबह मस्जिदे कूफा में नमाजे फज्र में सजदे की हालत में अब्दुल रहमान इब्ने मुलजिम जालिम ने हजरत अली के सिर पर जहर में बुझी हुई जर्बत लगाई थी जिससे 21 रमजान को उनकी शहादत हो गई। यह जिक्र सुनकर अजादार रोये और मातम किया। मजलिस के बाद ताबूत बरामद हुआ।

मौला अली के शबीहे ताबूत पर भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, सभासद अमित गुर्जर व भाजपा कार्यकर्ता अभय त्यागी ने फूल चढ़ाए। जुलूस तयशुदा रास्तों से होता हुआ पीर जी इमामबारगाह पहुंचकर संपन्ना हुआ। जुलूस में नोहे सुहैल अब्बास, मुहम्मद हैदर, मिसाल अब्बास ने पढ़े।

प्रत्याशी दानिश अली समेत 13 ने खरीदे नामांकन पत्र

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट परिसर में दूसरे दिन शनिवार को भी नामांकन प्रक्रिया जारी रही। हालांकि कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं हुआ। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली समेत 13 दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे।

जिले में लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए 28 मार्च से नामांकन प्रक्रिया चल रही है। प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के लिए नामांकन पत्र खरीदा गया। इनके अलावा 6 निर्दलीय व 7 अन्य दलों के लिए भी दावेदारों ने समर्थकों ने नामांकन पर खरीदे। अब तक कुल 30 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे हैं। यह नामांकन प्रक्रिया 4 अप्रैल तक चलेगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। फिर नाम वापसी होगी। शनिवार को नामांकन प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम रहे। सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 3 बजे तक अमरोहा जोया रोड वन वे किया गया था। बंबूगढ़ चौराहे एवं कचहरी चौराहे पर बैरियर लगाए गए थे।

नामांकन प्रक्रिया के दौरान अमरोहा-जोया रोड पर लगाए गए बैरियर।

बिना अनुमति कार्यक्रम करने पर इंडिया गठबंधन प्रत्याशी पर होगी कार्रवाई

हापुड़, अमृत विचार : गढ़मुक्तेश्वर स्थित एक होटल में बिना अनुमित के कार्यकर्ता परिचय सम्मेलन आयोजित करने पर अमरोहा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली के खिलाफ आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन में कार्रवाई होगी।

गढ़मुक्तेश्वर की एसडीएम साक्षी शर्मा ने बताया कि गठबंधन प्रत्यशी की ओर से बिना अनुमति राजनीतिक कार्यक्रम किया जा रहा था। सूचना के बाद पुलिस व तहसील प्रशासन की टीम मौके पर भेजकर वीडियोग्राफी कराई गई। इस मामले में आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन के तहत कार्रवाई होगी।

उधर, दानिश अली ने बताया कि प्रशासन से कार्यक्रम की अनुमति ऑनलाइन मांगी गई थी, लेकिन तकनीकी समस्या के चलते अनुमति स्वीकृत नहीं हो पाई थी।

भाकियू शंकर की पंचायत में बोलते राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह। ● अमृत विचार

पंचायत में उठाए किसानों के मुद्दे

संवाददाता, हसनपुर

अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन शंकर की मासिक पंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि नई खतौनी बनाई जा रही है। उसमें बहुत त्रुटियां हैं।

लोगों के नाम नई खतौनी से गायब हैं। जल्द नई खतौनी को संशोधित कराया जाए। नगर के अमरोहा मार्ग स्थित मंडी समिति के परिसर में भाकियू शंकर की मासिक पंचायत हुई। इसके बाद किसानों की समस्या से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा कि क्षेत्र में कुत्तों व बंदरों ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस लोगों को मुचलके पर पाबंद कर रही है, जो गलत है। किसानों से ग्रीन कार्यालय के नाम पर काफी पहले जमीनों का बैनामा करा लिया गया है, लेकिन आज तक किसानों के खाते में कोई पैसा नहीं आया। इस दौरान महिलाल सिंह, उदयवीर सिंह, धीरज सिंह, देवेंद्र सैनी, ओमपाल सिंह, जगरूप, महिपाल सिंह सैनी, धर्मपाल सिंह, नेतराम सिंह, बुद्ध प्रकाश, हरी सिंह, राजू, सुनील, शेर सिंह राणा आदि रहे।

शिक्षा

ब्रिलिएंट स्कॉलर्स पब्लिक इंटर कॉलेज में परीक्षाफल का किया गया वितरण

शिक्षा से ही विकास संभव, बच्चों को मेहनत से पढ़ाना जरूरी : मंत्री

संवाददाता, नौगांवा सादात,

अमृत विचार : ब्रिलिएंट स्कॉलर्स पब्लिक इंटर कॉलेज में शनिवार को परीक्षाफल वितरण किया गया। इस दौरान मंत्री ओमप्रकाश गोला ने कहा कि शिक्षा से ही विकास संभव है। इसलिए बच्चों को मेहनत के साथ पढ़ना चाहिए।

बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रबंधक डॉ. मोमराज सिंह गुर्जर व प्रधानाचार्य बेगराज सिंह यादव ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अवनी चौधरी, शिवाय मावी, यश सैनी, दीपिका पूनिया, दिशु, पीहू पौषवाल, आदर्श पोसवाल, इक्षित राजपूत, हिमांक यादव, रीतिका जाटव, हार्दिक संधु, आरूषि सैनी, मोहम्मद आहद, रुद्रअंजय मावी, मोहम्मद समद, तनवी पोशवल, आराध्या यादव, अलशिफा, कृष्णा पोसवाल,

प्रसन्न मुद्रा में ब्रिलिएंट स्कॉलर्स पब्लिक इंटर कॉलेज के बच्चे, साथ में अन्य।

▸▸ बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोहा

खुसप्रीत देवल, खुशबू चौधरी, वंदना पोशवाल, अंश चौहान, जिया रानी, अंशिका गोला, निधि प्रजापति, कुणाल यादव, मौली यादव, यशु चौहान, अनुम मंसूरी, आर्यन यादव, सत्यम यादव, कणिका राणा, जतिन चौहान, इशिका प्रजापति, जिया फातिमा, हिमाद्री सैनी, शगुन यादव, नितेश कुमार को प्रमाण पत्र बांटे। इस मौके पर श्रीराम इंटर कॉलेज के प्रबंधक ईश्वर सिंह यादव, पूर्व ब्लॉक प्रमुख डॉ. शांता गुर्जर, मनोज वर्मा, सुधांशु विश्नोई, डॉ. निधि गुर्जर, डॉ. अर्पित गुर्जर, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

प्रमाण पत्र दिखाते एचएसएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी।

एचएसएस पब्लिक स्कूल में बच्चों को किया सम्मानित

हसनपुर, अमृत विचार : एचएसएस पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से 11वीं तक के बच्चों का रिपोर्ट कार्ड दिवस आयोजित हुआ। कक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी में लावण्या मित्तल, आरव गहलोत, हितांशी अग्रवाल, ऐमान खान, कियारा राजपूत, शिलादित्य त्रिवेदी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 9वीं में दिव्यांशी गौड़, जयदीप सैनी, सानिया प्रथम रही। प्रबंधक राजीव अग्रवाल ने सभी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रधानाचार्य वरुण मोहन गुप्ता, उप प्रधानाचार्य अंकुर आदि मौजूद रहे।

भाजपा नेता के भतीजे पर तेंदुआ ने किया हमला

मंडी धनौरा, अमृत विचार: फंदेड़ी सादात में तेंदुआ ने भाजपा नेता के भतीजे पर हमला कर उसे घायल कर दिया। उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। गांव फंदेड़ी सादात में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री मनव्वर अली का परिवार रहता है।

मनव्वर अली ने बताया कि शनिवार सुबह 8 बजे उनका भतीजा जफर अब्बास (22) खेत पर चारा लेने गया था। वह चारा काट रहा था तभी तेंदुआ ने उस पर हमला कर दिया। तेंदुआ ने गर्दन पर वार किया। चीख पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान उसके पास पहुंचे। घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है।

सार-संक्षेप

गांव जीवपुर मुस्तकम में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

घटिया सामग्री लगाने के विरोध में ग्रामीणों का प्रदर्शन

रहरा, अमृत विचार : विकास खंड गंगेश्वरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत जीवपुर मुस्तकम के प्राथमिक विद्यालय में नए भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसमें घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाते हुए शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। ग्रामीण यशपाल ने बताया कि इसमें चिनाई मसाला भी मानक के अनुसार नहीं लग रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि मानक के अनुसार सामग्री का प्रयोग किया जाए, ऐसा नहीं किया गया तो समस्त ग्रामीण उपजिलाधिकारी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। गांव के सरकारी स्कूल का भवन नीचा था और फिर भी नीचा बन रहा है। इसकी ऊंचाई बढ़ाई जाए। एसडीएम भगत सिंह ने बताया कि अभी कोई शिकायती पत्र नहीं मिला है। आरोपों की जांच कराई जाएगी। प्रदर्शन करने वालों में त्रिलोकी, आकाश, लोकेश, यशपाल, कुलदीप, मोहित, धर्मवीर, पुष्पेंद्र सिंह, कपिल कुमार, पप्पू सिंह, नेतराम सिंह, राजपाल सिंह, विनोद कुमार, जगदीश शर्मा, धर्मपाल, सुमित कुमार, राधेश्याम, गिरवर आदि मौजूद रहे।

अल्लाह ने ईमान वालों पर फर्ज किए रोजे : अली

सैदनगली, अमृत विचार : नगर में डॉ. शादाब अली सैफी ने कहा कि अल्लाह ने रमजान में ईमान वालों पर रोजे फर्ज किए हैं। कुरआन में अल्लाह का फरमान है कि ऐ ईमान वालों तुम पर रोजे इस तरह से फर्ज किए गए हैं, जैसे कि तुमसे पिछले वालों पर फर्ज किए गए थे। अल्लाह ने ईमान वालों पर रोजे इसलिए वाजिब किए ताकि वे मुत्तकी परहेजगार बन जाए। जो इंसान रोजा भी रखे और वह मुत्तकी न बन सके तो समझो उसके रोजे का कोई फायदा नहीं है। सिर्फ उसने बेवजह भूख प्यास को बर्दाश्त किया। रोजे की हालत में इंसान कोई भी गुनाह नहीं करेगा तभी उसका रोजा कबूल किया जाएगा। रोजा रखने से इंसान दिमागी व जिस्मानी तौर से ताकतवर हो जाता है। रोजा भी नमाज की तरह इंसान को बुराइयों से दूर रखता है।

मारपीट में महिला के कान का पर्दा फटा

हसनपुर, अमृत विचार : गांव गुलामपुर निवासी अशोक की पत्नी मोरकली शुक्रवार दोपहर उपले रख रही थी। अशोक खेत पर गया था। इस बीच गांव निवासी गजेंद्र, चंपा व जयदेवी आ गए और उपले रखने को मना करने लगे। दोनों में कहासुनी हो गई। तीनों आरोपियों ने मोरकली पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। इससे मोरकली के कान का पर्दा फट गया। तीनों आरोपी ग्रामीणों को आता देख जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। पीड़िता अपने पति के साथ कोतवाली पहुंची और आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर गजेंद्र, चंपा एवं जयदेवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पतेई खादर के प्राथमिक विद्यालय में प्रमाण पत्र दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में विद्यार्थी पुरस्कृत

हसनपुर, अमृत विचार : पतेई खादर स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। प्रधानाध्यापक व उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यशपाल सिंह ने विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे। टॉपर आदित्य व राधिका को सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गौरव नागर, विजेंद्र सिंह, ऋषभ चौधरी, संदीप कुमार, राजीव सिंह, नन्हे सिंह, प्रेम सिंह आदि रहे।

मारपीट का वीडियो वायरल, एक पक्ष पर कार्रवाई का आरोप

हसनपुर, अमृत विचार : नगर में शनिवार को सोशल मीडिया पर दो वीडियो वायरल हुए। इसमें कुछ लोग एक घर पर चढ़ाई करते दिख रहे हैं और फिर मारपीट करते हैं। पीड़ित ने पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। वायरल वीडियो मोहल्ला काला शहीद का बताया जा रहा है। होली वाले दिन नगर के मोहल्ला काला शहीद में दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। एक पक्ष की तरफ से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। वहीं दूसरा पक्ष के अशरफ ने वायरल वीडियो के बारे में बताया गया कि यह वीडियो उस दिन का है, जब कुछ दबंगों ने उनके घर पर चढ़ाई की थी और उनके साथ मारपीट की थी। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि रंग वाले दिन मारपीट हुई थी। इसमें एक व्यक्ति घायल हुआ था। घायल के भाई ने तहरीर दी थी। उसके आधार पर कार्रवाई की गई।

दहेज के लिए महिला को दिया तीन तलाक, रिपोर्ट

अमरोहा, अमृत विचार : दहेज के लिए महिला के साथ मारपीट कर उसे तीन तलाक देने के मामले में पति समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है। यह मामला अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर का है। यहां के रहने वाले शमशेर ने अपनी बेटी शाइस्ता की शादी 10 साल पहले रजबपुर क्षेत्र के गांव अतरासी कलां निवासी अनवर के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले शाइस्ता को दहेज के लिए प्रताड़ित कर रहे थे। मायके से 50 हजार रुपये लाने का दबाव बनाते थे। आरोप है कि ससुराल वालों ने जून 2023 में शाइस्ता को मारपीट कर घर से निकाल दिया। इसके बाद वह मायके में रहने लगी। आरोप है कि 16 मार्च को पति अपने परिजनों के साथ मायके में आया। यहां दहेज की मांग करते हुए महिला को मारा पीटा। विरोध करने पर पति ने उसे तीन तलाक दे दिया। इसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायती पत्र दिया। थाना प्रभारी प्रेमपाल सिंह ने बताया कि पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

संगोष्ठी में मतदान के प्रति किया जागरूक

हसनपुर, अमृत विचार : झम्मनलाल पीजी कॉलेज में शनिवार को हुई संगोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा ने मतदान के लिए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया। लोगों को शपथ ग्रहण कराई गई। भूगोल विभाग की प्रवक्ता अंशु चौहान ने कहा कि जो युवा इस बार नए मतदाता बने हैं उन्हें अपने आप पर गर्व होना चाहिए। उन्हें अपनी सरकार चुनने का पूर्ण अधिकार है। इस दौरान जितेंद्र, गीता, रौनक, नीलम, सुनील, ललित कुमार राणा, तुषार, कुलदीप, पंकज, विश्वा, भावना, छाया व बृजेश आदि उपस्थित रहे।

छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर किया प्रेरित

मंडी धनौरा, अमृत विचार : नगर के भागीरथी देवी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से मोहल्ला महादेव स्थिति आनन्द धाम आश्रम में शिविर लगाया गया। छात्र-छात्राओं ने मोहल्ला हीरानगर में मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली। डॉ. अवनीश कुमार ने छात्र-छात्राओं व लोगों से कहा कि अच्छी सरकार चुनने के लिए सभी का मतदान करना आवश्यक है। इस दौरान ममता अग्रवाल, डॉ सुधा रानी, संजीव कुमार,लक्की, भूमिका, वंशिका, विधि आदि रहे।

धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

हसनपुर, अमृत विचार : गांव सकरौली मिलक निवासी प्रेमवती पत्नी रमेश व उसकी मां भगवान देई के पास राजपाल और मुरली निवासी रुखालू आए। उन्होंने उससे कहा कि कलुआ निवासी गांव सिरसा गुर्जर की जमीन खरीद लो। मां-बेटियों ने जमीन का सौदा कर लिया और 24 दिसंबर 2008 को पीड़िता की मां के नाम बैनामा पंजीकृत हो गया। पीड़िता ने राजस्व अभिलेखों में जांच कराई गई तो पाया गया कि भूमि जाटव समाज के कलुआ की है। भूमि बेचने वाला कलुआ गुर्जर है। 16 जनवरी 2024 को जब बैनामा निरस्त करने की मांग की तो आरोपी कलुआ भड़क गया। पीड़िता की जब कोतवाली में सुनवाई नहीं हुई तो उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश के बाद कलुआ, राजपाल व मुरली के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हुई है।

एक नजर

तमंचा के साथ युवक गिरफ्तार

असमोली, अमृत विचार : असमोली थाना क्षेत्र के गांव खानपुर बंद से जाने वाली सड़क पुख्ता के पास शनिवार को असमोली निवासी विपिन खड़ा हुआ था। संदिग्ध लगने पर किसी ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने विपिन से पूछताछ की, लेकिन विपिन पुलिस को यहां खड़े होने के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। तलाशी लेने पर तमंचा बरामद हुआ तो पुलिस ने विपिन को गिरफ्तार कर लिया।

मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई

संभल, अमृत विचार : राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा चौथे एक दिवसीय शिविर में श्रमदान किया गया। मानव श्रृंखला बनाकर बनाकर शिविरार्थियों को आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. प्रभा शर्मा ने कहा कि मतदान के प्रति हमेशा सजग और जागरूक रहना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। द्वितीय सत्र में शिविरार्थियों ने कविता और विचार लिखकर साझा किए। जिसमें पूजरा रानी, दिव्यांशु आरिष्ट, हुसन, समरा, सुल्ताना, अन्नू, शिव सागर, इमरान पठान ने हिस्सा लिया।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइकें टकराई, 5 लोग घायल

बहजोई, अमृत विचार : गांव चंदन कटी मौजा निवासी धनीपाल व योगेंद्र बाइक पर सवार होकर बहजोई से संभल की ओर जा रहे थे। गांव परतापुर के चौराहे पर उनकी बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। उनकी बाइक महोरा निवासी प्रदीप,उसका भाई प्रेम सिंह व चचेरा भाई प्रताप सिंह की बाइक से टकरा गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार पांच ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर कोतवाल सत्येंद्र कुमार भी पहुंच गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां हालत गंभीर बताते हुए जिला अस्पताल संभल रेफर कर दिया।

पकौड़ी खरीद रहे व्यक्ति को बाइक ने मारी टक्कर

संभल, अमृत विचार : आदमपुर मार्ग पर पानी की टंकी के पास निवासी इरफान शनिवार की देर शाम कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव चाचूनागल में स्थित सैलून बंद कर बाइक से घर आ रहा था। संभल आदमपुर मार्ग पर गांव खिरनी फैक्ट्री के पास इरफान बाइक खड़ी कर दुकान से पकौड़ी खरीद रहा था। अचानक से आई तेज रफ्तार बाइक ने इरफान में टक्कर मार दी। जिससे इरफान घायल हो गया।

पति की हत्या के आरोप में महिला व उसके प्रेमी को आजीवन कारावास

जिला सत्र अदालत ने दोनों पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/संभल

फैसला

2016 को संभल की शहजादी रोड सराय में हुई थी घटना

अमृत विचार : पति की हत्या में महिला और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास और 10-10 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। घटना 17 सितंबर 2016 को संभल के शहजादी रोड सराय में हुई थी। मुकदमा जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था।

वादी ब्रजवीर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसका भाई कमलवीर 2002 से विद्युत विभाग में प्राइवेट ठेकेदार के पास चालक था। कमलवीर का लाइनमैन भूप सिंह के घर आना जाना हो गया था। इसी बीच कमलवीर ने भूप सिंह की बेटी दामिनी के साथ प्रेम विवाह कर लिया था। पता चलने पर दोनों परिवारों ने रीति रिवाज के साथ विवाह कराया था। विवाह के बाद पति-पत्नी हस्तिनापुर रहने लगे। 2008 में दामिनी ने बेटे हिमांशु को जन्म दिया और पति पर संभल रहने का दबाव बनाने लगी। जिससे कमलवीर अपना पैतृक मकान बेच कर हिस्सा देने की बात कहने लगा। साथ ही पत्नी दामिनी के कहने पर संभल शहजादी सराय आकर रहने लगा। जहां 2011 में दामिनी ने दूसरे पुत्र को जन्म दिया। इसी बीच दामिनी का मकान में रह रहे राजू नाम के युवक से प्रेम प्रसंग हो गया। कमलवीर ने उसे प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया। पत्नी के चाल चलन से कमलवीर परेशान हो गया और अपने दोनों बेटों को हस्तिनापुर छोड़ कर संभल रहने लगा। 16 सितंबर की शाम दामिनी के परिवार वालों ने कमलवीर के परिवार वालों को फोन पर सूचना दी कि कमलवीर का एक्सीडेंट हो गया है। वह तत्काल मौके पर पहुंचे तो कमलवीर की हत्या कर लाश फंदे पर लटका दी गई थी। पुलिस ने धारा 302 आईपीसी के तहत दामिनी पत्नी कमलवीर, राजू पुत्र दिनेश गुप्ता निवासी शिव कालोनी शहजादी सराय रोड थाना संभल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचना के बाद साक्ष्यों को जुटा कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

मुकदमा जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से डीजीसी राहुल दीक्षित ने साक्ष्यों के आधार पर बहस कर दलीलें पेश कीं। शनिवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल ने आरोपी दामिनी व राजू को धारा 302 आईपीसी सहपठित धारा 34 में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक-एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। जेल में बिताई गई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

कार्यकर्ताओं के साथ ज्ञापन देने पहुंचे शहर अध्यक्ष को एसडीएम ने फटकारा

संभल, अमृत विचार : आयकर विभाग द्वारा आठ वर्ष के रिटर्न आदेश को फिर से खोले जाने के विरोध में कांग्रेसी ज्ञापन देने के लिए एसडीएम दफ्तर पहुंचे। कई कार्यकर्ताओं को देखकर एसडीएम नाराज हो गए और शहर अध्यक्ष को फटकार लगाते हुए बैठा लिया। अन्य कार्यकर्ता बाहर आ गए तो बाद में शहर अध्यक्ष ने अकेले ही राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

कांग्रेस के शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद कार्यकर्ताओं के साथ एसडीएम दफ्तर पहुंचे। कई कार्यकर्ताओं को देखकर एसडीएम विनय कुमार मिश्रा ने तेवर दिखाए। कहा कि आचार संहिता के दौरान यह सब नहीं चलेगा। एसडीएम ने शहर अध्यक्ष को फटकार लगाई तो अन्य कार्यकर्ता बाहर आ गए।

काफी देर बाद शहर अध्यक्ष ने एसडीएम को अकेले ही ज्ञापन सौंपा। इस दौरान वीर सिंह सागर, डॉ. सलाहुद्दीन, सुभानी, मौअज्जम हुसैन आदि रहे।

सार संक्षेप

सिरसी में निकले इमाम अली के जुलूस में शामिल लोग। ● अमृत विचार

गमगीन माहौल में निकला इमाम अली का जुलूस

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी में नबी ए करीम के दामाद और शियाओं के पहले इमाम अली का जुलूस गमगीन माहौल में निकाला गया। जिसमें अजादारों ने मातम किया। शनिवार को सुबह मस्जिद मुहल्ला सादात में नमाज के बाद मजलिस शुरू हुई। जिसे खिताब करते हुए मौलाना मौलवी मीसम अब्बास मुजफ्फरनगरी ने कहा कि मस्जिदे कूफा में इब्ने मुल्जिम ने हालाते सजदा के अंदर हजरत अली के सिर में जहर से भीगी हुई तलवार मारकर जख्मी कर दिया था। उन्हीं की याद में मुहल्ला शर्की मस्जिद सादात से शबीहे ताबूत निकाला गया। जिसमें सवारी वकार मेहंदी और उनके हमनवां ने पढ़ी। जुलूस इमामबाड़ा मुहल्ला सादात में जाकर संपन्न हुआ। 19वीं शबे कद्र के मौके पर सिरसी सादात में मस्जिदों में आमाल किए गए। रातभर जागकर शबे कद्र में नमाज पढ़कर दुआ की गई। अपने गुनाहों की माफी मांगी।

भाकियू असली के होली मिलन में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

भाकियू असली ने मनाया होली मिलन समारोह

संभल, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन असली के होली मिलन समारोह में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और किसानों ने एक-दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। भाकियू असली के बैनर तले गांव भटोला में दोजी प्रधान के यहां होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें भाकियू असली के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान एक-दूसरे के गले मिले। इस परंपरा को आगे भी जारी रखने की बात कही। इस बीच किसान आंदोलन में शहीद हुए किसानों को श्रद्धांजलि भी दी गई। किसानों से आंदोलन के लिए तैयार रहने की अपील की गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी चौधरी संजीव गांधी, दिनेश सिरोही आदि रहे।

नेजा मेला आयोजन में नई परंपरा कायम न हो

संभल, अमृत विचार : हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने नेजा मेला आयोजन की तिथि पर आपत्ति करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नेजा मेले को लेकर किसी तरह की नई परंपरा कायम नहीं होने देने की मांग उठाई। हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। कहा कि संभल में नेजा मेले का आयोजन होली के बाद आने वाले दूसरे मंगलवार को किया जाता था लेकिन आज तक नेजा मेले की ढाल नहीं लगाई गई है। जिससे प्रतीत होता है कि नेजा मेला कमेटी पहले से चली आ रही परंपरा को नजरअंदाज करते हुए नई परंपरा डालकर नेजा मेला आयोजन करना चाहती है। कहा कि नौ अप्रैल को नवरात्र शुरू हो रहे हैं तो 17 अप्रैल को श्रीराम नवमी महोत्सव पर शोभात्रा निकाली जाएगी। पिछले वर्षों की तरह परंपरा अनुसार नेजा मेले का आयोजन कराया जाए। इस दौरान नगर संयोजक अभिनंदन शर्मा, संजय कश्यप, सत्यप्रकाश, अभिषेक, नवीन कुमार रहे।

परीक्षाफल मिला तो खिले विद्यार्थियों के चेहरे

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : सूरजमुखी इंटर कॉलेज व सूरजमुखी बाल विद्यालय गवां में वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया। जिसे पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

घोषित परीक्षाफल के अनुसार कक्षा 11 कला वर्ग में पायल गोयल, ज्योति, दिव्य कुमार, विज्ञान वर्ग में भावना, सृष्टि, तन्वी, कक्षा 9 में प्रशांत, यश, कीर्ति, कक्षा 8 में रोहनी, शालू, उमरा अख्तर, कक्षा 7 में सौम्या गौड़, विकास, वंशिका शर्मा, कक्षा छह में गौरी अग्रवाल, आशीष सिंह, नंदनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर कालेज में रोहनी टापर रही। सूरजमुखी बाल विद्यालय में कक्षा 1 में मोहिनी, जागृति, फिजा, कक्षा 2 में तनिष्क, मोहम्मद शान, विशाल, कक्षा 3 में समीर, वर्षा, संतोष कुमारी, कक्षा 4 में तुलसी, रवि, राधा, कक्षा 5 में अखलद, सना, अमन मेधावी रहे। प्रबंधक अखिलेश अग्रवाल और अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने मेधावी छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया। उन्हें परीक्षाफल, प्रशस्ति पत्र और कलेंडर भी वितरित किए गए। इस दौरान प्रधानाचार्य कृपाल सिंह, इरशाद अली, अभिनव कुमार, अनुज कुमार, ओमप्रकाश, मनोज शर्मा, सरिता, सीमा, रिफा, शिवानी, प्रवेश आदि रहे।

विद्यालय में प्रशस्ति पत्र के साथ मेधावी छात्र- छात्राएं। ● अमृत विचार

परिणाम घोषित

वार्षिक परीक्षाफल वितरित किया गया

मुख्य बाजार में भूमिगत बिजली लाइन डालने को एस्टीमेट तैयार

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : इंदिरा चौक से रेलवे स्टेशन तक मुख्य बाजार में लटके बिजली के तारों के जंजाल से लोगों को छुटकारा मिलेगा। ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर बिजली लाइन को भूमिगत करने के लिए एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है।

मुख्य बाजार में विद्युत तारों का मकड़जाल लोगों के लिए खतरा बनकर मंडरा रहा है। ढीले तार और उससे होने वाले शार्ट सर्किट आये दिन लोगों के लिए मुसीबत का सबब बने रहते हैं। नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने 6 दिसंबर 2023 को ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र भेज कर इंदिरा चौक से रेलवे स्टेशन तक मुख्य बाजार में करीब 450 मीटर बिजली के तारों को भूमिगत करने की मांग की थी। ऊर्जा मंत्री ने 11 दिसंबर को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को इस पर काम करने का निर्देश दिया। जिस पर बिजली विभाग के जेई दिनेश कुमार ने टीम के साथ इंदिरा चौक से लेकर रेलवे स्टेशन तक नाप तौल कर स्टीमेट तैयार किया। जेई ने बताया कि औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जल्द ही इस प्रोजेक्ट के जमीनी स्तर पर उतरने की उम्मीद है।

अंडरग्राउंड बिजली लाइन के लिए नाप-जोख करते जेई।

कॉलेज में अपने बनाये पोस्टर दिखाते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार



बहजोई में मतदान की शपथ लेते छात्र -छात्राएं। ● अमृत विचार

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर स्लोगन प्रतियोगिता

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चौथे एक दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेमपाल सिंह के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें शगुन ने प्रथम, मोहम्मद कादिर ने द्वितीय और रसेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय सत्र में मतदान जागरूकता विषय पर हुई विचार गोष्ठी में डॉ. निरंकार सिंह ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए समाज को जागरूक करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.योगेंद्र सिंह ने कहा कि मतदान के प्रति जागरूक करके समाज में क्रांति लानी है। जिससे लोग जागरूक होकर शत प्रतिशत मतदान कर सकें।

छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व समझाया

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चौथे एक दिवसीय शिविर में मेरा पहला वोट, मेरे देश के लिए विषय पर चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता ने जात-पात और धर्म से बढ़कर मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई। समाजशास्त्र के सहायक प्रोफेसर संजय कुमार ने स्वयंसेवियों को मतदान का महत्व समझाया। प्रोफेसर श्रीनिवास सिंह यादव ने मतदान के महत्व को बताया कार्यक्रम के तहत स्वयंसेविकों ने जन जागरूकता रैली निकाली। अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गौरव वार्ष्णेय, भगवान सिंह चौहान, रामतीर्थ, पूजा शर्मा, संजय कुमार, प्रीति शर्मा, डॉ. रामचंद्र, मनोज कुमार यादव, श्रीनिवास सिंह यादव, निधि राघव, सलोनी रस्तोगी, अलका धीमान, भुवनेश कुमार आदि रहे।

स्वास्थ्य संवर्धन के लिए गतिविधियां करेंगे शिक्षक

संभल, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संभल में आयुष्मान भारत स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में डॉ. नीरज कुमार शर्मा ने कहा कि स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से ब्लॉक के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त स्कूलों में क्रियान्वित किया जाएगा। प्रत्येक विद्यालय से दो शिक्षकों इनमें एक महिला और एक पुरुष को हेल्थ वेलनेस एंबेसडर नामित किया जाएगा। शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण भी होगा। प्रशिक्षित शिक्षक प्रत्येक सप्ताह एक घंटे की उत्साहवर्धन गतिविधियां स्वास्थ्य संवर्धन हेतु संचालित करेंगे। हरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक मंगलवार को स्कूल में हेल्थ एंड वेलनेस दिवस का आयोजन होगा।

अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को देते हैं नया रूप

धनारी, अमृत विचार : डीपी विद्यापीठ धनारी में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध कर दिया। परीक्षाफल के अनुसार, कक्षा नर्सरी से कथा नौ तक बहारे आलम, दिव्या यादव, काव्या यादव, ईशान, राघवेंद्र यादव, सुरभि, राधिका, प्रतीक, तनवीर, अमलेश, पंकज, उज्जवल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेधावी बच्चों को परीक्षाफल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि चेयरमैन व पूर्व मंत्री डीपी यादव ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। प्रधानाचार्या लक्ष्मी रावत,प्रबंध कमेटी सदस्य अरुण यादव, डीके त्यागी और अभिभावक मौजूद रहे।

स्कूल में पुरस्कार देते डीपी यादव।

सूचना

मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण न्यायालय (MACT), सम्भल/चन्दौसी
MACP- 73/22
मौ0 फरहान
बनाम
1. न्यू इंडिया इंश्योरेंस कंपनी
2. मौ0 सुबहान पुत्र मौ0 अमान निवासी ग्राम ताहरपुर आंशिक थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद (वाहन स्वामी)
3. सुमित कुमार पुत्र महीपाल सिंह निवासी ग्राम नौसेना सेखपुर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद (वाहन चालक)

मौ0 फरहान ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप दिनांक 18.04.2024 को समय से खुद या मार्फत वकील जो मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब सवालात दे सके, हाजिर हो। आपको बाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज भी पेश करें। यदि आप हाजिर नहीं होंगे तो आवेदक को सुनकर एक पक्षीय पारित किया जायेगा।

न्यायालय (MACT), सम्भल/चंदौसी

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर स्लोगन प्रतियोगिता

संवाददाता, संभल

अमृत विचार : एमजीएम कॉलेज संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चौथे एक दिवसीय शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नेमपाल सिंह के नेतृत्व में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर स्लोगन प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों और स्वयंसेविकाओं ने हिस्सा लिया। जिसमें शगुन ने प्रथम, मोहम्मद कादिर ने द्वितीय और रसेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय सत्र में मतदान जागरूकता विषय पर हुई विचार गोष्ठी में डॉ. निरंकार सिंह ने कहा कि शत प्रतिशत मतदान करने के लिए समाज को जागरूक करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य प्रोफेसर डॉ.योगेंद्र सिंह ने कहा कि मतदान के प्रति जागरूक करके समाज में क्रांति लानी है। जिससे लोग जागरूक होकर शत प्रतिशत मतदान कर सकें।

छात्र-छात्राओं को मतदान का महत्व समझाया

बहजोई, अमृत विचार : बहजोई महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के चौथे एक दिवसीय शिविर में मेरा पहला वोट, मेरे देश के लिए विषय पर चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गीता ने जात-पात और धर्म से बढ़कर मतदान करने के लिए शपथ दिलवाई। समाजशास्त्र के सहायक प्रोफेसर संजय कुमार ने स्वयंसेवियों को मतदान का महत्व समझाया। प्रोफेसर श्रीनिवास सिंह यादव ने मतदान के महत्व को बताया कार्यक्रम के तहत स्वयंसेविकों ने जन जागरूकता रैली निकाली। अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान गौरव वार्ष्णेय, भगवान सिंह चौहान, रामतीर्थ, पूजा शर्मा, संजय कुमार, प्रीति शर्मा, डॉ. रामचंद्र, मनोज कुमार यादव, श्रीनिवास सिंह यादव, निधि राघव, सलोनी रस्तोगी, अलका धीमान, भुवनेश कुमार आदि रहे।

श्रीराम लला का चित्र उकेरने वाले डॉ.सुनील का स्वागत

बबराला, अमृत विचार : अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्रतिष्ठापित श्रीराम लला के विग्रह का रेखाचित्र उकेरने वाले अंतर्राष्ट्रीय चित्रकला पुरस्कार और राष्ट्रीय एकेडमी पुरस्कार से सम्मानित डॉ. सुनील विश्वकर्मा शनिवार को उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप के कार्यक्रम में भाग लेने बहजोई जाते समय दोपहर को बबराला में रोहिताश्व वार्ष्णेय के प्रतिष्ठान पर रुके।

यहां आरएसएस, विहिप और भाजपा नेताओं सहित तमाम लोगों ने उन्हें पटका पहना कर सम्मानित किया। इस दौरान चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, डॉ. कैलाश वार्ष्णेय, डॉ. पूर्वा वार्ष्णेय, अतुल गोयल, मणिकांत वार्ष्णेय, उमेश वार्ष्णेय, कमलेश वार्ष्णेय, तान्या गुप्ता, कमल वार्ष्णेय, आदि रहे। डॉ.सुनील विश्वकर्मा देर रात राजघाट गंगा घाट पर आयोजित गंगा महाआरती में शामिल हुए।

संस्कार युक्त शिक्षा ग्रहण करें बच्चे : अनुकृति

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईपीएस अनुकृति शर्मा ने कहा कि बच्चों को केवल शिक्षा नहीं बल्कि संस्कार युक्त शिक्षा दी जानी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान नर्सरी में सचिन और अभिषेक, एलकेजी में वंशी, वाणी मिश्रा, मीनाक्षी और धेनुका जबकि यूकेजी में छवि, आदित्य व अर्पित प्रथम रहे। हिमांशी व दीपांजलि बाबू पहली कक्षा में तो दूसरी कक्षा में संयुक्त रूप से माही व अवनी वर्मा जबकि तीसरी कक्षा में शगुन सिंह व हातिम प्रथम रहे। कक्षा चार में आस्था वर्मा व शिल्पी सैनी जबकि पांचवीं में काव्या व मनोज कुमार टापर रहे। कक्षा छह में ध्रुव व शिवानी यादव, सातवीं में शिवम यादव व अनुश कुमार, आठवीं में दिव्यांश व विशाल टापर बने। नवीं कक्षा में उज्ज्वल,नंदिनी शर्मा, अजीम, मोंटी सांगवांन और 11वीं में आराध्या रस्तोगी, महक ठाकुर और अनुष्का सैनी टापर रहे। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक अशोक गर्ग, अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, अनिल गर्ग, नरेश राधू,राकेश अग्रवाल, योगेंद्र शर्मा, संजय सांख्यधर, श्याम शरण दालभ,विष्णु सरन रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

सरस्वती विद्यालय में पुरस्कार के साथ टापर बच्चे व अतिथि।

स्कूल में पुरस्कार मिलने के बाद बच्चे। ● अमृत विचार

मेधावियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

बहजोई, अमृत विचार : गोल्डन पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक संजय बजाज व राजीव सर्राफ ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। स्कूल में सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले किंजा प्रथम, मोहित द्वितीय, तुलसी तृतीय स्थान पर रही। वहीं पीजी कक्षा में कृष्ण ने प्रथम, अरब ने द्वितीय व अनामिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अपनी अपनी कक्षा में अव्वल रहने वाले जेसिका, मधु, जानवी, तन्वी, कपिल, पिंकी, नित्या, अनंत व अरब को अतिथियों ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पुरस्कार पाकर उनके चेहरे खिले उठे। इस दौरान भूमि बजाज, सकार वार्ष्णेय, वर्षा वार्ष्णेय, स्नेहा वार्ष्णेय, शालिनी वार्ष्णेय सोनी वार्ष्णेय, ममता वार्ष्णेय वैष्णो वार्ष्णेय ने सहयोग किया।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
BAREILLY
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं0 9045372695 रिसेप्शन नं0 : 0581-2526012,11
कमरा नं. 1089A
ओ.पी.डी. समय : प्रातः 9.00 से 3.00 बजे तक
हृदय रोग विभाग की सुविधाएं
अनुभवी चिकित्सकों द्वारा हृदय रोग का सम्पूर्ण इलाज व सुविधाएं
इंजियोग्राफी
एंजियोप्लास्टी
पेसमेकर
टी.एम.टी.
होल्टर टेस्ट (Holter Test)
बैलून बाल्बोटामी
इकोकार्डियोग्राफी
कार्डिएक रीसिंक्रनाइज़ेशन थेरेपी (CRT)
इम्प्लांटेबल कार्डियोवर्टर-डीफिब्रिलेटर (ICD)
हृदय रोग के लक्षण
क्या छाती में दर्द या भारीपन रहता है और चलने पर बढ़ जाता है?
क्या आपके पैरों में सूजन आती हैं?
क्या खाना खाने के बाद सीने या पेट में जलन या दर्द होता है?
क्या चलने में साँस फूलती है, हाथों में दर्द होता है एवं अचानक बेहोशी आना।
क्या चलने पर घबराहट होती है?
क्या आपको डाइबिटिज (शुगर) या हाई कोलेस्ट्रोल, या हाई ब्लडप्रेशर की शिकायत है और साँस फूलती है?
इस प्रकार का कोई भी लक्षण होने पर तुरन्त परामर्श करें
रोहिलखण्ड मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए भर्ती होने पर इलाज मुफ्त
इमरजेंसी एवं आई.सी.यू. सुविधा 24 घण्टे उपलब्ध अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्यता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS)
5. सी.ए.आर.आई. (CARI)
6. एक्स-सर्विसमैन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
7. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
8. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेमिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

एक नजर

वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

चन्दौसी, अमृत विचार : बहजोई रोड पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव पुरा मझोला निवासी युवक योगेश पुत्र ब्रजपाल की मां की बीमारी का उपचार मुरादाबाद में चल रहा है। शनिवार की सुबह योगेश अपने बड़े भाई व भतीजे को बाइक से चन्दौसी रेलवे स्टेशन छोड़ने आया था। भाई व भतीजे को मुरादाबाद जाना था। सुबह आठ बजे युवक वापस अपने घर लौट रहा था। जब युवक बहजोई रोड पर पहुंचा तो सामने से आ रहे वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।

कथा के पहले दिन निकाली कलश यात्रा

चन्दौसी, अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बनियाखेड़ा की मढ़ैया के शिव मंदिर में श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कथा के पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं व युवतियों ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर कलश यात्रा निकाली। इसके उपरांत कथा वाचक सोमवीर शास्त्री ने कथा का वर्णन किया। बताया कि कलयुग में हर व्यक्ति को भगवान की भक्ति करनी चाहिए। श्रीमद भागवत कथा सुनने से मनुष्य के आधे पाप खत्म हो जाते हैं। अंत में आरती के उपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान रघुनाथ सिंह, अंकुल, प्रवीण, धर्मेंद्र, सचिन, शिव सिंह, पुरुषोत्तम, अमन, राजकुमार आदि मौजूद रहे।

गोबर डालकर लौट रही किशोरी के साथ छेड़खानी

कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी, अमृत विचार : थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के एक गांव में बुधवार की दोपहर गांव के बाहर गोबर डालकर लौट रही किशोरी के साथ गांव के ही एक युवक द्वारा घर में खींचकर कमरे में बंद कर छेड़खानी की गई। किशोरी बदहवास हालत में घर पहुंची और अपनी मां को घटना की जानकारी दी। शुक्रवार को किशोरी के भाई ने थाने पहुंच कर तहरीर दी है।

ताले तोड़कर किसान के घर से डेढ़ लाख की चोरी

घटना के वक्त खेत पर गया हुआ था परिवार, पुलिस पहुंची

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

अकरौली में चोरी की जानकारी देता किसान। ● अमृत विचार

वारदात

▸▸ थाना बनियाठेर के गांव अकरौली में सुबह के समय हुई घटना

अमृत विचार : थाना बनियाठेर के गांव अकरौली में शनिवार की सुबह किसान के घर के ताले तोड़ कर चोरों ने जेवर व नगदी समेत डेढ़ लाख का माल चोरी कर लिया और रफूचक्कर हो गए। घटना के वक्त किसान का परिवार खेत पर था। थाना की पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली है। घटना की पुलिस को तहरीर दी गई है।

गांव अकरौली निवासी किसान रमेश मौर्य पुत्र होरी लाल खेती कर परिवार का भरण पोषण करता है। किसान रमेश ने बताया कि शनिवार की सुबह 11 बजे वह और उसकी पत्नी प्रेमवती खेत पर गए हुए थे। पुत्र वधु सीमा देवी घर पर थी। इस बीच वह घेर में पशुओं को पानी पिलाने गई थी। उसी दौरान चोर घर में घुस गए और कमरों के ताले तोड़ कर सामान समेट लिया। कुछ देर बाद जब पुत्र वधु घेर से घर लौटी तो कमरे का नजारा देख कर भौंचक्की रह गयी। कमरे में रखी अलमारी खुली पड़ी थी और सामान बिखरा था। पीड़ित ने बताया कि छानबीन करने पर अलमारी में रखी सोने की एक अंगूठी, गले की कंठी, एक जोड़ी कुंडल, टीका, चांदी के हाथफूल आदि जेवरात गायब थे। चोरी करीब डेढ़ लाख का सामान ले गए। थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी की।

युवक से डेढ़ लाख रुपये व सोने की अंगूठी छीनी

युवक का उपचार करता स्वास्थ्य कर्मी।

चन्दौसी, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में लक्ष्मण गंज पुलिस चौकी से कुछ कदम दूरी पर गोदाम पर बैठे युवक से चाकू की नोक पर डेढ़ लाख रुपये की नकदी व सोने की अंगूठी छीन ली। विरोध करने पर मारपीट की। घटना को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस में हड़कंप मच गया। घटना की तहरीर कोतवाली में दी गई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के बड़ा महादेव निवासी विशाल गुप्ता पुत्र सुभाष चंद्र का लक्ष्मणगंज पुलिस चौकी के पास गोदाम है। शनिवार की दोपहर विशाल अपने गोदाम में बैठे थे। आरोप है कि तभी तीन युवक पहुंचे और चाकू की नोक पर गोदाम स्वामी को बेसमेंट में ले गए। जहां आरोपियों ने युवक से डेढ़ लाख रुपये की नकदी व सोने की अंगूठी छीन ली और विरोध करने पर मारपीट की। युवक ने शोर मचा दिया तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर कुछ युवक विशाल गुप्ता की गोदाम के आगे बाइक खड़ी कर रहे थे। बाइक खड़ी करने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हो गया। फिलहाल घटना की जांच कराई जा रही है।

रिश्तेदारी में जा रहे बाइक सवार मां-बेटा घायल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

घायलों को देखते परिजन।

▸▸ थाना बनियाठेर के आटा-नेहटा मार्ग पर वाहन ने मारी टक्कर

अमृत विचार : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव आटा-नेहटा मार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटा घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बदायूं जनपद के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव पिपरिया निवासी फुरकान पुत्र गफ्फार अपनी मां हसीना बेगम के साथ अपनी नानी के घर थाना गुन्नौर गया था। शनिवार की सुबह आठ बजे युवक अपनी मां के साथ बाइक पर सवार होकर वापस अपने घर लौट रहा था। जब सुबह नौ बजे युवक थाना बनियाठेर क्षेत्र के आटा-नेहटा मार्ग पर पहुंचा तो सामने से आ रहे वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार मां-बेटा घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची 108 एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर परिजन भी सीएचसी पहुंच गए। घटना की तहरीर दिए जाने की तैयारी चल रही थी।

जमीन के बंटवारे को लेकर भाइयों में चली लाठी, तीन घायल

गुन्नौर, अमृत विचार : जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद में सगे भाइयों में लाठियां चलीं। जिसमें किशोरी समेत तीन लोग घायल हो गए। किशोरी को गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बिजुआनगला निवासी जयपाल और राजाराम के बीच पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा है। शनिवार शाम को दोनों में कहासुनी के बाद लाठियां निकल आईं और मारपीट होने लगी। जिसमें जयपाल, उसकी बेटी उर्मिलेश और राजाराम घायल हो गए।

घायलों को सीएचसी ले जाया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर उर्मिलेश को जिला अस्पताल रेफर किया गया। नरौरा बैराज चौकी इंचार्ज विजेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने कार्रवाई करते हुए राजाराम व रमाशंकर को शांतिभंग करने में गिरफ्तार किया है।

बहन को देह व्यापार में धकेलने का आरोपी भाई गिरफ्तार

संवाददाता, संभल

कार्रवाई

▸▸ फुफेरे भाई ने दुष्कर्म करने के बाद किशोरी को बेच दिया था

अमृत विचार : एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने ममेरी बहन के साथ दुष्कर्म कर उसे देह व्यापार के धंधे में धकेलने के आरोपी फुफेरे भाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि फुफेरे भाई ने दुष्कर्म करने के बाद किशोरी को कोठे पर बेच दिया था। गर्भवती होने पर किशोरी को गर्भ निरोधक दवा खिलाई थी।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी मेघपाल सिंह ने बताया कि ममेरी बहन के साथ दुष्कर्म करने व 15 हजार रुपये लेकर कोठे पर बेचने का आरोपी नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी कासिम फरार चल रहा था। शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कासिम को गिरफ्तार कर लिया। बताया कि करीब पांच माह पहले पिता ने अपनी 16 वर्षीय पुत्री को 50 हजार रुपये में दिल्ली में जीबी रोड पर बेचकर वेश्यावृत्ति के धंधे में धकेल दिया था। मुलाकात होने पर किशोरी ने दिल्ली में काम कर रहे फुफेरे भाई कासिम से वेश्यावृत्ति के धंधे से बाहर निकालने के लिए मदद मांगी। कासिम ने यहां से निकालकर किशोरी के साथ दुष्कर्म किया और 15 हजार रुपये लेकर कासिम ने किशोरी को फिर से बेच दिया। गर्भवती होने पर कासिम ने किशोरी को गर्भ निरोधक दवा खाने को दी। जिससे किशोरी की हालत बिगड़ गई। किसी तरह किशोरी यहां से निकलकर दिल्ली रेलवे स्टेशन पर पहुंची और ट्रेन पकड़कर 21 मार्च की सुबह मुरादाबाद आ गई।

ग्रामीण पर हमले के बाद जंगली जानवर की दहशत

संवाददाता, संभल

▸▸ वन विभाग ने जानवर पकड़ने को सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए

अमृत विचार : पंवासा विकासखंड क्षेत्र में जंगली जानवर तीन दिन में एक गोवंशीय पशु व फसल की रखवाली करते समय एक ग्रामीण को अपने हमले से घायल कर चुका है। आश्वासन देने के बाद भी वन विभाग की टीम ने जंगली जानवर को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए हैं। दूसरी बार हमला होने के बाद भी वन विभाग की टीम ने गांव नहीं पहुंची है। जिससे ग्रामीणों में दहशत है।

विकासखंड क्षेत्र के गांव रुदायन निवासी ग्रामीण ऋषिपाल, चंद्रकेश, किशनपाल, मितलेश, वीरेश और पप्पू ने बताया शनिवार को बताया कि बुधवार की रात जंगली जानवर ने हमला कर गोवंशीय पशु को घायल किया था। सूचना मिलने पर गुरुवार को वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों को जंगली जानवर की पहचान करने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने का आश्वासन दिया था। लेकिन तीन दिन गुजरने के बाद भी वन विभाग की टीम की ओर से सीसीटीवी कैमरे नहीं लगाए गए हैं। इसी बीच शुक्रवार की रात ग्रामीण सत्यवीर पर जंगली जानवर ने पड़ोसी गांव नूरपुर के जंगल में फसल की रखवाली करते समय हमला कर दिया था। जिसमें सत्यवीर जख्मी हो गया था। सूचना मिलने के बाद भी वन विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर जंगली जानवर की तलाश नहीं की है। जिससे ग्रामीणों में वन विभाग को लेकर रोष व्याप्त हो रहा है। वहीं वन विभाग के दरोगा यादव चंद ने बताया कि वन विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

पेड़ पर लटका मिला ग्रामीण का शव

बहजोई, अमृत विचार : घर से निकले ग्रामीण का शव जंगल में पेड़ पर लटका मिला। उधर से गुजर रहे ग्रामीणों ने देखा तो मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया।

बहजोई के गांव कान्हू धामपुर निवासी ग्रामीण मुकेश कुमार अपने घर से कह कर गया था कि वह खेत पर जा रहा है। खेत पर जाने के बाद मुकेश घर वापस नहीं लौटा। गांव से कुछ ही दूरी पर जंगल में मुकेश का शव पेड़ पर लटका हुआ नजर आया। उधर से गुजर रहे राहगीरों जब ग्रामीण का शव पेड़ से लटका देखा तो यह खबर गांव में आज की तरह फैल गई। मौके पर दर्जनों ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस ने ग्रामीण की मौत के बारे में जानकारी करते हुए शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि प्रथम दृष्टा मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है।

होली मिलन समारोह में फाग गातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

बच्चों ने होली के गीतों पर नृत्य कर समां बांधा

संवाददाता, चन्दौसी

▸▸ भारत विकास परिषद का होली मिलन समारोह

अमृत विचार : भारत विकास परिषद के द्वारा अनुष्क सेलीब्रेशन हाल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फूलों की होली, डांस, कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कवि रमेश अधीर, चिराग शर्मा, विनीत आशना, दुर्गा टंडन, जयशंकर दुबे ने काव्य पाठ किया। कार्यक्रम के दौरान सुंदर परिधानों में सजे बच्चों ने रंगारंग होली के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति से मनमोह लिया। इस दौरान विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम व द्वितीय स्थान पाने वाले विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। महिलाओं ने ढोलक की थाप पर होली के फाग गाए। अध्यक्ष एसएन शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को भारत विकास परिषद का परिचय दिया। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने बताया कि यह त्योहार प्रेम और सद्भाव का प्रतीक है। इस अवसर पर डीसी गुप्ता, रेखा रस्तोगी, कल्पना गुप्ता, आशा गोस्वामी, संगीता शर्मा, सरोज शर्मा, भावना गुप्ता, विपिन गुप्ता, श्वेता गुप्ता, यतेंद्र गुप्ता, निष्ठा गोस्वामी, कल्पना वार्ष्णेय, सोनी सिंह, महिपाल सिंह, पूनम शर्मा, विजय पांचाल, पुष्पा गुप्ता, दृगपाल सिंह, नवीन कुमार गुप्ता, मंजू गुप्ता आदि रहे।

परेशानी डोर टू डोर सफाई कर्मचारी कर रहे ऐसा काम, बदबू से लोग परेशान

शहर का कूड़ा आबादी के बीच फेंक रहे सफाई कर्मी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

चन्दौसी के गोशाला रोड पर खाली जमीन पर फेंका गया शहर का कूड़ा।

फिलहाल इस विषय में जानकारी नहीं है। मगर नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा आबादी के बीच खाली स्थान पर कूड़ा डाला जा रहा है, तो वह गलत है। जानकारी कराई जा रही है। –नीतू सिंह, एसडीएम-ईओ, नगर पालिका

अमृत विचार : नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा गोशाला रोड स्थित खाली स्थान पर कूड़ा डाला जा रहा है। यह स्थान आबादी के बीच है और पास ही प्रमुख मार्ग भी है। कूड़ा पड़ा होने से दुर्गंध से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने उस स्थान पर कूड़ा न डालने की मांग की है।

नगर पालिका द्वारा गांव कैथल में ट्रचिंग ग्राउंड बनाया गया है। शहर से एकत्र किए गए कूड़े को ट्रचिंग ग्राउंड में ही डाला जाता है। मगर पिछले कुछ दिनों से नगर पालिका के डोर-टू-डोर वाहन कर्मचारी गोशाला रोड स्थित खाली स्थान पर कूड़ा डालने का कार्य कर रहे हैं। जिससे कूड़े के ऊंचे-ऊंचे ढेर लगने शुरू हो गए हैं। लोगों का कहना है कि बरसात के बाद कूड़े में पानी भरने के बाद अधिक दुर्गंध आएगी तथा संक्रामक बीमारियां फैलने का भी डर बना रहेगा। इसलिए नगर पालिका से उक्त स्थान पर कूड़ा न डालने की मांग की है।

हमारी दुकान से सटे वाले स्थान पर ही पिछले कई दिनों से नगर पालिका के कर्मचारी द्वारा कूड़ा डाला जा रहा है। जिससे उठने वाली दुर्गंध से दुकान पर बैठना मुश्किल बना हुआ है। –दीपक शर्मा, दुकानदार

गोशाला रोड पर ही हमारी दुकान है। हमें अक्सर दुकान के बाहर बैठकर ही कार्य करना पड़ता है। पास में खाली स्थान पर पड़ रहे कूड़े से हर समय दुर्गंध आती रहती है। –अलीम, दुकानदार



शिविर में शिक्षकों को किशोरोन्मुखी स्वास्थ्य सेवाओं की दी जानकारी

संवाददाता, गुन्नौर

अमृत विचार : राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएचसी सभागार में स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम संबंधी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के इंटर कॉलेज, उच्च प्राथमिक विद्यालयों और कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व इंचार्ज अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। किशोर व किशोरियों के साथ मित्रवत व्यवहार करने के साथ ही किशोरोन्मुखी स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

सीएचसी अधीक्षक डा. पवन सिंह ने शिक्षकों व स्वास्थ्य अधिकारियों को किशोर विकास, व्यवहार, किशोरोन्मुख सेवाओं के बारे में बताया। डा. एच रहमान ने कहा कि किशोरियों को अनियमित गर्भधारण, परिवार नियोजन के बारे में बेझिझक जानकारी दी जाए। स्कूलों में बच्चों को हेल्थ एंबेसडर नियुक्त किया जाए। आये दिन देखा जाता है कि किशोर व किशोरियां थोड़ी सी बातों को लेकर उलझ जाते हैं, जिससे आर्थिक, शारीरिक व मानसिक नुकसान होता है। बीईओ देवेंद्र सिंह, फार्मासिस्ट दीपक यादव, राजकुमार शर्मा, ब्रजकिशोर यादव, प्रधानाध्यापक, शिक्षक और स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

गुन्नौर में प्रशिक्षण में शामिल अध्यापक।

सार संक्षेप

जागरुकता रैली निकालते एसएम कॉलेज रासेयो के छात्र। ● अमृत विचार

रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक

चन्दौसी, अमृत विचार : एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई का एक दिवसीय शिविर को शून्य अपशिष्ट दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने शिविर स्थल की साफ-सफाई की। इसके बाद गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता, मतदाता जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा, नशा मुक्ति व आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर पोस्टर व स्लोगन के माध्यमों से जागरूक किया। जिसमें बताया गया कि स्वयंसेवकों द्वारा दिए गए सकारात्मक संदेशों का ग्रामीणों पर प्रभाव पड़ता है। जिससे वह पर्यावरण संरक्षण, नशा, मुक्ति, सड़क सुरक्षा व मतदाता जागरुकता के विषय में आगे आकर अन्य लोगों को जागरूक कर सकते हैं। दूसरे सत्र में हुई विचार गोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय कहा कि आज अपशिष्ट पदार्थ की समस्या पर्यावरण के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पर्यावरण के संरक्षण के लिए रीयूज, रिड्यूस व रीसाइकल के सिद्धांतों पर जोर दिया। इस दौरान अभिनव, अनुराग सोनी, कमल किशोर, हर्ष राघव, दिव्यांशु, शैलेश, रोहित, अमिताभ, सौरभ, आदि मौजूद रहे।

सीपीएस का परीक्षाफल घोषित, होनहार पुरस्कृत

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर के बहजोई रोड स्थित चन्दौसी पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। प्राप्तांकों के साथ यूनिफार्म, ऑलराउंडर व सर्वाधिक उपस्थिति वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में टॉपर्स नर्सरी से यूकेजी फबीहा फातिमा, कक्षा एक से आठ में शिवि राघव व देव पाठक, यूनीफार्म में इशिका राघव, शिखा भारती, तान्या चौहान प्रथम स्थान पर रहे। ऑलराउंडर में मयंक चौधरी, छवि आर्य, परी नाज, गौरी शर्मा, सर्वाधिक उपस्थिति में युवराज सिंह, अनन्या शर्मा, नैतिक राघव, अनुभवी सिंह, संध्या, एकांश शर्मा, मनु सिंह, एंजलीना सिंह, फैजान को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सीओओ मधुलिका सिंह, मेजर एके शर्मा ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षाफल घोषित

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर क्षेत्र के गांव पथरा स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें कक्षा एक से कक्षा आठ तक में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छात्राओं को पुरुस्कृत कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान विद्यालय की प्रबंधक ममता रानी ने कहा कि जो भी बच्चे अपनी कक्षा में अच्छा स्थान प्राप्त करने से रह गए हैं, वे निराश न हों। बल्कि अगले सत्र में इससे भी अधिक मेहनत करें। प्रधानाचार्या आशा गोस्वामी ने कहा कि सभी बच्चे अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए पूरी लगन से मेहनत करते हैं, लेकिन परीक्षा में पूछे गए सवालों का उत्तर लिखने का तरीका भी उन्हें कुछ अलग बनाता है।

सांड़ों का झुंड देखकर भागने लगे लोग

बबराला, अमृत विचार : छुट्टा गोवंश पशु लोगों की जान के लिए खतरा बन गए हैं। शनिवार शाम इंदिरा चौक पर सांड़ों का जमावड़ा देखकर भगदड़ के हालात बन गए। लोग बचने के लिए इधर उधर भागने लगे। शनिवार शाम करीब सात बजे नगर के अति व्यस्त इंदिरा चौक पर सांड़ों का झुंड पहुंच गया। आपस में लड़ते हुए सांड़ चौराहे पर काफी देर तक इधर से उधर दौड़ते रहे। इस दौरान लोग सांड़ों के हमले से बचने के सुरक्षित जगहों पर भागते नजर आए। लोगों ने प्रशासन से सांड़ों को पकड़वाकर सुरक्षा की मांग उठाई।

महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा, गूंजे जयकारे

असमोली, अमृत विचार : असमोली क्षेत्र के शाहपुर सोत गांव में माता चामुंडा की मूर्ति के स्थापना दिवस पर गांव में कलश यात्रा निकालकर मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। राधा कृष्ण बने कलाकारों ने कलश यात्रा में भजनों पर नृत्य किया। थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर सोत में मां चामुंडा देवी की मंदिर में मूर्ति के चौथे स्थापना दिवस पर शनिवार को गांव की 51 महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा चामुंडा मंदिर से शुरु होकर वापस चामुंडा मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। कलश यात्रा में राधा कृष्ण बने कलाकारों ने भजनों पर जमकर नृत्य किया। स्थापना के मौके पर शामिल ग्रामीणों ने मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र चौधरी, सोनू चाहल व कलश यात्रा में शामिल महिलाएं ममता देवी, सविता, सुनीता, कमलेश, कमल, आशा, मधु, सोनम, अंशु, किरन, प्रीति, रीता, सलोनी, निधि, रिंकी, सरिता, आंचल आदि मौजूद रहीं।

महिलाएं हर क्षेत्र में हासिल कर रहीं मुकाम

चन्दौसी, अमृत विचार : मॉडल पब्लिक एजूकेशन कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का एक दिवसीय शिविर को नारी सशक्तीकरण के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसबीएन श्रीवास्तव, डॉ. राजकुमार गोयल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। डॉ. राजकुमार गोयल ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई, गार्गी ने नारी की शक्ति को पहचान दी। महिला कभी कमजोर नहीं होती, वह सशक्त होती है। बस उन्हें अपने आप को पहचानने की जरुरत होती है। जिन महिलाओं ने अपनी प्रतिभा को पहचाना, उन्होंने एक ऊंचा मुकाम हासिल कर मिसाल पेश की है। बताया कि आज नारी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। वह हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी मधु राठौर व राजू पाल, डॉ. दीपक उपाध्याय, डॉ. संजय नागर, डॉ. रश्मि यादव, आयुषी मेहरा, अनामिका सैनी, इकरा, किरण, रेनू, ज्योति, लवी, सारिका आदि मौजूद रही।

1137 ग्राम चरस के साथ एक गिरफ्तार

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : थाना बनियाठेर पुलिस ने 1137 ग्राम चरस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। शनिवार की सुबह थाना बनियाठेर के उप निरीक्षक अजीत सिंह मय टीम के गश्त पर थे। उसी समय चेकिंग के दौरान गांव पथरा तारापुर के निकट बेहतरी गांव के जंगल में शिवालय चौराहे से जियाउद्दीन पुत्र बजरुद्दीन उर्फ बदरुद्दीन निवासी मोहल्ला पीला खदाना थाना हयातनगर जिला संभल को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 1137 ग्राम चरस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस युवक को मय बाइक के थाने ले आयी। थानाध्यक्ष मोहित कुमार काजला ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

सिर में डंडा मार कर मोबाइल ले गए बाइक सवार

चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार : थाना बनियाठेर क्षेत्र के चन्दौसी-गुमथल मार्ग पर बीती रात बाइक सवार बदमाशों ने साइकिल सवार ग्रामीण के सिर में डंडा मार कर घायल कर दिया और मोबाइल लूट कर भाग निकले। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की। थाना पुलिस को तहरीर दी गई है। थाना क्षेत्र के गांव गुमथल निवासी कुलवंत सिंह पुत्र हरपाल सिंह चन्दौसी में स्टेशन रोड स्थित इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर काम करता है। रोजाना की तरह शुक्रवार की देर शाम करीब साढ़े सात बजे वह ड्यूटी खत्म करके साइकिल से घर लौट रहा था। चन्दौसी-गुमथल मार्ग पर जनैटा और बनियाठेर चौराहा पर पहुंचा ही था। उसी समय तेज रफ्तार बाइक उसके पास आकर धीमी हुई। पीड़ित ने बताया कि बाइक पर तीन लोग सवार थे। इससे पहले वह कुछ समझ पाता। बदमाशों ने उसके सिर पर डंडे से वार कर दिया। जिससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। बदमाशों ने साढ़े 12 हजार रुपये कीमत का उसका मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार प्लंबर की मौत

संभल, अमृत विचार : अमरोहा की तहसील हसनपुर में होली चौक सुखदेवी इंटर कॉलेज के पास के निवासी अनिल 35 वर्ष शनिवार की रात आठ बजे बाइक पर सवार होकर सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी मार्ग पर जा रहा था। कुरुक्षेत्र के मैदान के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे अनिल सड़क पर गिरकर गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और अनिल को उपचार के लिए ई रिक्शा से जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उपचार शुरू ही किया था कि अनिल ने दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जेब में निकले आधार कार्ड व मोबाइल नंबर से पहचान कर अनिल के परिजनों को हादसे की सूचना दी। परिजनों ने बताया कि अनिल प्लंबर का काम करता था और छह बजे बाइक लेकर घर से आया था।

आम चुनाव सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव

हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है।

आम चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। सामान्य संवाद की भाषा बदल गई है। शब्द आक्रामक हो गए हैं। संवाद की शालीनता समाप्त हो रही है। कायदे से दलतंत्र को लोकतंत्र की मजबूती के लिए काम करना चाहिए। संवाद की भाषा परस्पर प्रेमपूर्ण होनी चाहिए। दल परस्पर शत्रु नहीं हैं। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था को आमजनों तक ले जाने और मजबूत करने के उपकरण हैं। लेकिन शब्द अपशब्द हो रहे हैं। वैचारिक आधार पर दलों के मध्य बहस नहीं है। प्रधानमंत्री तक को अपशब्द कहे गए हैं। भारत के आम चुनाव दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्री उत्सव हैं। लेकिन अपशब्दों के प्रयोग वातावरण को उतप्त कर रहे हैं। आचार संहिता में निर्देश दिए गए हैं कि सभी दल और उम्मीदवार जाति, सम्प्रदाय, पंथिक समूह या भाषाई समूहों के मध्य अलगाववाद बढ़ाने से दूर रहेंगे। परस्पर विद्वेष और तनाव बढ़ाने वाले शब्दों का प्रयोग नहीं करेंगे। संहिता में राजनैतिक दलों की नीतिगत आलोचना की छूट दी गई है। आलोचना में भी संयम बरतने के निर्देश हैं। सबसे बड़ी बात है कि नेताओं और कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी की आलोचना नहीं करेंगे। आदर्श चुनाव आचार संहिता में इसी तरह के तमाम संयम की अपेक्षा की गई है। इस सब के बावजूद व्यक्तिगत आरोपों के माध्यम से वातावरण को बिगाड़ने का काम हो रहा है।

शब्द की शक्ति बहुत बड़ी है। शतपथ ब्राह्मण के ऋषि ने वाणी को विराट कहा है। बाईबल में घोषणा है कि सबसे पहले शब्द था-'इट वाज लोगोस फर्स्ट'। महर्षि व्यास ने शब्द को ब्रह्म कहा है। शब्दों के सदुपयोग से सृजन की गतिविधि चलती रही है। पतंजलि ने 'महाभाष्य' में ध्यान दिलाया है कि एक ही शब्द का स्थान के अनुसार प्रयोग भिन्न भिन्न अर्थ देता है। कबीरदास ने भी कहा है कि, ''शब्द की मार बड़ी है।" शब्द साधना स्तुतियों, काव्य और गीतों में प्रकट होती है। शब्द संयम अपरिहार्य है। ऐतरेय उपनिषद के शांति पाठ में प्रार्थना है, "हे परमात्मा मेरी वाणी मन में स्थित हों और मन वाणी में स्थित हो जाए। मेरे मन और वाणी साथ साथ काम करे। मेरे संकल्प और वचन विशुद्ध होकर एक रहे। मेरा सुना हुआ और अनुभव में आया हुआ ज्ञान मेरा त्याग न करे। मेरा ज्ञान मुझे सदा स्मरण रहे।" मन का अनुशासन जरूरी है। अनुशासित मन से सुन्दर शब्द और अर्थ निकलते हैं। मन और वाणी एक साम्य में हमारा मार्गदर्शन करें। ऋषि संकल्प करते हैं, "मैं अपनी वाणी से सदा ऐसे ही शब्दों का उच्चारण करूंगा, जो दोषरहित हो। मैं सत्य बोलूंगा-सत्यं बदिष्यामि। मेरी रक्षा करो। वक्ता की रक्षा करो। भारतीय परंपरा में शब्द अनुशासन पर अतिरिक्त जोर दिया गया है।"

सृष्टि के जन्म और विकास के अनेक सिद्धांत हैं। चार्ल्स डारविन का सिद्धांत विकासवादी कहा जाता है। स्टीफेन हाकिंग जैसे ब्रह्माण्ड विज्ञानी सृष्टि के उद्भव पर काम करते रहे हैं। आधुनिक ब्रह्माण्ड विज्ञानियों का कथन है कि एक समय सृष्टि का सारा पदार्थ और ऊर्जा एक छोटे से बिंदु पर थी। इसे ब्रह्म अण्ड भी कहा जाता है। अत्यधिक दबाव के कारण ब्रह्म अण्ड फूटा। उसके कण गतिशील हुए और इस तरह सृष्टि का विकास आगे चल पड़ा। वैज्ञानिक कार्ल सागन ने इसे कॉस्मिक एग 'ब्रह्म अण्ड' कहा है। ऋग्वेद में इसे हिरण्यगर्भ कहा गया है। हिरण्य का अर्थ स्वर्ण या कोई अति चमकीली धातु है। ऋग्वेद में कहते हैं कि सबसे पहले हिरण्यगर्भ ही थे। ऐतरेय उपनिषद ऋग्वेद के आरण्यक का भाग है। उपनिषद (खण्ड 1-4) में कहा गया है, "हिरण्यगर्भ पुरुष ने स्वयं को प्रकट करने के उद्देश्य से तप किया। तप के फलस्वरूप हिरण्यगर्भ फूट गया। इससे फूटकर मुख छिद्र बना। इसी मुखछिद्र से वाणी उत्पन्न हुई।" वाणी आराध्य है। वाणी से ही विचार प्रकट होते हैं। वाद, विवाद और संवाद वाणी से ही संभव है। वाणी के ही सम्यक प्रयोग से संस्कृति का विकास हुआ। ऋग्वेद (10-125) में वाणी सम्पूर्ण प्रकृति को धारण करती है। वाणी में समूचा संसार व्याप्त है।

ऋग्वेद में वाणी का सुन्दर विवेचन है। वाणी के चार रूप बताए गए हैं। पहले रूप को 'परा' कहा है। यह मन में स्थित रहती है। दूसरी का नाम 'पश्यन्ती' बताया गया है। इस मनोदशा में वाणी प्रकट करने का विचार उठता है। तीसरी 'मध्यमा' है। इस तल पर विचार शब्द अपना रूप ग्रहण करता है। शब्द योजना बनती है। शब्दों का विवेकीकरण होता है। चौथी का नाम 'बैखरी' बताया गया है। यह प्रकट वार्ता है। लेकिन साधारण लोग पहली तीन स्थितियां कम जानते हैं। वे केवल चौथी का ही प्रयोग करते हैं। वाणी के सभी रूप पालनीय हैं।

प्राचीन सुमेरी सभ्यता का विवेचक क्रेमर ने लिखा है कि, "सुमेरी दार्शनिकों ने दैवीय शब्द की सृजन शक्ति का सिद्धांत बताया था। सृजनकर्ता को योजनाओं के बारे में बोलना था। इच्छानुसार शब्द बोलने से ही कामना पूरी हो जाती थी। दर्शन में आकाश का गुण शब्द बताया गया है। शब्द शक्ति की खोज और पहचान का आदिस्रोत भारत है, ऋग्वेद है। चीन के एक दार्शनिक लाओत्सु (ईसापूर्व 400 वर्ष लगभग) ने भी सृष्टि के विकास पर लिखा है। 'ताओ ते चिग' उनकी महत्वपूर्ण पुस्तक है। 'ताओ ते चिग' भी वाणी और शब्द का चमत्कार है। वाणी आराध्य है। छान्दोग्य उपनिषद में व्यथित नारद को सनत् कुमार ने वाणी की शक्ति का दर्शन बताया था। भारत में शब्द और वाणी का जैसा सदुपयोग हुआ है, वैसा अन्य सभ्यताओं में नहीं मिलता। वाणी के सम्यक ज्ञान और सम्यक सदुपयोग से मंत्र शक्ति का पादुर्भाव हुआ। मंत्र शब्दों के सम्यक प्रयोग से बनते हैं। मंत्रों का उच्चारण अनुशासित वाणी द्वारा ही संभव होता है। सुने गए शब्द अपनी अर्थवत्ता के कारण चित्त में रासायनिक परिवर्तन लाते हैं। मंत्र के प्रभाव होते हैं या नहीं? यह विषय वैज्ञानिक और दार्शनिक विवेचन का है। लेकिन वाणी की शक्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। मधुर वाणी से गीत काव्य प्रकट होते हैं। इसी के सम्यक उपयोग से स्तुतियां बनती हैं।

वाणी की शक्ति अपरिमित है। संस्कृति मनुष्य को उदात्त बनाती है। संस्कृत देववाणी है। इसमें संस्कृति के विकास की विराट क्षमता है। भारतीय संस्कृति में वाणी और शब्द के आश्चर्यजनक सदुपयोग मिलते हैं लेकिन राजनैतिक क्षेत्र में सामान्य वक्तव्य भी हिंसक हो जाते हैं। भारतीय सुभाषितों में कहा गया है कि सत्य बोलो-सत्यम ब्रूयात। प्रिय बोलो-प्रियं ब्रूयात। लेकिन अप्रिय सत्य मत बोलो। यहां सत्य को भी अप्रिय होने के कारण उचित नहीं कहा गया। 2024 के महासमर में सुन्दर वाणी का प्रयोग जरूरी है। लेकिन प्राचीन भारत के युद्धों में भी अश्लील और असभ्य शब्द प्रयोग नहीं मिलते। महाभारत का बड़ा हिस्सा युद्ध का है। सेनाएं आमने सामने हैं। तब दोनों पक्षों के योद्धा परस्पर शालीन वार्तालाप करते थे। भारतीय लोकतंत्र में वैदिक काल से ही सभा समितियां हैं। स्तोता देवताओं से प्रार्थना करते हैं, "मैं सभा में मधु बोलूं। मैं सभा में यशस्वी होऊं। उग्र विषय भी मधुर वाणी में बोलूं। आश्चर्य है कि जिस भारत में मधुर बोलने की प्रतिस्पर्धा थी, उसी परम्परा के उत्तराधिकारी होकर भी हम शब्द संयम तोड़ रहे हैं। वातावरण नई पीढ़ी के लिए अप्रिय हो गया है।

गलत है महापुरुषों पर जाति का ठप्पा लगाना

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है?

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

कौन कहता है, इस महान, प्राचीन देश की महान, प्राचीन संस्थाओं के संरक्षण-परिवर्धन में एक ही राजनीतिक दल दत्तचित्त है। यह तो अन्य दलों के साथ सरासर अन्याय होगा, भाई। उदाहरण के लिए जाति प्रथा को ले लीजिए। एक महान प्राचीन संस्था, जो इस देश की अनन्य विरासत है।

अभी एक चुनाव होने वाला है। विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में सभी दलों द्वारा उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया इतनी माथापच्ची के बाद क्यों पूरी हो रही है? सभी दल समान रूप से जाति नामक प्राचीन भारतीय संस्था के संरक्षण-परिरक्षण के महान दायित्व का निर्वाह करते पाए जा रहे हैं या नहीं? जिन दलों ने इंडिया नामक महागठबंधन बनाया है उनमें सीटों का बंटवारा अंत में किस बात पर आकर अटकता है?

हां, जिस दल ने समूचे हिन्दू समाज का उद्धार करने का बीड़ा उठा लिया हो, उसे इस मामले में कुछ छूट तो मिलनी ही चाहिए। उसे तो एक ही मजहब वालों को टिकट देना है। बाकी मजहबों के लिए और सारे दल हैं न? लेकिन इस हिंदू-उद्धारक दल में भी टिकट के बंटवारे में जाति की बेकदरी होती हो, ऐसा कतई नहीं। बात राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं। अगर आप कॉलेजों एवं अन्य शैक्षिक संस्थाओं के विशेषकर देहाती इलाकों में नामकरण का अध्ययन करें तो कुछ दिलचस्प तथ्य सामाने आ सकते हैं।

पता लगाएं, महामना मदनमोहन मालवीय इंटर कालेज खोलने और चलाने वाले प्रधानतः किस जाति के लोग हैं। फिर कोई महाराणा प्रताप महाविद्यालय मिलेगा, पता लगाइए, इसे खोलने-चलाने वाले मुख्यतः किस जाति के हैं? महात्मा गांधी इंटर कालेज भी मिल ही जाएंगे, पता करें इनके पीछे किस जाति के लोग हैं। बाबू राजेंद्र प्रसाद और यहां तक कि बंगाल से दूर-दराज के इलाकों में भी सुभाष चंद्र बोस डिग्री कालेज मिल सकते हैं, पता करिए, इन्हें खोलने वाले किस जाति के हैं और इनकी प्रबंध-समिति में किस जाति के लोगों का बोलबाला है। आप पाएंगे कि हमने बड़ी शाइस्तगी से अपने महापुरुषों को जातियों के हिसाब से बांट लिया है। महामना मदन मोहन मालवीय पर सिर्फ एक जाति का कब्जा हो गया है, महाराणा प्रताप पर दूसरी जाति काबिज हो गई है और महात्मा गांधी को तीसरी जाति के लिए छोड़ दिया गया है।

बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ है और सुभाष चंद्र बोस रहे होंगे पक्के सेक्युलर, लेकिन हमारे जातीय बंटवारे में वे बाबू राजेंद्र प्रसाद के साथ एक चौथी जाति के हिस्से में आ पड़े हैं तो क्या किया जाए? एक जाति ने कब्जाया और बाकी जातियों ने चुप्पी साधकर रजामंदी दे दी, अब और क्या चाहिए? इन महापुरुषों से पूछने की क्या जरूरत कि वे देश के महापुरुष कहलाना पसंद करेंगे या अपनी-अपनी जाति के? यह महान देश है। हमने तो भगवानों/अवतारों तक को बांट लिया है तो महापुरुषों की क्या बिसात? परशुराम केवल एक जाति के भगवान होकर रह गए हैं। इधर कृष्णावतार पर भी एक नई उभरती जाति ने कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। देखना है, वे कब तक अन्य जातियों के भक्तों को उपलब्ध रहते हैं?

नवीन शैक्षिक सत्र: चुनौतियां और संभावनाएं

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए।

नवीन शैक्षिक सत्र पहली अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है। यह समय लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों और तैयारियों का भी है। अलग-अलग चरणों में मतदान तथा उससे संबंधित क्रियाकलापों के चलते इन कार्यों में विद्यालयीय स्टाफ की संलग्नता भी रहेगी। ऐसे समय में विद्यालय संचालन तथा निर्वाचन संबंधी दायित्वों हेतु एक विशिष्ट कार्ययोजना की आवश्यकता होगी, ताकि दोनों ही दायित्वों का सम्यक निर्वहन हो सके। यह संभव हो इसके लिए जरूरी होगा कि बच्चों तथा सामुदायिक ज्ञान संदर्भों का समुचित उपयोग करते हुए कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है।

सबसे पहले बात करते हैं लोकतंत्र के महापर्व की। बच्चों को मतदान जागरूकता फैलाने, अपने घर-परिवेश में वोट का महत्व समझाने तथा सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित करने जैसी ज़िम्मेदारियां देकर भविष्य के एक प्रखर व जागरूक मतदाता के रूप में विकसित करने का यह सही अवसर होगा। आवश्यक यह होगा कि सत्रारंभ में ही इस प्रकार की सुनियोजित कार्ययोजना बना ली जाए कि इस अवधि में बच्चे निरंतरता के साथ जागरूकता तथा पठन-पाठन संबंधी क्रियाकलापों से जुड़े रहें। इसके लिए नवीन शैक्षिक सत्र में पहले दिन से ही विद्यालयों का वातावरण वेलकमिंग बनाना होगा। बच्चों को विद्यालय में आकर लगे कि इस स्थान पर उन्हें पर्याप्त अहमियत दी जाती है। सत्र के प्रारंभिक दस-पंद्रह दिन विद्यालयों में विविधता पूर्ण खेल-गतिविधियों का आयोजन कराया जाए। बच्चे अपने स्थानीय परिवेश में विभिन्न प्रकार के खेल खेलते हैं। इन खेलों में ऐसे कई कौशल होते हैं, जो पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को पूर्ण करते हैं। बच्चों के सहयोग से इन स्थानीय खेलों की सूची बनाकर दिवस वार खेल गतिविधियां निर्धारित करते हुए तथा बच्चों का सहयोग लेते हुए रोचक व रचनात्मक वातावरण का सृजन किया जाए। बच्चे विभिन्न प्रकार के कला-कौशल और स्थानीय शिल्प में निपुण होते हैं। आरंभिक दिनों में उनकी इस प्रतिभा उपयोग किया जाए। विद्यार्थी अपने विद्यालय को सजाएं-संवारें और पूरे विश्वास-उल्लास के साथ कहें कि 'मेरी भी आभा है इसमें'।

विद्यालय स्तर पर बच्चों की विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है। सत्रारंभ सही समय होगा कि उन समितियों के सदस्यों को विभिन्न विद्यालयीय गतिविधियों के संचालन का दायित्व दिया जाए। इससे बच्चों में न केवल दायित्व बोध विकसित होगा, बल्कि उनके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। योजना का स्वरूप इस प्रकार निर्धारित हो कि हर बच्चे को किसी न किसी जिम्मेदारी को निभाने का अवसर प्राप्त हो। दायित्वों का दिवसवार मैपिंग करते हुए विभाजन भी निर्धारित किया जा सकता है। इससे चुनावी व्यस्तता के दिनों में भी विद्यालय भलीभांति संचालित होता रहेगा।

बच्चे अपने परिवार और परिवेश से रागात्मक रूप से जुड़े होते हैं। इन सबके बीच उनके रिश्तों और भूमिकाओं का संसार होता है। इन रिश्तों और भूमिकाओं में ज्ञान-विज्ञान के असीमित क्षेत्र और संभावनाएं छिपी होती हैं। विद्यालयीय क्रियाकलापों में इस समृद्ध संसार को शामिल करना सीखने और सिखाने को सुगम व रोचक बनाता है। आवश्यक होगा कि नवीन सत्र हेतु निर्धारित की जा रही योजनाओं में बच्चों के इस ज्ञान-विज्ञान को समुचित स्पेस दिया जाए। शिक्षार्थियों का गुणात्मक उन्नयन काफी हद तक शिक्षण की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। इसी प्रकार शिक्षण की गुणवत्ता निरीक्षणकर्ता के गुणवत्ता परक कार्य, व्यवहार और पारस्परिक सहयोग पर निर्भर करती है। अतः प्रत्येक स्तर पर यह तय करना जरूरी होगा कि सभी का सहयोगात्मक प्रदर्शन सत्रांत में संस्थागत उत्कृष्टता के रूप में उभर कर आए।

विद्यालयों में वर्ष पर्यन्त शिक्षक तथा बच्चे शैक्षिक पंचांग/ वार्षिक कैलेंडर में निहित क्रियाकलापों के अलावा विभिन्न विभागीय तथा अंतरविभागीय गतिविधियों का हिस्सा बनते हैं। विभागीय स्तर पर इन गतिविधियों पर ज़रूरी फिल्टर लगाकर शिक्षण अधिगम के अवसरों को बढ़ाया जा सकता है। अनावश्यक मेले-रैलियों, फ़ोटो प्रेषण की गतिविधियों को संक्षिप्त करते हुए इनके स्थान बच्चों की गुणात्मक वृद्धि में सार्थक नतीजे देने वाले काम कराया जाना ज्यादा जरूरी होगा। निश्चित ही इससे बच्चों की जिंदगी में कई गुणवत्तापरक बदलाव प्रदर्शित होंगे। समय-समय पर विविध प्रकार की सूचनाओं के आदान-प्रदान को एक समस्या के रूप में देखा जाता है। सूचनाओं का प्रवाह कम हो इसके लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान से जुड़ा तंत्र यह निर्धारित करे कि सूचनाएं कम से कम समय में कैसे मैनेज हों ताकि बच्चों के हिस्से का समय प्रभावित न हो। तकनीक समृद्ध समय में सूचना प्रबंधन को कहीं ज्यादा बेहतर और सुव्यवस्थित किया ही जाना चाहिए। सत्रारंभ किसी भी शिक्षार्थी के जीवन का महत्वपूर्ण क्षण होता है। जरूरी है कि शिक्षा से जुड़ा हर व्यक्ति इस बारे में गंभीरता से सोचे कि हम सब मिलकर ऐसा क्या करें कि सत्रारंभ से ही पाठशाला बच्चे के लिए आनंद शाला बन जाए। वह आनंदशाला जिसमें हर बच्चा अपनी रुचि और गति से सीखते हुए अपनी उम्र व कक्षा के अनुसार अपेक्षित ज्ञान, कौशल व दक्षताएं प्राप्त कर रहा हो तथा हम इस बदलाव के वाहक और संवाहक बनने का गर्व-गौरव और सुकून हासिल कर रहे हों।

कलकत्ता 'मिनी राजस्थान'

द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

जड़ों से उखाड़कर नई जमीन में पौधे को लगाकर पुनर्जीवित करना बेहद कठिन होता है। केवल धान का पौधा ही ऐसा है, जो उखड़ने के बाद फिर रोपे जाने के बाद पनपता है, लेकिन बाकी उखड़ते ही अधमरे हो जाते हैं या मुरझाकर प्राणविहीन हो जाते हैं। केवल उनके प्राण बचते हैं जिनकी जिजीविषा-शक्ति अत्यंत प्रबल रहती है।

पूरी दुनिया के लोग भटकते हैं, कोई रोजगार-व्यापार के लिए, कोई नौकरी के लिए, कोई आसरे के लिए, कोई पढ़ने के लिए, कोई कुछ जानने के लिए, कोई घूमने के लिए तो कोई अपना मुंह छुपाने के लिए। अपने घर को छोड़कर दूसरी दुनिया में जाने का निर्णय लेने वाले या तो अपने हालात से मजबूर होते हैं या वे दुस्साहसी होते हैं। ऐसा देखा गया है कि जिसने अपना घर-परिवार छोड़ा, किसी नई जमीन में जाकर बस गया, वह एक-न-एक दिन खुद को साबित कर देता है। गर्म-रेतीले रेगिस्तान में भटकता इंसान पानी और छांव की तलाश में अनवरत चलते रहता है, क्योंकि उसके पास और कोई विकल्प नहीं रहता। इस कहानी को भारत के उस रेगिस्तानी इलाके से शुरू करते हैं जिसे राजस्थान, मारवाड़ और हरियाणा कहते हैं। अति प्राचीन काल में राजस्थान वैसा बीहड़ मरुस्थल नहीं था, जैसा आज है। वहां सरस्वती और दृषदवती जैसी बड़ी नदियां बहती थी, लेकिन ऋतु-परिवर्तन के कारण भौगोलिक परिस्थितियां बदली और वहां की हरियाली ने थार मरुभूमि का रूप धारण कर लिया। राज्य के पूर्वी भाग को छोड़कर पूरा प्रदेश पानी के लिए तरसता था। पानी नहीं था तो कृषि भी कम थी। कम पानी से होने वाली उपजें हुआ करती थी जैसे ज्वार, बाजरा, काकड़ी, मिर्च, सांगरी आदि। रोजगार नहीं थे इसलिए हरेक घर में फुर्सत का राज्य था, शतरंज की महफिलें लगती, गपशप होती, बहसबाजी होती परिणाम स्वरूप कभी-कभी लट्ठ चल जाते। बीसवीं शताब्दी की शुरुआत में अंग्रेजों ने भारत में अपने पैर पसारने शुरू कर दिए थे और कलकत्ता को उन्होंने अपना 'गेट-वे' बनाया।

जिन बड़े घरानों का नाम आज संपूर्ण भारत में उजागर है जैसे बिरला, डालमिया, मोदी, बांगड़, जालान आदि वे इसी इलाके से कलकत्ता पहुंचे लोग हैं, जो अंग्रेजों को मजदूर मुहैय्या कराने या दलाली जैसा छोटा-मोटा काम किया करते थे। इनको अपने काम की देखरेख के लिए आदमी चाहिए थे। कलकत्ता के निवासी-बंगालियों का काम उन्हें पसंद नहीं था, क्योंकि वह घड़ी देखकर काम करने वाला समुदाय था, जबकि उन्हें दिन-रात काम करने वाले लोग चाहिए थे। व्यापार का हिसाब-किताब रखने के लिए विश्वसनीय मुनीम भी चाहिए थे। इसलिए वे 'देश' के परिचित लोगों को कलकत्ता बुलाकर बसाने और उन्हें काम सिखाने लगे और धीरे-धीरे कलकत्ता 'मिनी राजस्थान' हो गया।

संतन को कहां सीकरी सो काम

राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

कुंभनदास साहित्य के क्षेत्र में भारत की 16-17 वीं शताब्दी अपने संत कवियों के लिए जानी जाती है। वह युग था जब भक्ति आत्म सम्मान का पर्याय थी और व्यवस्था के विरुद्ध विद्रोह के स्वर में मुखरित हुई थी। इन्हीं संत कवियों में एक कुंभनदास हुए। मथुरा के समीप जमुनावतो गांव के निवासी, जन्म से क्षत्रिय और वृत्ति से कृषक। वे कृष्ण-भक्त थे और मथुरा के गोवर्धन पर्वत स्थित श्रीनाथजी मंदिर में पूजा-अर्चना और गायन किया करते थे। एक बार बादशाह अकबर ने कुंभनदास का कोई भजन किसी से अपने दरबार में सुना। भजन उसे इतना अच्छा लगा कि उसे कुंभनदास को देखने और उनसे भजन सुनने की इच्छा हो आई। तब अकबर अपने फतेहपुर सीकरी के किले में रह रहा था। उसने कुंभनदास को दरबार में आने का आमंत्रण भेजा। कुंभनदास जाना नहीं चाहते थे, पर दूतों का बार-बार आग्रह देखकर वे सीकरी को चल पड़े। अकबर द्वारा भेजी गई शाही गाड़ी पर सवार होकर नहीं, बल्कि पैदल। अकबर ने उनका काफी आदर भाव किया और चलते वक्त उन्हें कोई भेंट देना चाहा, पर धन, मान, राज-सम्मान की किसी भी इच्छा से विरक्त संत ने एक ही चीज की मांग की कि उन्हें फिर कभी सीकरी न बुलाया जाए। सीकरी से लौटने के बाद कुंभनदास ने अपना प्रसिद्ध पद लिखा था। संतन को कहां सीकरी सों काम।/आवत जात पनहिया टूटी बिसरि गयो हरि नाम॥/ जाको मुख देखे दुख लागत, ताको करन परी परनाम॥ 'कुंभनदास' लाल गिरिधर बिन यह सब झूठो धाम॥/ सत्ताधारियों से चिपके रहने वाले आज के स्वार्थ-लिप्त निकृष्ट चोलाधारी संत क्या जाने की भक्ति क्या होती है?

मनुष्य की गहनतम अनुभूति है ईश्वर

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है।

आप उसे कल्पना कहते हैं, तब उसका अर्थ कुछ और हो जाता है। लोक जीवन में विद्यमान है, उसे तो कल्पना नहीं कहा जा सकता। वह तो वास्तविकता बन गया न! यह बात अलग है कि संसार में जितने सांस्कृतिक समूह हैं, उतनी ही ईश्वर की अवधारणा हैं। जिस दिन ईश्वर की परिभाषा पूरी हो जाएगी, उस दिन ईश्वर ईश्वर नहीं रह जाएगा, परिभाषा करने वाला ही ईश्वर हो जाएगा।

शब्द कहां हैं, जो उसे बांध सकें? शब्द की बात होती तो ब्रह्मा बेचारा नेति क्यों कहता? मनुष्य की विवशता और मनुष्य की शक्ति दोनों ने मिलकर ईश्वर को खोजा है। वास्तव में ईश्वर की यह खोज जीवन की खोज है, सुख की खोज है, आनंद-मंगल की खोज है, शक्ति की खोज है, सत्य की खोज है, पूर्णत्व की खोज है, अंतर्तम की खोज है, मनुष्यता की खोज है, स्वयं अपनी खोज है। ईश्वर की अवधारणा समष्टिगत भी है और व्यक्तिनिष्ठ भी होती है। हर आदमी अपनी तरह से वंदना करता है।

अपनी तरह से परिभाषा करता है, ईश्वर मेरा है, ऐसी भावना भी करता है। जरूरी नहीं कि वह किसी किताब की परिभाषा को लेकर चले। ईश्वर मनुष्य की गहनतम अनुभूति है। वेद ईश्वर की वाणी इसलिए है कि लोक ने उसे प्रतिष्ठित किया है। बाइबिल, कुरान, त्रिपिटक, अवेस्ता, गुरुग्रंथ साहब अपने-अपने लोक समुदाय के द्वारा प्रतिष्ठित ईश्वर-वाणी हैं। ईश्वर की अवधारणा को लेकर बुद्धिजीवी की बहस हम फेसबुक पर नित्य ही देखते हैं, पर मुश्किल यह है कि वे अपने को लोक से भिन्न और ऊंचा मान लेते हैं और सामान्यजन को मूर्ख! वैज्ञानिक समाजवाद कहें या जनवाद कह लें, यदि उस पुस्तक में यह लिखा है कि निर्बल के साथ रहो सहो, उसके दुख को अपना दुख मानो, उसके पक्ष में खड़े हो जाओ, उसको इतनी ताकत दो कि वह न्याय पा सके तब तो ठीक है और यदि आप अपने अहंकार में धर्म, ईश्वर और आस्था को ही अपना निशाना बना रहे हैं तो स्पष्ट है कि आपके पास लोकजीवन को देने के लिए कुछ भी नहीं है। निश्चित ही धर्माडंबर, चमत्कारवाद, जड़ता और भेड़चाल का समर्थन नहीं किया जा सकता। महात्मा गांधी और भारत की विस्तृत संत परंपरा ने इनका निषेध भी किया था, परंतु आप अपनी सनक में उस गरीब का भरोसा या तिनके का सहारा भी छीन लेना चाहते हैं। ईश्वर की कोई भी परिभाषा अंतिम नहीं हो सकती। सात समुद की मसि करूं, लेखनि सब बन-राय। /सब धरती कागद करूं, तव गुन लिखा न जाए। (कबीर) सात-समुद्र में स्याही घोलूं/ सारी महावृक्षों की कलम बनाऊं।/सारी धरती पर तेरे गुणों का बखान करूं/तो भी तेरे गुणों को नहीं लिखा जा सकेगा। असित गिरि समं स्यात्कज्जलं सिंधुपात्रे, सुरतरुवर-शाखा लेखनी पत्रमुर्वी/ लिखति यदि गृहीत्वा शारदा सर्वकालं तदपि तव गुणानामीश पारं न याति। वेदशास्त्र उसे जान चुके होते तो भला नेति क्यों कहते? वह कहने की बात होती तो ब्रह्मा कब का कह चुका होता।

अवाङ्गनसगोचर या गिराज्ञानगोऽतीत क्यों कहा जाता? अव्यक्त क्यों कहा जाता? वह भाव-रूप न होता तो तुलसी या दूसरे मनीषी उसे भावगम्य क्यों कहते? भाव ही साधन है और भाव ही साध्य है। जीवन में भाव की कितनी सशक्त भूमिका होती है? आप उसे मनुष्य का विश्वास कहें या कुछ और मनुष्य अपने साथ ईश्वर की अवधारणा को अपने साथ लेकर चलता है। जीवन में कितनी बार याद कर लेता है? सुख-दुख, भय-संकट, रोग-शोक, जय-पराजय, आंधी-तूफान, पीड़ा-संताप, जन्ममरण कितने संदर्भ हैं।

नर हो, न निराश करो मन को

सलिल पांडेय
मिर्जापुर

धर्मस्थलों में नियमित जाकर प्रार्थना या गुहार लगाने से भौतिक वस्तुओं की यदि प्राप्ति होती रहती तो फिर उद्यम या मेहनत करने की जरूरत नहीं करनी पड़ती जिसने भी इस तरह के उपायों को अपनाया,उन्हें अंत में निराशा ही होती है। ऐसे लोग प्रार्थना और दुआ की महत्ता नहीं जानते, क्योंकि प्रायः इस तरह की बातें धर्माधिकारियों द्वारा दी जाती है कि धर्मस्थलों पर प्रार्थना और मन्नत मानने एवं चढ़ावा चढ़ाने से मन की मुरादें पूरी हो जाएंगी। धर्मस्थलों में जाना कोई गलत बात तो नहीं, लेकिन वहां जाने और मत्था टेकने से रुपए-पैसे मिलने लगेंगे, यह मान लेना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है।

धार्मिक स्थलों पर जाने का उद्देश्य तो अच्छे संस्कार एवं आचरण अपनाने के लिए हो तो बेहतर है। धर्मस्थलों में जब कभी प्रसाद के रूप में कुछ भी मिलता है तब उसे बड़ी आस्था से लेकर घर वापसी होती है और घर-परिवार के सदस्यों में उसे बांटा भी जाता है, लेकिन यदि किसी उपदेशक, पुजारी या मौलवी आदि ने अच्छे संस्कारों को अपनाने की सलाह दी तो उसे वहीं छोड़ दिया जाता है। उपदेशक समूह में यदि संदेश या खुतबा देता है,'सदैव सत्य बोलो, असत्य बोलने से ईष्टदेव नाराज होते हैं, अनीतिपूर्वक काम न करो' तो उपस्थित लोगों में अधिकांश को महसूस यही होता है कि यह उपदेश मेरे लिए नहीं, बल्कि अन्य लोगों के लिए है। अधिकांश को अपना अनीतिपूर्ण कार्य जायज और जरूरी भी लगता है।

ऐसी ही एक बोध कथा है, 'एक अंधा व्यक्ति मस्जिद के बाहर खड़ा होकर गुहार लगा रहा था,'परवरदीगार मेरी आंखों की रोशनी गायब हो गई है, उसे लौटा दो।' उस रास्ते से एक बादशाह गुजरा और बोला, 'कब से यहां खड़े होकर गुहार लगा रहे हो?' वह अंधा व्यक्ति बोल पड़ा, 'तकरीबन 10 साल से।' बादशाह बोला, 'जा रहा हूं किसी काम से, एक सप्ताह में लौटूंगा, यदि तब तक तुम्हारी आंख की रोशनी नहीं लौटी तो तलवार से तुम्हारी गर्दन काट दूंगा। मेरे राज्य का हर आदमी इसी तरह अपना समय बर्बाद करेगा तो राज्य की स्थिति खराब हो जाएगी। 'अंधा व्यक्ति घबरा गया। जब आंख की रोशनी नहीं जिंदगी पर आफत आ गई तब घबराया हुआ वह चिकित्सक के पास गया और सारी बात बताकर जल्द रोशनी लौटा देने की डॉक्टर से कहा। उसने यह भी कहा कि चाहे जितना पैसा लगे, वह देने के लिए तैयार है। डॉक्टर ने इलाज किया और एक सप्ताह में आंखों की रोशनी लौट आई। जब बादशाह लौटा तो बोल पड़ा, 'जहांपनाह, रोशनी लौट आई है।' बादशाह बोला,'फिर दस साल से यहां आकर नाटक कर रहे थे? खुदा को छोटे-छोटे कामों में उलझा रहे थे?' इसलिए धर्म-पथ पर चलते हुए अच्छे विचार तथा संस्कार की प्रार्थना या दुआ ही करनी चाहिए।

अत्यंत आस्था के ग्रंथ रामचरितमानस का पाठ करते समय प्रायः 'दीनदयाल विरद संभारी, हरहु नाथ मम संकट भारी' चौपाई पढ़ी जाती है। इस चौपाई पर गौर किया जाए तो यहां संकट रुपए, पैसे, गाड़ी-बंगला, नौकरी का नहीं, बल्कि मानसिक विकारों से ग्रस्त मन में जो संकट है,उससे मुक्ति की प्रार्थना समझ कर करनी चाहिए, क्योंकि जीवन में लोभ, लालच, क्रोध, हीनता की भावनाएं प्रवेश करती रहती हैं। इस तरह की भावनाओं से मन द्विविधाग्रस्त होता है। आत्मबल कमजोर होता है,जबकि आत्मबल ही ईश्वरीय शक्ति है। मशहूर कवि मैथिलीशरण गुप्त की कविता पंक्ति 'नर हो, न निराश करो मन को' से यही ध्वनित होता है कि जिसका आत्मबल सशक्त होता है,वह नर ही नहीं,बल्कि खुद नारायण हो जाता है। नारायण का अर्थ ही नर का आयण यानी आश्रम। मजबूत आत्मबल नारायण स्वरूप प्रदान करता है। वहीं नारायण आकर विराजते हैं। ऐसी स्थिति में कोई कार्य असंभव भी नहीं लगता और नकारात्मक कार्य की ओर मन नहीं जाता। धार्मिक ग्रंथों में कही गई बातों का मर्म समझने की जरूरत है। मर्म समझे बिना धर्मपथ पर चलना निरुद्देश्य भटकना ही साबित होता है।

साल 2014 में मोदी लहर के चलते भाजपा ने पश्चिमी यूपी की सभी 16 सीटों पर जीत हासिल की थी। लेकिन 2019 में जब बसपा, सपा और रालोद ने हाथ मिलाया, तो यहां भाजपा के सांसदों की संख्या घटकर नौ पर पहुंच गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि मुसलमानों ने विपक्षी गठबंधन के लिए थोक में मतदान किया। इस कारण यूपी में इसी इलाके में भाजपा ने 2014 की तुलना में सबसे ज्यादा सीटें गंवा दीं। यहां जिन सीटों पर मुस्लिम वोटरों का दबदबा है, उनमें सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र भी शामिल हैं।

सहारनपुर में तिकोने संघर्ष के आसार

मनोज त्रिपाठी, चुनाव डेस्क

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा का फोकस उन 17 सीटों पर सबसे ज्यादा है, जिन्हें वह पिछले 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी लहर के बावजूद हार गई थी। इनमें सहारनपुर सीट भी शामिल है। 2019 में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान ने भाजपा के राघव लखन पाल शर्मा को यहां से हराकर जीत हासिल की थी। कांग्रेस के प्रत्याशी पूर्व विधायक इमरान मसूद दो लाख से ज्यादा वोट लेकर अपनी जमानत बचाने में कामयाब रहे थे। इस बार भाजपा ने यहां से तीसरी बार राघव लखन पाल शर्मा दांव लगाया है। राघव 2014 में पहली बार यहां से जीतकर संसद में पहुंचे थे। तब उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद को 60 हजार से ज्यादा वोटों से हराया था। हालांकि 2019 के चुनाव में वह बसपा के प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान से करीब 22 हजार मतों से पिछड़कर चुनाव हार गए थे। तब बसपा और सपा ने गठबंधन करके चुनाव लड़ा था। इस बार सपा और कांग्रेस के बीच हुए गठबंधन में सीट कांग्रेस को मिली है। कांग्रेस ने यहां से इमरान मसूद को फिर एक बार मौका दिया है। लेकिन बसपा ने इस सीट पर माजिद अली को उम्मीदवार बनाकर गठबंधन प्रत्याशी इमरान मसूद के लिए मुश्किल खड़ी कर दी है। माजिद अली ने वर्ष 2017 में विधानसभा का चुनाव बसपा के टिकट से लड़ा था। लेकिन उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था। माजिद वर्तमान में देवबंद क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य हैं।

पिछले तीन चुनावों से हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुना जनता ने

सहारनपुर में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। यहां के मतदाताओं ने पिछले तीन चुनावों में हर बार नई पार्टी और नया सांसद चुनकर अपने बदलाव के मिजाज को प्रदर्शित किया है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि इस बार के चुनाव में यहां के मतदाता अपने पिछले ही रुझान पर कायम रहते हैं या इस परिपाटी को बदलने का काम करते हैं। फिलहाल लोगों से बातचीत करने पर यहां त्रिकोणीय संघर्ष होने की बात सामने आ रही है। सहारनपुर सीट पर पहला चुनाव वर्ष 1952 में हुआ था, तब से लेकर 1977 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा था। 1977 में आपात काल के बाद हुए चुनाव से लेकर 1996 तक इस सीट पर जनता दल या जनता पार्टी ने कब्जा बनाए रखा। हालांकि बीच में 1984 के चुनाव में कांग्रेस ने वापसी की थी। 1996 के चुनाव के बाद सहारनपुर सीट दो बार भाजपा, दो बार बसपा, एक बार सपा और 2014 की मोदी लहर में भाजपा के खाते में आ गई।

सांप्रदायिक ध्रुवीकरण हर चुनाव में सियासत को सर्द-गर्म करता रहता

- साल 2013 के मुजफ्फरनगर दंगों ने पश्चिमी यूपी के सामाजिक समीकरण के साथ माहौल बदल दिया था। सहारनपुर की राजनीतिक और सामाजिक तस्वीर भी इससे अछूती नहीं रही थी। वर्ष 2014 में चुनाव के दौरान कांग्रेस नेता इमरान मसूद का भाजपा के पीएम प्रत्याशी नरेंद्र मोदी को लेकर दिया गया चर्चित 'बोटी - बोटी' वाले बयान ने वोटों का सीधा बंटवारा कर दिया था। इसके बाद से चुनाव आने पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बयार यहां बहती ही रहती है और सियासत को गर्म-सर्द करती रहती है।

समीकरण 2019 जैसे

- **समीकरण 2019 जैसे, दलित-मुस्लिम गठजोड़ बिगाड़ सकता भाजपा का खेल :** सहारनपुर में एक बार फिर से पिछले चुनाव जैसे ही हालात बन रहे हैं। कांग्रेस और सपा से इमरान मसूद तथा बसपा से माजिद अली के बीच मुस्लिम वोटों के साथ दलित वोटों का घमासान छिड़ा है। ऐसे में अगर एक बार फिर से यहां मुस्लिम-दलित गठजोड़ बना तो भाजपा के लिए मुकाबला कड़ा हो सकता है। दो मुस्लिम प्रत्याशी होने के समीकरण का फायदा उठाने के लिए भाजपा को दलितों को साधना ही होगा। 2019 में भी भाजपा से प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ही थे। उनके सामने कांग्रेस से इमरान मसूद और बसपा से हाजी फजलुर्रहमान मैदान में थे। उस दौरान समीकरण तो भाजपा के पक्ष में थे लेकिन मुस्लिम-दलित गठजोड़ ने भाजपा के समीकरण बिगाड़ दिए थे।

पिछले चार चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले वोट (प्रतिशत में)



आधे से ज्यादा मुस्लिम और दलित मतदाता, तय करते जीत और हार

सहारनपुर पश्चिमी उत्तर प्रदेश की बड़ी लोकसभा सीटों में गिनी जाती है। यह शहर काष्ठ कला यानी लकड़ी के काम और कलाकृतियों के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। इस्लामिक शिक्षा का केंद्र दारूल उलूम देवबंद भी सहारनपुर को एक अलग पहचान दिलाता है, तो यहां माता शाकंभरी देवी का प्रमुख शक्तिपीठ है, जिसका जिक्र प्राचीन वेद-पुराणों में भी मिलता है। यहां कुल वोटर 19 लाख के करीब हैं। इनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या लगभग 10 लाख और महिला मतदाता नौ लाख के आसपास हैं। थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 85 हैं। सहारनपुर में साढ़े छह लाख मुस्लिम, पांच लाख से अधिक दलित और एक लाख से ऊपर जाट मतदाता हैं। आबादी के लिहाज से सहारनपुर जिले में हिंदू और मुसलमानों की संख्या में ज्यादा अंतर नहीं है। जिले में हिंदुओं की आबादी 56 % तो मुस्लिम समाज की आबादी 42% है। इसके बाद लगभग एक फीसदी सिख समाज की आबादी है। इतने ही अन्य वर्ग के लोग हैं।

किसी दल ने यहां कभी नहीं दिया किसी महिला प्रत्याशी को टिकट

- सहारनपुर लोकसभा सीट पर मजेदार तथ्य यह है कि 47 फीसदी महिला मतदाता होने के बावजूद आज तक किसी भी चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल ने महिला प्रत्याशी मैदान में नहीं उतारा है। इसके चलते कोई भी महिला लोकसभा में नहीं पहुंची है। इस सीट पर अब तक मात्र पांच महिलाएं ही चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरी हैं। सभी ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में किस्मत आजमाई है। इस बार भी एक महिला प्रत्याशी निर्दलीय शबनम चुनाव मैदान में हैं।

2019 में किसको मिले कितने वोट



2014 में किसको मिले कितने वोट



मतदाताओं का विधानसभा वार हिसाब-किताब

विधानसभा	पुरुष	महिला	थर्ड जेंडर	कुल योग
बेहट	196576	177677	12	374265
सहारनपुर नगर	236044	214934	50	451028
सहारनपुर देहात	194644	1722930	10	367584
देवबंद	182456	160278	11	342745
रामपुर मनिहारान	168701	147522	02	3162225

2022 के विस चुनाव में भाजपा देवबंद समेत तीन सीटों पर जीती थी

- सहारनपुर लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में तीन पर भाजपा और दो सीटों पर सपा ने जीत हासिल की थी। भाजपा के हिस्से में सहारनपुर नगर, देवबंद और रामपुर विधानसभा सीट आई थीं, जबकि सहारनपुर देहात और बेहट विधानसभा सीटों पर ने जीत हासिल की थी। बेहट विधानसभा सीट से सपा के उमर अली खान, देहात से आशु मलिक चुनाव जीते थे। बाकी तीन विधानसभा सीटों में देवबंद से भाजपा के कुंवर बृजेश सिंह, सदर से राजीव गुंबर और रामपुर मनिहारान से देवेंद्र निगम ने जीत हासिल की थी।

सपा और बसपा ने मौका नहीं दिया कांग्रेस ने तीसरी बार टिकट थमाया

- पूर्व केंद्रीय मंत्री रशीद मसूद के भतीजे इमरान मसूद ने 2007 में मुजफ्फराबाद विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़कर प्रदेश सरकार में मंत्री रहे जगरीश राणा को हराया था। 2012 का विधानसभा चुनाव इमरान ने कांग्रेस के टिकट पर नकुड़ से लड़ा, लेकिन बसपा के डा. धर्म सिंह सैनी से हार गए थे। 2014 में कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाया, फिर 2019 में भी टिकट दिया। लेकिन इमरान मसूद जीत नहीं पाए। लगातार हार के चलते 2022 के विधानसभा चुनाव से पहले इमरान कांग्रेस का हाथ छोड़कर सपा में शामिल हो गए। लेकिन सपा ने उन्हें चुनाव नहीं लड़ाया। ऐसे में नगर निगम चुनाव के दौरान सपा की साइकिल से उतरकर वह बसपा में चले गए। बसपा में रहते हुए उन्होंने अपनी भाभी खदीजा मसूद को महापौर का चुनाव लड़ाया पर हार मिली। इसके बाद उन्हें बसपा से निकाल दिया गया। ऐसे में छह माह पहले इमरान मसूद फिर कांग्रेस में शामिल हो गए और पार्टी ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बना दिया।

लोकसभा चुनाव को लेकर पश्चिम बंगाल में कारोबारी भी तरह- तरह की प्रचार सामग्री बनाने में जुटे हुए हैं। ऐसे ही एक कारोबारी ने भाजपा, माकपा, भाकपा, कांग्रेस और टीएमसी के चुनाव निशान वाली पतंगें तैयार की हैं। इन पतंगों की वहां पर जबरदस्त मांग है। पार्टी कार्यकर्ता बड़े पैमाने पर पतंग खरीद रहे हैं। ● एजेंसी

शिवसेना यूबीटी ने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की

मुंबई। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने लोकसभा चुनाव के लिए 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की। इस सूची में पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे, राज्यसभा सदस्य संजय राउत सहित अन्य लोग शामिल हैं। ये स्टार प्रचारक प्रदेश में लोकसभा चुनाव का सभी जगह प्रचार करेंगे। अन्य मुख्य स्टार प्रचारकों में सुभाष देसाई, अनंत गिते, चंद्रकांत खैरे, सांसद अरविंद सावंत, विधायक भास्कर जाधव, सांसद अनिल देसाई, विनायक राऊत, विधायक वकील अनिल परब आदि शामिल हैं।

पीलीभीत में जितिन की जीत के लिए भाजपा कर रही हर जतन

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

अमृत विचार: नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के साथ पीलीभीत सीट पर सियासी रणभेरी बज चुकी है। भाजपा से टिकट न मिलने पर वरुण गांधी के निर्दलीय चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे, लेकिन उनके चुप हो जाने से भाजपा की राह थोड़ी आसान हो गई है। पीलीभीत सीट अब भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। इसके लिए दिग्गजों ने डेरा जमा लिया है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी तय कर दी गई है।

पीलीभीत सीट से 1952 में पहले सांसद कांग्रेस से मुकुंदलाल अग्रवाल बने थे। भाजपा को इस सीट पर काबिज होने में 39 साल लग गए। 1991 में रामलहर के बीच भाजपा के परशुराम गंगवार ने जीत दर्ज कराई। इससे पहले 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़कर मेनका गांधी सांसद बनीं। बाद में भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर 2004 में मेनका गांधी सांसद बनीं। 2009, 2014 और 2019 में मेनका गांधी और वरुण गांधी ही सांसद चुने गए। इससे पूर्व 1998 और 1999 के चुनाव में स्वतंत्र चुनाव लड़ीं मेनका गांधी को भाजपा का समर्थन रहा था। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में तस्वीर अलग है। मेनका और वरुण गांधी दोनों इस सीट पर नहीं हैं। सूबे के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

उनके मुकाबले समाजवादी पार्टी ने पूर्व मंत्री भगवन सरन गंगवार और बसपा ने पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू को प्रत्याशी बनाया है। यहां पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है। ऐसे में दिन कम बचे हैं और राजनीतिक दलों के आगे चुनौतियां अधिक हैं। चूंकि दो दशक बाद भाजपा ने टिकट में बदलाव किया है, इस कारण पीलीभीत सीट प्रतिष्ठा से जुड़ चुकी है। नामांकन के दिन से ही इसका असर भी दिखाई दे रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, कैबिनेट मंत्री संजय निषाद समेत कई नेता आ चुके हैं। स्थानीय मंत्री, विधायकों की जिम्मेदारी हाईकमान तय कर चुका है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल बुधवार को पीलीभीत पहुंचे। दो अप्रैल को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई अन्य स्टार प्रचारकों का आना भी तय माना जा रहा है। प्रत्याशी की क्षेत्र में जनता के बीच चुनावी सभाओं का कार्यक्रम बनाया जा चुका है।

सपा की तैयारी पूरी...सही समय पर करेंगे इस्तेमाल

- पीलीभीत लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी का कभी सांसद नहीं बना। 2019 में सपा गठबंधन के प्रत्याशी को 4 .48 लाख वोट मिले थे। इस बार समाजवादी पार्टी से गठबंधन प्रत्याशी के रूप में भगवत सरन गंगवार चुनाव मैदान में हैं। सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा का कहना है कि उनकी टीम समर्थकों के साथ क्षेत्र में सक्रिय है। चुनावी प्रोग्राम तय हैं, लेकिन शो नहीं किया जा रहा है। स्टार प्रचारक के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तो हैं ही, गठबंधन वाले दलों के भी कई चेहरे हैं। सभी का वक्त के हिसाब से सही जगह इस्तेमाल होगा। कुछ इसी तरह का हाल बसपा में भी दिखाई दे रहा है। बसपा में पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की सभा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

दिख रहा सबका साथ... कहीं हो न जाए भितरघात

- भारतीय जनता पार्टी से इस बार दावेदारों की लंबी फेहरिस्त थी। हालांकि टिकट घोषणा के बाद कुछ दावेदारों के बगावत करने के आसार दिखाई दे रहे थे, जिसे शीर्ष नेतृत्व ने संभाल लिया है। अब अधिकांश दावेदार भाजपा प्रत्याशी के साथ ही मंच साझा करते दिख रहे हैं। जिससे सबका साथ तो दिखाई दे रहा है। मगर, चुनावों में भितरघात आम बात है। इस पर नजर बनी हुई है। चर्चा तो ये भी है कि ऐसी स्थिति न बनें, इसके लिए संगठन भी सख्त है। क्षेत्रवार नजर रखी जा रही है। अगर भितरघात की स्थिति बनी तो आगे गाज भी गिरेगी।

बसपा का माहौल बनाने 15 को आएंगी मायावती

- बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह गौतम ने बताया कि चुनावी तैयारियों में बसपा कहीं भी पीछे नहीं है। कार्यालयों के उद्घाटन किए जा चुके हैं। जनसंपर्क चल रहा है। आठ अप्रैल को मंडल स्तरीय कार्यक्रम होगा। 15 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री मायावती भी पीलीभीत आ रही हैं। इसकी तैयारी की जा चुकी है।

भाजपा-इंडिया गठबंधन की रैलियां आज

नई दिल्ली, ब्यूरो

- मेरठ में मोदी के साथ जयंत चौधरी और अरुण गोविल भी होंगे
- रामलीला मैदान, नई दिल्ली में आप के साथ गठबंधन नेता जुटेंगे

अमृत विचार। लोकसभा चुनाव प्रचार का शंखनाद रविवार को मेरठ में बीजेपी एवं दिल्ली में इंडिया गठबंधन की दो रैलियों से होगा। मेरठ की रैली को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे और रामायण सीरियल में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल के लिए वोट मांगेंगे। उनके साथ राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी भी होंगे। दूसरी तरफ दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली इंडिया गठबंधन की रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना के उद्धव ठाकरे, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवत सिंह मान, झारखंड के मुख्यमंत्री सीएम चंपई व नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला संबोधित करेंगे।

मेरठ की रैली में प्रधानमंत्री देश को यह भी संदेश देंगे कि वे अयोध्या में मंदिर निर्माण के बाद लोकसभा चुनाव का शंखनाद भी राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल की रैली से कर रहे हैं। इस रैली में बीजेपी के अलावा राष्ट्रीय लोकदल के नेता भी होंगे उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति ने आज ही चौधरी चरण सिंह को मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान उनके पौत्र जयंत चौधरी को दिया है। दूसरी तरफ रामलीला मैदान में रविवार को आयोजित होने वाली रैली को पुलिस ने कुछ शर्तों के साथ अनुमति दी है। जिसमें 20 हजार कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय के मुताबिक महारैली का नारा तानाशाही हटाओ-लोकतंत्र बचाओ दिया जाएगा।

यह पहला मौका होगा जब कांग्रेस के कार्यकर्ता और आप के कार्यकर्ता एक साथ किसी रैली में नजर आएंगे। नगर निगम एवं विधानसभा के चुनाव में दोनों दल अलग-अलग थे। आप ने गठबंधन के तहत दिल्ली में कांग्रेस को लोकसभा की तीन सीटें छोड़ दी हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली ने कहा है कि महा रैली के बाद तीनों प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी जबकि आपने चार सीटों पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। रैली में केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के आने की भी संभावना है, लेकिन अभी अधिकृत रूप से जानकारी नहीं दी गई है। मुख्यमंत्री की पत्नी ने लोगों से अपील की है कि वे केजरीवाल को अपना आशीर्वाद देने के लिए व्हाट्सएप पर संदेश भेज सकते हैं, जिसके नंबर 8297324624 एवं 9700297002 हैं।



- दो अप्रैल को मुख्यमंत्री करेंगे प्रबुद्ध सम्मेलन, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई स्टार प्रचारक भी आ सकते
- दो दशक बाद टिकट में बदलाव होने पर प्रतिष्ठा से जुड़ गई सीट, जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी की गई तय

कमाल का चुनाव

चुनाव आयोग ने फेसबुक, ट्विटर, व्हाट्सएप, यूट्यूब, इन्स्टाग्राम, स्नेपचैट आदि जैसी वेबसाइट्स को सोशल मीडिया की संज्ञा दी है।राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट की जाने वाली सामग्री चुनाव आचार संहिता के दायरे में है।चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव में पारदर्शिता और बराबरी के अवसर बनाए रखने के लिये सोशल मीडिया पर नियंत्रण की ज़रूरत है। चुनाव आयोग के नए दिशा-निर्देशों के अनुसार, प्रत्याशियों को नामांकन दाखिल करते समय दिये जाने वाले शपथपत्र में अपनी ई-मेल आइडी और अन्य अधिकृत सोशल मीडिया एकाउंट्स की जानकारी देनी होगी। चुनाव आयोग ने फेसबुक-गूगल जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से भी चुनाव को देखते हुए कंटेंट की निगरानी करने का आश्वासन लिया है। नए नियम के अनुसार किसी भी इंटरनेट आधारित माध्यम पर राजनीतिक विज्ञापन देने से पहले चुनाव आयोग द्वारा तय अधिकारी से मंजूरी लेनी होगी। ज़िला और राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन और निगरानी समितियाँ बनाई गई हैं।

जब मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र बन गए थे सांसद

करीबी मुकाबले में कांग्रेस प्रत्याशी डा. कैलाश नाथ सिंह ने इस हार के बाद ले लिया था राजनीति से सन्यास

मनोज कुमार मिश्र, सुलतानपुर

अमृत विचारः सुलतानपुर लोकसभा सीट ने हमेशा चौकाने वाले परिणाम दिए हैं। यहां के वोटर ने कई मौकों पर कद्दावर, मजबूत व बड़े नाम वाले धुरंधरों को पटखनी दी तो ऐसे भी नेताओं को जिताकर सबसे बड़ी पंचायत में पहुंचाया, जो यहां के लिए अनजान ही थे। यहां 1969 में उपचुनाव में सबसे नजदीकी मुकाबले में मात्र 249 वोट से जीत दर्ज कर श्रीपति मिश्र सांसद बन गए थे।

चौथी लोकसभा ने बेशक अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया, लेकिन सुलतानपुर संसदीय क्षेत्र के वोटरों को उस बीच अपने तीन सांसदों को चुनने का मौका मिला। चौथी लोकसभा का चुनाव 1967 में हुआ। कांग्रेस ने बाबू गनपत सहाय को अवसर दिया। उन्हें 1,25,473 वोट हासिल हुए थे। निकटतम प्रतिद्वंदी भारतीय जनसंघ के उम्मीदवार डॉ जितेंद्र कुमार अग्रवाल थे, जिन्हें 79,443 वोट प्राप्त हुए थे। दुर्भाग्य से 8 मार्च 1969 को बाबू गनपत सहाय की मृत्यु हो गई।

सुलतानपुर लोकसभा की रिक्त सीट के लिए 1969 में उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने तब तक यहां के

श्रीपति मिश्र बीकेडी

राजनीतिक क्षेत्रों के लिए अनजान एक प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ कैलाश नाथ सिंह ग्राम त्रिसुंडी (अब अमेठी जनपद) को उम्मीदवार बनाया। उनके मुकाबले चौधरी चरण सिंह की पार्टी भारतीय क्रांति दल की ओर से पंडित श्रीपति मिश्र मैदान में थे। स्व .मिश्र 1967 में चौधरी साहब के साथ कांग्रेस से अलग हुए थे। चौधरी साहब की अगुवाई वाली 1967 की संयुक्त विधायक दल की सरकार ने उन्हें विधानसभा में उपाध्यक्ष बनाया था। इस चुनावी संग्राम में तीसरे महारथी वामपंथी तेवरों वाले इलाहाबाद यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष केदारनाथ सिंह थे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन तक खूब जोड़ तोड़, दांव पेंच लगाए गए। जबरदस्त गर्मी के मौसम में हुए इस उपचुनाव में फीका मतदान हुआ था। लेकिन वोटों की गिनती में यह चुनाव सुलतानपुर संसदीय सीट के इतिहास में सबसे कड़े मुकाबले के तौर पर दर्ज है। श्रीपति मिश्र को मात्र 249 वोटों के अंतर से जीत हासिल हुई थी। मिश्र को 48,041 और डॉ कैलाश नाथ सिंह को 47,792 वोट प्राप्त हुए थे।स्व. डॉ. कैलाश नाथ सिंह के राजनीतिक जीवन का यह इकलौता चुनाव था। पराजय के बाद वे एक बार फिर अपने चिकित्सकीय पेशे में व्यस्त हो गए। आगे उनकी कोई उल्लेखनीय राजनीतिक गतिविधि नहीं रही। लेकिन जहां तक पंडित श्रीपति मिश्र की बात थी, उनके राजनीतिक सफर में नई उपलब्धियां जुड़ती गईं। उपचुनाव में सांसद चुने जाने के कुछ दिनों बाद ही चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली भारतीय क्रांति दल-कांग्रेस गठबंधन की उत्तर प्रदेश सरकार में उन्हें शिक्षा मंत्री बनाया गया। कई अन्य मंत्रालय भी मिले। उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दिया और अगले ही साल 1970 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर एक बार फिर से उपचुनाव हुआ।1970 में कांग्रेस ने स्व. केदारनाथ सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्रसंघ के अध्यक्ष रह चुके वामपंथी रुझान के स्व. सिंह का किसान-मजदूर आंदोलनों से भी जुड़ाव रहा था। 1969 में कांग्रेस के ऐतिहासिक विभाजन के बाद इंदिरा गांधी नई प्रगतिशील छवि के साथ सामने आई थीं। इस दौर में स्व.सिंह कांग्रेस में काफी सक्रिय हो चुके थे। उपचुनाव में उनके मुकाबले मुस्लिम मजलिस के जुल्फिकार उल्ला और भारतीय जनसंघ के डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल प्रत्याशी थे। मुस्लिम मजलिस और जनसंघ के प्रत्याशी की मौजूदगी में खासतौर पर शहरी क्षेत्रों में इस उपचुनाव का प्रचार काफी उत्तेजक हो गया था। लेकिन नतीजों में कांग्रेस को सफलता प्राप्त हुई थी। विजयी केएन सिंह को 47,854 तथा जुल्फिकार उल्ला को 30,602 वोट प्राप्त हुए थे। तीसरे स्थान पर रहे डॉ अग्रवाल के वोट 29,560 थे। 1971 के लोकसभा चुनाव में स्व. केदारनाथ सिंह एक बार फिर इस सीट पर विजयी हुए थे। इस बार उन्हें केंद्रीय मंत्रिमंडल में उप मंत्री के तौर पर इंदिरा जी ने शामिल किया था।

डा . कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस

दूसरी तरफ डॉ. जितेंद्र कुमार अग्रवाल को संसदीय चुनाव में भले सफलता न मिली हो लेकिन 1974 और 1977 में लगातार वे सुलतानपुर शहर की सीट से क्रमशः भारतीय जनसंघ और जनता पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए। इलाहाबाद के वाशिंदे जुल्फिकार उल्ला को 1977 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के तौर पर सुलतानपुर संसदीय सीट पर कामयाबी मिली। मोरारजी की सरकार में उन्हें संचार मंत्री भी बनाया गया। सुलतानपुर प्रधान डाकघर और टेलीफोन एक्सचेंज की मौजूदा इमारत उन्हीं के प्रयास से निर्मित हुई थीं।

चौथे लोकसभा के पांच साल के कार्यकाल में चुने गये तीन सांसद

अतीत के झरोखे से

सन- 1967

गनपत सहाय कांग्रेस
प्राप्त मत-1,25,453

डॉ जितेंद्र अग्रवाल जनसंघ
प्राप्त मत -79,443

सन- 1969 (उपचुनाव)

श्रीपति मिश्र बीकेडी
प्राप्त मत -48,041

डा . कैलाशनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 47,792

सन- 1970 (उपचुनाव)

केदारनाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 47,854

जुल्फिकार उल्ला मुस्लिम (मजलिस)
प्राप्त मत -30,602

सन- 1971

केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)
प्राप्त मत - 93,946

राम प्यारे शुक्ल जनसंघ
प्राप्त मत - 31,131

सन- 1977

जुल्फिकार उल्ला जनता पार्टी प्राप्त
प्राप्त मत - 2,32,330

केदारनाथ सिंह कांग्रेस
प्राप्त मत - 66,796

केदार नाथ सिंह (कांग्रेस)

लखनऊ में इण्डिया गठबंधन के रणनीतिक कौशल की परीक्षा

1952 से 1984 तक कांग्रेस ने लखनऊ से सात बार जीता लोकसभा चुनाव

अमित कुमार पाण्डेय, लखनऊ

क्या 36 वर्ष का सूखा खत्म कर पाएगा गठबंधन

अमृत विचारः दिल्ली की सत्ता उत्तर प्रदेश से होते हुए जाती है। उत्तर प्रदेश की प्रतिष्ठित सीट लखनऊ है जो कि 33 वर्षों से भाजपा के कब्जे में है। अटल बिहारी वाजपेई से शुरू हुई जीत अभी भी निरंतर जारी है और इसको कायम रखा है रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने। कांग्रेस ने जीत दर्ज करने के लिए एक से एक धुरन्धर उतारे, लेकिन पिछले 36 वर्षों में ऐसा कोई नहीं हुआ जो भाजपा के तिलिस्म को तोड़ पाए।

देश की सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस आज अपने सबसे कमजोर दौर से गुजर रहा है। यूपी की कई ऐसी सीटें हैं जहां सालों से पार्टी को जीत नहीं मिली है। लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान हो गया है। यूपी में कांग्रेस और सपा गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। एक समय था जब उत्तर प्रदेश में कांग्रेस का जलवा हुआ करता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। कांग्रेस को कई सीटों पर सालों से जीत का मुंह देखने को नहीं मिला है। इनमें से एक लखनऊ जैसी वीवीआईपी सीट भी है।

उत्तर प्रदेश की लखनऊ सीट पर कभी कांग्रेस का जलवा हुआ करता था। इस सीट से 1952 से 1984 तक कांग्रेस सात बार चुनाव जीत चुकी है। विजय लक्ष्मी पंडित, शीला कौल जैसे बड़े नाम कांग्रेस के सांसद रह चुके हैं, जबकि एक बार 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी आनंद नारायण और 1977 में जनता पार्टी से हेमवती नंदन बहुगुणा सांसद रह चुके हैं।

आसान नहीं होगा राजनाथ का रक्षा कवच भेद पाना

लखनऊ लोकसभा सीट से आखिरी बार कांग्रेस की शीला कौल 1984 में सांसद बनी थी। इसके बाद से आज तक कांग्रेस पार्टी यहां चुनाव नहीं जीत पाई है। पिछले 36 सालों से कांग्रेस के लिए यहां सूखा है। अब ये सीट भाजपा का गढ़ बन चुकी है। साल 1991 से लगातार बीजेपी यहां भगवा लहराती आ रही है। लखनऊ सीट से बीजेपी के दिग्गज नेता सांसद रहे हैं। साल 1991 से लेकर 2004 तक लगातार स्व. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पांच बार सांसद रहे। इसके बाद साल 2009 में लालजी टंडन ने बीजेपी के टिकट पर लखनऊ सीट से चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। 2014 से लगातार दो बार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सांसद हैं। बीजेपी ने तीसरी बार भी उन्हें लखनऊ से ही टिकट दिया है। इस बार कांग्रेस और सपा का गठबंधन है। गठबंधन ने रविदास मेहरोत्रा को उम्मीदवार बनाया है। सवाल उठता है क्या इस बार गठबंधन भाजपा का 33 वर्षों का तिलिस्म तोड़ पाएगा। उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ सालों से पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। कांग्रेस की हालत ये हैं कि देश के सबसे बड़े विपक्षी दल होने का दावा करने वाली कांग्रेस को सपा से गठबंधन में सिर्फ 17 सीटें मिली है। अमेठी और रायबरेली जैसी सीटों पर भी प्रत्याशी उतारने के लिए पार्टी को सोचना पड़ रहा है।



2019 में लखनऊ लोकसभा सीट के प्रत्याशियों की सूची

प्रत्याशी का नाम	वोट	प्रतिशत
राजनाथ सिंह (भाजपा)	6,33,026 वोट	56 .7 प्रतिशत वोट दर
पूनम सिन्हा (सपा)	2,85,724 वोट	25 .59 प्रतिशत वोट दर
प्रमोद कृष्णम(कांग्रेस)	1,80,011 वोट	16 .12 प्रतिशत वोट दर
नोटा	7,416 वोट	0 .66 प्रतिशत वोट दर

मतदान के लिए अवकाश घोषित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में मतदान के लिए निजी क्षेत्र के संस्थानों के लिए अवकाश घोषित कर दिया है। इस सिलसिले में राज्य सरकार ने आदेश जारी कर दिए हैं। आदेश के अनुसार मतदान वाले दिन जिलों की सभी दुकानें, प्रतिष्ठान, फैक्ट्रियां आदि बंद रहेंगी। 19 अप्रैल को पहले चरण की आठ लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। प्रदेश के 9 जिलों में मतदान होगा। इसके चलते सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत और बरेली में अवकाश रहेगा। 26 अप्रैल को दूसरे चरण का मतदान होने के कारण अमरोहा, हापुड, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा में अवकाश घोषित किया गया है। 7 मई को तीसरे चरण के मतदान के लिए मुरादाबाद, संभल, हाथरस, अलीगढ़, आगरा, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, कासगंज, बदायूं और बरेली में अवकाश घोषित किया गया है। इसी तरह, चौथे चरण के लिए 13 मई को शाहजहांपुर, खीरी, सीतापुर, हरदोई, कानपुर नगर, उन्नाव, एटा, फर्रुखाबाद, इटावा, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज और बहराइच जिले में अवकाश घोषित किया गया है। पांचवे चरण के लिए 20 मई को मतदान के दिन लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी और ललितपुर जिले में अवकाश रहेगा। हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, बाराबंकी, अयोध्या, गोंडा, बहराइच और बलरामपुर जिले में भी 20 मई को अवकाश रहेगा। इसके अलावा 25 मई को छठे चरण के मतदान के लिए सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर, आजमगढ़, जौनपुर, वाराणसी और भदोही जिले में अवकाश रहेगा। सातवें चरण के लिए 1 जून को महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, गाजीपुर चन्दौली, वाराणसी, मिर्जापुर और सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

यूपी उपचुनाव के दिन भी रहेगा अवकाशः प्रदेश में चार जिलों में विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इसमें शाहजहांपुर की ददरौल सीट पर 13 मई को मतदान होगा। लखनऊ की लखनऊ पूर्वी सीट पर 20 मई को मतदान होगा। बलरामपुर जिले की गैंसड़ी सीट पर 25 मई को व सोनभद्र की दुद्धी सीट पर 1 जून को वोट पड़ेंगे। इस तरह 13 मई को शाहजहांपुर, 20 मई को लखनऊ, 25 मई को बलरामपुर और 1 जून को सोनभद्र जिले में छुट्टी रहेगी।

प्रतापगढ़ में 10 बार कांग्रेस के सिर ताज, अब महज खेवनहार

राजा दिनेश सिंह

रत्ना सिंह

प्रमोद तिवारी

आरपी सिंह, प्रतापगढ़

- **इंडिया गठबंधन से समाजवादी पार्टी को मिली है प्रतापगढ़ सीट**
- **2019 में तीसरे स्थान पर रहीं थी कांग्रेस की राजकुमारी रत्ना सिंह**

अमृत विचार : जनपद प्रतापगढ़ कभी कांग्रेस का गढ़ रहा है। कालाकांकर रियासत के राजा रामपाल सिंह कांग्रेस के संस्थापक सदस्यों में शामिल रहे। जनपद के पहले सांसद पंडित मुनीश्वर दत्त उपाध्याय कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में रहे। राजा दिनेश सिंह सांसद बनने के बाद देश के विदेश मंत्री बने थे। उनकी बेटी राजकुमारी रत्ना सिंह यहां से तीन बार सांसद चुनी गईं। इसके बाद से कांग्रेस जद्दोजहद कर रही है। लोकसभा चुनाव में पहली बार कांग्रेस सीधी लड़ाई में नहीं है। वह आइएनडीआईए गठबंधन से सपा प्रत्याशी के लिए वोट मांगेगी।

प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र की राजनीति में पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय, राजा दिनेश सिंह, राजा अजीत प्रताप सिंह, प्रो. वासुदेव सिंह, प्रमोद तिवारी, रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के नाम से जिले की पहचान है। प्रतापगढ़ जनपद धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी की जन्मस्थली और महात्मा बुद्ध के तपोस्थली के रूप में भी जाना जाता है। 39 लोकसभा सीट प्रतापगढ़ पर अब तक 17 चुनाव हो चुके हैं, जिसमें सबसे अधिक सत्ता में कांग्रेस पार्टी रही। कांग्रेस ने यहां 10 बार जीत दर्ज की है। वर्ष 1977 में भारतीय लोकदल से रूपनाथ सिंह यादव, 1991 में जनता दल से राजा अभय प्रताप सिंह, 1998 में भाजपा से डा.राम विलास वेदांती, 2004 में सपा से अक्षय प्रताप सिंह उर्फ गोपाल जी, 2014 में अपना दल के हरिवंश सिंह को छोड़कर इस संसदीय सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। 2019 के लोकसभा चुनाव में

यहां से भाजपा के संगम लाल गुप्ता ने बसपा के अशोक त्रिपाठी को हराकर चुनाव जीता था। संगम लाल गुप्ता को 4,36,291 वोट में मिले थे, जबकि दूसरे नंबर पर रहने वाले अशोक त्रिपाठी को 3,18,539 वोट मिले थे। भाजपा प्रत्याशी को 1,17,752 मतों के अंतर से बसपा प्रत्याशी पर जीत दर्ज की थी। चुनाव में चुनाव में तीसरे नंबर पर कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमारी रत्ना सिंह थीं, जिनको 77,096 वोट मिले थे। इस बार आइएनडीआईए के गठबंधन में यहां की सीट सपा को मिली है। इस कारण कांग्रेस का प्रत्याशी यहां से चुनाव मैदान में नहीं रहेगा। कांग्रेस पार्टी गठबंधन धर्म का पालन करते हुए सपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करेगी। 10 बार यहां की सीट पर जीत दर्ज करने वाली कांग्रेस पार्टी इस बार महज खेवनहार रहेगी। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा. लालजी त्रिपाठी ने कहा कि गठबंधन धर्म का ईमानदारी और निष्ठा के साथ पालन किया जाएगा। इंडिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ.एसपी सिंह पटेल को कांग्रेस पार्टी अपना उम्मीदवार मान कर वोट मांग रही है।

हरदोई लोकसभा क्षेत्र | दल नहीं चेहरों पर होता रहा है मतदान, 33 साल से जयप्रकाश व ऊषा ही पहुंच रहे लोकसभा

दो चेहरों में सिमट कर रह गया हरदोई का चुनाव

वीरेश शुक्ला, हरदोई

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव एक बार फिर आ गया है, लेकिन हरदोई का चुनाव दो चेहरों में ही सिमट कर रह जाता है। यहां पर ऊषा वर्मा व जयप्रकाश ही वर्षों से लोकसभा पहुंच रहे हैं। 2014 में मोदी लहर में सिर्फ अंशुल वर्मा ने लोकसभा में हरदोई का प्रतिनिधित्व किया।

लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा ने मौजूदा सांसद जयप्रकाश को प्रत्याशी बनाया है, वहीं पूर्व सांसद ऊषा वर्मा सपा की प्रत्याशी हैं। हरदोई में लोकसभा का चुनाव वर्षों से इन्हीं दोनों के बीच हो रहा है। कभी जयप्रकाश

सांसद जयप्रकाश

सांसद बनते हैं कभी ऊषा वर्मा। सिर्फ 2014 में मोदी की लहर के दौरान भाजपा के अंशुल वर्मा लोकसभा पहुंचे थे। हरदोई लोकसभा सीट से 1991 में भाजपा से चुनाव जीत कर जयप्रकाश लोकसभा पहुंचे थे। इसके बाद

पूर्व सांसद ऊषा वर्मा

1996 तक वह यहां के सांसद हुए। 1998 में हुए चुनाव में ऊषा वर्मा लोकसभा पहुंची। 1999 में फिर चुनाव हुआ लोकतांत्रिक कांग्रेस से जयप्रकाश सांसद फिर बन गए। 2004 के चुनाव में समाजवादी पार्टी से पुनः चुनाव जीतकर ऊषा वर्मा दोबारा सांसद बनीं। इसके बाद मोदी लहर में अंशुल वर्मा भाजपा से लोकसभा पहुंचे। अगले चुनाव में जयप्रकाश फिर हरदोई से भाजपा के प्रत्याशी बने और लोकसभा पहुंच गए।

जिले में 1991 से लोकसभा पहुंचने वालों में जयप्रकाश व ऊषा वर्मा ही हैं। लगातार जिले के लोग 33 सालों से यही दोनों लोकसभा हरदोई का प्रतिनिधित्व करते देख रहे हैं। 1991 में पैदा हुए बच्चे आज 33 साल के हो गए हैं। विधायक तो उन्होंने कई बदलते देखे, लेकिन लोकसभा सदस्य के रूप में ही दो चेहरे देख रहे हैं। इस बार भी इन्हीं दोनों चेहरों के बीच मुकाबला हो रहा है।

अब तक हुए सांसद

हरदोई। जिले में लोकसभा सांसद का यह 20 वां चुनाव है। सबसे पहले जिले में 1952 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से बुलाकी राम वर्मा लोकसभा सांसद चुने गए थे। 1957 में जनसंघ के शिवदीन लोकसभा पहुंचे। 1957 से 1971 तक कांग्रेस का जलजला रहा। इस दौरान 1957 में छेदा लाल गुप्ता, लोकसभा सदस्य चुने गए थे। 1962 से 1971 तक दयालु लाल लोकसभा के सदस्य रहे। जनता पार्टी से 1977 में परमाई लाल, 1980 में हुए चुनाव में कांग्रेस के मन्नी लाल, 1984 के चुनाव में कांग्रेस के दयालु लाल, 1989 के चुनाव में परमाई लाल तथा 1990 के चुनाव में हरियाणा से आए चौधरी चांदराम लोकसभा पहुंचे थे।

बसपा में ही खत्म हो गई मुख्तार की राजनीति

1996 में मऊ सदर में पहली बार बना विधायक, 2017 में आखिरी बार बना विधायक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार। अपराध की दुनिया और राजनीति, एक दूसरे के पूरक हैं। संरक्षण के लिए अपराधी राजनीति में प्रवेश करता है और राजनीति में कद बढ़ाने को नेता अपराधियों को संरक्षण भी देते हैं। पांच बार विधायक रह चुके मुख्तार अंसारी के राजनैतिक इतिहास से आसानी से लगाया जा सकता है।

पूर्वांचल में अपराध की दुनिया में बढ़ते कद के साथ ही मुख्तार ने बसपा का दामन थामकर 1996 में राजनीति में कदम रखा था और मऊ सदर से जीत दर्ज कर सफेद पोश माफिया बन गया। राजनीति में तमाम उतार-चढ़ाव के साथ ही अंतिम बार 2017 में मऊ से बतौर बसपा विधायक रहे। माफिया मुख्तार अंसारी ने अपराधिक रिकार्ड बढ़ने के साथ ही 1996 में बसपा के सहारे राजनीति में कदम रखा, मऊ सदर से पहली बार विधायक बना। दूसरी बार 2002 में निर्दलीय विधायकी जीती, बाहुबली होने की वजह से पूर्वांचल की राजनीति में इर्द गिर्द घूमने लगी। विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव, मुख्तार की दखलंनदाजी हर चुनाव में होती थी। प्रदेश के

राजनैतिक घटनाक्रमों में मुख्तार कुछ सालों के लिए बसपा से बाहर भी रहे, 2007 में निर्दलीय होकर भी चुनाव जीत दर्ज की। इस दौरान समाजवादी पार्टी के संपर्क में भी रहा। मगर 2009 में बसपा ने दोबारा वाराणसी से लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी बनाकर उतारा, हांलाकि चुनाव में हार मिली। अगले ही साल 2010 में बसपा की मायावती ने फिर पार्टी से निष्कासित किया तो खुद का, कौमी एकता दल का गठन किया, और 2012 में विधायकी जीती। मगर ज्यादा दिन सक्रिय राजनीति से अलग नहीं रहें और 2017 में कौमी एकता दल का विलय बसपा में कर दिया और बसपा के टिकट पर मऊ सीट से विधायक बन गया। यह उनका अंतिम चुनाव साबित हुआ।

सार-संक्षेप

प्राण प्रतिष्ठा समारोह का दस्तावेज तैयार कर रहा ट्रस्ट

अयोध्या, अमृत विचार : प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट आयोजनों का दस्तावेज तैयार कर रहा है। एक स्मारिका पुस्तिका भी बनाई जाएगी, जिसमें शामिल साधु संतों और विशिष्ट अतिथियों के अनुभव की राय ली जा रही है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में देश के अलग-अलग क्षेत्र से जुड़े लगभग आठ हजार विशिष्ट अतिथि और संत धर्म आचार्य शामिल हुए थे। महोत्सव को देश के पांच लाख मठ मंदिरों में भी मनाया गया था। जिसको लेकर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रमुख साधु-संतों से लिखित रूप से आयोजन के संबंध में अनुभव की जानकारी जुटा रहा है। अयोध्या से बाहर रहने वाले लोगों से सोशल मीडिया के माध्यम से राय मांगी जा रही है। हालांकि इस मामले पर कोई भी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन ट्रस्ट सूत्र बताते हैं कि देश में पहली बार इस तरह का आयोजन हुआ। जिसमें पूरी दुनिया से लोग शामिल हुए थे। इस पर दस्तावेज तैयार कराए जा रहे हैं

महंगी हुई कॉपी किताबों के दाम कम करने की मांग

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी व्यापार सभा ने राज्य सरकार से नए शैक्षणिक सत्र में महंगी हुई कॉपी किताबों के दाम कम करने की मांग की है। इसके बीच तर्क दिया गया है कि पहले से ही महंगाई और मंदी से परेशान अभिभावकों को इससे राहत मिल सके। लखनऊ में शनिवार को व्यापार सभा के प्रदेश कैम्प कार्यालय पर आयोजित बैठक में प्रदेश कोर कमेटी के पदाधिकारियों ने इस मामले को उठाया। व्यापार सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल और प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष और प्रवक्ता अभिमन्यु ने कहा कि सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड की किताबों के कुछ निजी प्रकाशकों ने तो 10 फीसदी तक दाम बढ़ा दिए हैं। कॉपियों की कीमतें भी 15 से 25 फीसदी तक बढ़ी हैं। इन पदाधिकारियों ने कहा कि कुछ ने रेट नहीं बढ़ाए तो पन्ने कम कर दिए और कुछ ने पन्ने बढ़ाए तो रेट भी बढ़ा दिए। कहा कि दुकानदार भी एमआरपी पर छूट देने से साफ इनकार कर दे रहे हैं। यह हाल तब है जबकि मिलों ने कागज के दाम नहीं बढ़ाए हैं।

सेवानिवृत्त कार्मिकों को सौंपे गये पेंशन व अन्य प्रपत्र

लखनऊ, अमृत विचार : ऊर्जा निगमों के सेवानिवृत्त कार्मिकों को सेवानिवृत्ति के दिन पेंशन व अन्य देयों के भुगतान सम्बन्धी पेंशन प्रपत्र सौंपे गए। शनिवार को शक्ति भवन में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ आशीष गोयल ने कार्मिकों को प्रपत्र सौपे। पावर कॉरपोरेशन व ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन समेत वितरण निगमों के 20 कार्मिकों को पेंशन प्रपत्र सौंप गए। यह पहला मौका है कि जब ऊर्जा निर्गमन के कार्मिकों को सेवानिवृत्ति पर उनके पेंशन प्रपत्र सौंपे गए हैं। जिन कार्मिकों को पेंशन निदेशालय के लिए अग्रसारित पत्र व इनकैशमेंट पेपर आदि दिये गये, उनमें राजीव कुमार वर्मा, (मुख्य अभियन्ता), राजीव सक्सेना (अधिशासी अभियन्ता), हेमन्त कुमार गुप्ता (अधिशासी अभियन्ता), शैल सक्सेना (समीक्षा अधिकारी) महेन्द्र प्रताप सिंह आदि शामिल हैं।

सपा में शामिल हुए बसपा नेता जहीर मलिक

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी की नीतियों और नेतृत्व के प्रति आस्था जताते हुए शनिवार को बसपा छोड़कर नगर पंचायत जलालाबाद जिला शामली के अध्यक्ष जहीर मलिक ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। जहीर मलिक सन् 2006 से 2011 तक नगर पंचायत जलालाबाद बस्ती के अध्यक्ष रहे थे। सन् 2022 में वह बसपा के सिम्बल पर विस. का चुनाव भी लड़े थे। बसपा के सिंबल पर ही वे दुबारा 2023 में नगर पंचायत के अध्यक्ष बने हैं।

मुख्तार अनीस की तीसरी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

लखनऊ, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव की ओर से सपा के वरिष्ठ नेता एवं सीतापुर के पूर्व सांसद मुख्तार अनीस की तीसरी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्तार अनीस सपा के नेता एवं चिंतक डॉ. राममनोहर लोहिया और पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निकट सहयोगियों में थे। उन्होंने डॉ. राम मनोहर लोहिया पर एक संग्रहणीय ग्रंथ के सम्पादन के अतिरिक्त समाजवाद के शिल्पी पुस्तक भी लिखी थी।

योगी ने विभूतियों के परिजनों को दी भारत रत्न की बधाई

लखनऊ, अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्हा राव, कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम.एस स्वामीनाथन व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को मरणोपरांत भारत रत्न मिलने पर शनिवार को अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिए उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं।

अदालत में मुख्तार अंसारी ने जज से कहा था-बहुत इच्छा है कुरकुरे खाने की, दिलवा दीजिए

जेल में ताजा मछलियां खाने वाला कुरकुरे-बिस्कुट को तरसा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कुख्यात माफिया सरगना मुख्तार अंसारी जेल के अंदर और बाहर एक ही अंदाज में रहता था। जेल जाने के बाद उसे वह सारी सुविधाएं सरकार मुहैया कराती थी, जिन सुविधाओं को वह जेल के बाहर रहने पर स्वयं से मैनेज करता था। जेल में वह कलेक्टर और एसपी के साथ बैडमिंटन खेलता था। अनधिकृत रूप से जेल से बाहर घूमने के दौरान जेल में लगे सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। ताजी मछलियां खाने को मिले, इसके लिए जेल परिसर में ही तालाब खुदवा दिया गया।

प्रदेश का निजाम बदलने के बाद उसी मुख्तार अंसारी को कुरकुरे और बिस्कुट खाने के लिए जज के सामने गिड़गिड़ाना पड़ा। पहली जनवरी 2024 को एमपी-एमएलए कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई पेशी के दौरान मुख्तार अंसारी ने विशेष सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव से कुरकुरे और बिस्कुट की मांग की। हालात यहां तक आए कि कोर्ट रूम में खड़े वकील और कुछ पैरोकार कुरकुरे और बिस्कुट की मांग सुनकर हस पड़े। यह वही मुख्तार था जिसे ताजी मछलियां खिलाने के लिए जेल में ही तालाब खोद दिया गया था। जिसके बैरक में छापे के दौरान कुंतलों फल और मशहूर प्रतिष्ठानों की मिठाइयां मिली थी। लखनऊ जेल में भी मुख्तार के बैरक में एसी लगा हुआ था। 15 सौ वर्ग फिट में बने बैरक की सभी खिड़कियों और दरवाजों में महंगे पर्दे लगे होते थे। उसी बैरक में पांच बेड और बैठने के लिए अच्छे फर्नीचर रखे जाते थे। मुख्तार से मिलाई करने वालों की जांच जेल कर्मी न करके मुख्तार के गुर्गे करते थे। मुख्तार के गुर्गे बैरक के बाहर खड़े रहते थे। प्रतिदिन चूल्हे पर बकरे और मछलियां पकती थी। यह चूल्हा बैरक के बाहर स्थापित किया जाता था। बाहर का भोजन करने का मूड होने पर जेल के सीसीटीवी को बंद कर दिया जाता था। जेल के गेट के बाहर लग्जरी गाड़ियां कतार में खड़ी हो जाती थीं। वापसी तक पूरा जेल प्रशासन अलर्ट मोड पर रहता था। गाजीपुर में तो जिलाधिकारी स्वयं मुख्तार के साथ बैडमिंटन खेलने के लिए जेल तक जाता था। प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद मुख्तार को आम कैदी बना दिया गया। जो भोजन सामान्य कैदी को मिलता था वही मुख्तार को खाना पड़ता था। मोहाली जेल से यूपी में स्थानांतरित होने के बाद मुख्तार एक-एक दिन घुट-घुट कर जिया।

मुख्तार की तन्हाई बैरक के सीसीटीवी फुटेज सील

बांदा, अमृत विचार : मुख्तार अंसारी की तन्हाई बैरक की निगरानी में लगे आठ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज सील कर दिए गए हैं। इसके साथ ही मुख्तार को कौन-कौन बीमारियां थीं किससे, कब और कहां इलाज कराया गया, कौन सी दवाएं चल रहीं थीं, इन सबकी रिपोर्ट जेल प्रशासन तैयार कर रहा है। जिला जज, सीजेएम, डीएम और एसपी बांदा जेल का निरीक्षण कर चुके हैं। सीजेएम ने मुख्तार अंसारी की मौत की न्यायिक और डीएम ने मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए थे। जेल सूत्रों के हवाले से मुख्तार की तन्हाई बैरक और उसकी निगरानी में लगे आठ सीसीटीवी के दो माह के फुटेज सील किए गए हैं। सीनियर जेल सुपरिटेंडेंट वीरेशराज शर्मा ने बताया कि बैरक और फुटेज सील करने के अलावा मुख्तार के हेल्थ डोजियर की रिपोर्ट भी तैयार की जा रही है। जैसे उसे कौन सी बीमारियां थीं, किन डॉक्टरों ने चेकअप किया, दवाएं कौन सी चल रही थीं, इस रिपोर्ट को मुख्यालय भेजने के अलावा जांच के लिए भी प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्तार की सुरक्षा में हर माह अलग-अलग डिप्टी जेलर और वार्डर तैनात होते थे।

मौत की सीबीआई जांच होनी चाहिएः सुलखान सिंह

संवाददाता कालपी (जालौन) अमृत विचार। पूर्व डीजीपी सुलखान सिंह ने बुंदेल खंड लोकतांत्रिक पार्टी बनाई है। उन्होंने पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत को संदेहास्पद बताया। जिसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। जेल प्रशासन और प्रदेश की पुलिस पर गंभीर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्हें सब मालूम है कि प्रदेश की जेलों में क्या नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की पुलिस कभी भी कुछ भी कर सकती है। इसीलिए उत्तर प्रदेश पुलिस के 240 पुलिसकर्मी और अधिकारी कई जघन्य अपराधों में जेलों में बंद हैं। उन्होंने बताया कि इसबार के लोकसभा के चुनाव में प्रस्तावित बुंदेलखंड राज्य की सभी आठ लोकसभा सीटों पर अपने प्रत्यासी खड़े करेंगे। जिसमे मध्य प्रदेश की 4 और उत्तर प्रदेश की 4 लोकसभाएं शामिल हैं। उन्होंने बुंदेलखंड प्रथक राज्य की स्थापना करना ही पार्टी के गठन करने का मुख्य उद्देश्य बताया। इस मौके पर कालपी के पूर्व भाजपा विधायक नरेंद्र सिंह जादौन, जन सत्ता दल के उत्तर प्रदेश के महासचिव ब्रजेश सिंह राजावत, मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी प्रमोद सिंह, अवनीत गुर्जर, मनोज आदि मौजूद रहे।

जांच के अभाव में निलंबन अवधि के दौरान वेतन कटौती अनुचित

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में याची के पक्ष में दिया निर्देश

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वेतन कटौती से संबंधित एक मामले में माना कि हिरासत की अवधि के दौरान निलंबित किए गए किसी कर्मचारी को किसी भी अनुशासनात्मक जांच और जमानत के अभाव में बरी होने पर वेतन से वंचित नहीं किया जा सकता है। अगर कर्मचारी को उसकी हिरासत के कारण साधारण रूप से निलंबित किया गया है और निलंबन के दौरान उसके खिलाफ कोई विभागीय अनुशासनात्मक जांच नहीं की गई है, तो उसे यह सिद्ध करने के लिए कोई प्रमाण पत्र देने की आवश्यकता नहीं है कि वह इस अवधि के दौरान किसी लाभकारी पद पर कार्यरत था। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति अजीत कुमार की पीठ ने अनिल कुमार सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए विपक्षी को याची की हिरासत अवधि के दौरान बकाया वेतन का भुगतान करने का निर्देश दिया।

याची गवर्नमेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज, फतेहपुर में रूटीन ग्रेड क्लर्क के रूप में नियुक्त था। विभाग के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि याची द्वारा कर्तव्य का निर्वहन न करने के लिए विभाग को दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि वह हिरासत में था। याची हिरासत में था, इसलिए उसे निलंबित किया गया चूंकि याची को बरी नहीं किया गया, इसलिए वह निलंबन अवधि के दौरान वेतन पाने का हकदार नहीं था। हालांकि याची के अधिवक्ता ने उक्त तर्क का खंडन करते हुए कहा कि याची के खिलाफ कोई विभागीय जांच नहीं की गई थी। उसे केवल हिरासत के आधार पर निलंबित कर दिया गया और निलंबन आदेश रद्द होने पर याची निलंबन अवधि का वेतन पाने का हकदार है। याची रूटीन ग्रेड क्लर्क के रूप में एक आपराधिक मामले में आरोपी बनाया गया। 9 अगस्त 2009 से 1 अगस्त 2010 तक वह जेल में रहा। उसके बाद वर्ष 2016 तक वह हिरासत में रहा। हिरासत की अवधि के दौरान याची को निलंबित कर दिया गया और आपराधिक मामले में बरी होने के बाद उसे बहाल कर दिया गया।

रेरा पोर्टल पर सही फार्मेट में अपलोड करें अभिलेख

लखनऊ, अमृत विचार : उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने शिकायतकर्ताओं द्वारा पोर्टल पर अभिलेखों को सही फार्मेट में अपलोड करने के सम्बन्ध में नया आदेश जारी किया है। पक्षकारों को आदेश दिया है कि ई-कोर्ट्स में उनके द्वारा साक्ष्य में कोई भी अभिलेख केवल पीडीएफ फाइल में ही अपलोड किया जाए। यूपी रेरा ने शिकायत पोर्टल पर अपलोड किए जाने वाली फाइलों का साइज दो एमबी से बढ़ाकर तीन एमबी कर दिया है। यूपी रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि ई-कोर्ट्स में शिकायतों की सुनवाई के दौरान यह देखा जाता है कि पक्षकारों द्वारा अपलोड किए गए कई अभिलेख साफ या पठनीय नहीं होते हैं।

पोस्टल बैलेट से तीन दिन डाल सकेंगे वोट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक होगी मतदान की सुविधा

अमृत विचार : आवश्यक सेवाओं में लगे कार्मिक पोस्टल बैलेट के जरिए तीन दिन में किसी दिन मतदान कर सकेंगे। इन कार्मिकों को सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक मतदान की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इस बीच, भारत निर्वाचन आयोग ने पहले चरण की आठ सीटों के लिए मतदान की तैयारी शुरू कर दी है।

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि 12 आवश्यक सेवाओं में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर व मतदान दिवस की कवरेज के आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गई है। दूसरे चरण की आठ सीटों के लिए हो रहे चुनाव को लेकर शनिवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मेरठ लोकसभा सीट के लिए दो, गाजियाबाद में एक व मथुरा में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। इस चरण में प्रत्याशी चार अप्रैल तक नामांकन कर सकेंगे। मतदान 26 अप्रैल को होगा।

वर्ग पहेली-25

बाएं से दाएं

1.1. बाहर निकलना 2. उदय होना 3. अन्य की अपेक्षा आगे निकल जाना; बढ़ जाना 4. दूध आदि तरल पदार्थों का खौलकर गाढ़ा होना।

2.1. झांकने की क्रिया या भाव (ताक-झांक में प्रयुक्त होने वाला शब्द) 2. जासूसी 3. झलक, झरोखा।

5.1. ठगने में किसी दूसरे को प्रवृत्त करना 2. किसी के ठगे जाने में सहायता करना।

8.1. प्रतिकार करने वाला, आदेश का उल्लंघन करने वाला 2. नष्ट करने वाला।

10. आतंकित होकर एक साथ भागना, भगदड़।

11. ग्वाला।

ऊपर से नीचे

3. एक प्रकार का बनबिलाव।

4. दिवाकर या सूर्य के पुत्र- शनि तथा यम।

6. झूला झूलते समय झूले या हिंडोले का एक ओर से दूसरी ओर जाना।



7.1. विपत्ति या कठिन वक्त के लिए संचित करके रखा गया धन, संचित धन, रक्षित द्रव्य, जमा-पूंजी 2. धरोहर, अमानत, किसी के पास सहेजकर रखने के लिए छोड़ी की गई वस्तु।

8. कुश्ती का एक दांव।

9.1. नदी

वर्ग पहेली -24 का हल

■	■	1 फ़	■	2 भं	गि	3 मा
4 ता	म	र	स	■	■	लि
■	■	लां	■	5 न	चा	की
■	6 पुं	ग	फ	ल	■	■
7 फ़	■	■	■	सा	■	■
क़	■	■	■	8 ज़	ई	फ़
9 त	स	दी	क	■	■	■

सुडोकू -104

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

				6		4		2
2	7				3		9	
		5					7	
	9			5		8		1
			9		7			
3	4	6		2			5	
	8		1			6		
			3				2	5
9		7		4				

सुडोकू -103 का हल

1	3	8	4	5	7	2	9	6
4	7	6	2	9	8	5	1	3
5	2	9	3	1	6	8	4	7
9	5	4	7	3	2	6	8	1
2	8	3	1	6	5	9	7	4
6	1	7	9	8	4	3	5	2
7	6	1	8	2	9	4	3	5
8	4	2	5	7	3	1	6	9
3	9	5	6	4	1	7	2	8

आयकर विभाग के नोटिस पर कांग्रेस ने जिला मुख्यालयों के सामने किया प्रदर्शन

केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आयकर विभाग की ओर से कांग्रेस को 1823.08 करोड़ की नोटिस जारी किए जाने के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पूरे प्रदेश में जिला मुख्यालयों के सामने विरोध प्रदर्शन किया और प्रशासन के अधिकारियों के जरिए राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा।

राजधानी लखनऊ में जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन में कहा गया है कि भाजपा सरकार के इशारे पर संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से विपक्षी पार्टियों पर अलोकतांत्रिक हमलों को तत्काल प्रभाव से रोका जाए, ताकि देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया जीवित रह सके। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि पिछले डेढ़ महीने से सभी लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर केन्द्र की मोदी सरकार ने आयकर विभाग को सामने रखकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ एक असंवैधानिक व गैर कानूनी युद्ध छेड़ रखा है।

लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 1,157 मामलों में कार्रवाई

लखनऊ, अमृत विचार : बिना अनुमति के चुनाव प्रचार के लिए लाउडस्पीकर का इस्तेमाल करने के मामले में 1157 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। अब तक सार्वजनिक व निजी स्थानों से कुल 49,57,898 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 30,14,824 व निजी स्थानों से 19,43,144 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई है। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 3,28,492, पोस्टर के 14,02,506, बैनर के 8,70,882 व अन्य 4,12,944 मामलों में कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 2,49,145, पोस्टर के 8,90,898, बैनर के 5,02,380 व अन्य 3,00,721 मामलों में कार्रवाई की गई है।

राजबब्बर को राहत दोषसिद्धि के आदेश को किया निलम्बित

विधि संवाददाता, लखनऊ

- अधिकारी से मारपीट मामले में दोषी करार दिए गए थे

अमृत विचार : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने मतदान अधिकारी से मारपीट के वर्ष 1996 के एक मामले में दोषी करार दिए गए कांग्रेस नेता राज बब्बर को बड़ी राहत देते हुए, दोषसिद्धि के आदेश को निलंबित कर दिया है। राज्य सरकार को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का भी आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 1 मई 2024 को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति मोहम्मद फैज आलम खान की एकल पीठ ने राज बब्बर की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर पारित किया है। राज बब्बर की ओर से उनके वकील गौरव मेहरोत्रा ने दलील दी कि 7 जुलाई 2022 को मजिस्ट्रेट कोर्ट ने राज बब्बर को दोषसिद्ध करार देते हुए दो साल कारावास की सजा सुनाई थी। मजिस्ट्रेट कोर्ट के उक्त आदेश के विरुद्ध राज बब्बर ने अपील दाखिल की। सत्र अदालत ने अपील को सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए, राज बब्बर को जमानत तो दे दी परंतु दोषसिद्धि के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। प्रार्थना पत्र का राज्य सरकार की ओर से विरोध किया गया। बहस सुनने के बाद न्यायालय ने कहा है कि याची पांच बार सांसद रह चुका है, वहीं चुनाव आयोग ने आम चुनावों की घोषणा कर दी है। इन परिस्थितियों को देखते हुए इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि याची के लिए वर्तमान प्रार्थना पत्र दाखिल करना जरूरी था।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा



आज की ग्रह स्थिति : 31 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 21.30 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग

दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 22.57 तक तत्पश्चात मूल।

मेष: आज किसी की भी बात पर भरोसा करने के बजाय उसकी सत्यता पहले परख लें। धर्म-कर्म में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। शरीर में संक्रमण और खुजली की शिकायत हो सकती है। स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।

वृष: आज का दिन आनंददायी रहने वाला है। घरेलू विवाद सुलझ सकते हैं। दांपत्य जीवन में खुशहाली रहेगी। अविवाहितों के विवाह के योग बन रहे हैं। व्यापारिक लेन-देन से लाभ मिलेगा। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है।

मिथुन: आज जीवनसाथी की वजह से किसी समस्या से पार पा सकेंगे। स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। चित्त शांत और गंभीरता युक्त रहेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभप्रद रहेगी। नया घर लेने की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

कर्क: आज प्रेमी जन के साथ बहुत अच्छा वक्त बिताएंगे। अपनी योग्यता का भरपूर सार्थक उपयोग कर पाएंगे। संतान की प्रगति से उत्साहित रहेंगे। सुबह आप किसी बात पर गुस्सा हो सकते हैं। दोपहर के बाद आपके आत्मविश्वास में शानदार वृद्धि होगी।

सिंह: आज खर्चे बहुत ज्यादा बढ़ने के कारण समस्या बढ़ेगी। परिस्थितियों का गलत आकलन कर सकते हैं। व्यापार की समस्याओं में बढ़ोतरी होने के योग बन रहे हैं। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बहसबाजी से आपके काम बिगड़ सकते हैं।

कन्या: आज मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। करियर में उन्नति के अवसर मिलेंगे। सामाजिक कार्यों में सहभागिता रहेगी। आपका आत्मबल और मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। सोशल मीडिया के माध्यम से आपकी लोकप्रियता बढ़ सकती है।

तुला: आज जीवनशैली व्यवस्थित रखें। घर पर परिजनों के साथ उत्तम समय बिताएंगे। परिश्रम का पूरा फल नहीं मिलेगा। पाचन में खराबी होने की संभावना है। व्यर्थ की समस्याओं से मन व्यथित हो सकता है। माता-पिता की दवाइयों पर धन खर्च होगा।

वृश्चिक: आज समाज में आपकी सराहना होगी। घर का माहौल सुखदायक रहेगा। कार्य पूरा होने से आत्मविश्वास बढ़ेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए विशेष रूप से बेहद शुभ है। अपने काम करने के तरीके को बदलने का विचार बनाएंगे।

धनु: आज शांत होकर के अपने काम में ध्यान दें। संभव हो तो महत्वपूर्ण कार्यों को दो दिनों के लिए टाल दें। संयम और सहनशीलता का परिचय देते हुये कार्य करें। कारोबार में हानि हो सकती है। स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से मुक्ति मिलेगी।

मकर: आज प्रभावशाली लोगों से आपके संपर्क प्रगाढ़ होंगे। परिवार में आप लोगों के बीच सेतु की तरह काम करेंगे। दोस्तों व रिश्तेदारों से प्रोत्साहन और अपेक्षित मदद मिलेगी। अपने आलोचकों की बात को गंभीरता से न लें।

कुंभ: आज कार्यक्षेत्र में आप कुछ बदलाव का विचार बना सकते हैं। पिता की सलाह से आपको लाभ होगा। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखेंगे। समाज में आपका सम्मान बढ़ेगा। अपने विचारों से कई लोगों को प्रभावित करेंगे।

मीन: आज व्यर्थ विवादों को टालने का प्रयास करें। काम के बजाय योजनाओं में ज्यादा रुचि रहेगी। नए व्यापारिक सौदे हो सकते हैं। आपकी सलाह से लोगों को बहुत लाभ होगा। ललित कलाओं और मनोरंजन में काफी रुचि लेंगे।

आज की फिल्में

वीरगति — सुबह : 11.00
सपूत — रात : 07.00
वेलकम बैक — सुबह : 11.00
रोबोट — शाम : 04.23
ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 11.05
जर्नी 2 — रात : 07.24
फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 10.05
पिप्पा — रात : 10.40
द रीटर्न ऑफ रिबेल — सुबह : 10.31
ओएमजी 2 — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गुप्ता जी ने रास्ते में बैठे भिखारी से कहा- भीख मांगते हुए तुम्हें शर्म आनी चाहिए। मेरे साथ चलो, मेरे घर काम करना। मैं तुम्हें दिन के तीन सौ रुपये दूंगा।
भिखारी ने कहा- अच्छा ठीक है, तुम मेरे साथ बैठ जाओ। मैं तुम्हें दिन के पांच सौ रुपए दूंगा।

चुनावों के समय एक गांव में बिजली लगने की घोषणा हुई सभी लोग खुशी से नाचने लग गए।
इतने में एक कुत्ता भी नाचने लग गया। लोगों ने पूछा तुम क्यों नाच रहे हो?
कुत्ता- खंबे भी खंबे भी तो लगेंगे...

सर्राफा

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	67,400
चांदी आभूषण	74,400

मेंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 900।

मुरादाबाद मंडी

दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये **उड़द :** 95 से 101 रुपये

धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये

मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये

मूंग छिलका : 102 रुपये

मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये

राजमा लाल : 155 रुपये

राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

अगले हफ्ते खुलेगा भारती हेक्साकॉम का आईपीओ, 12 को लिस्ट होंगे शेयर

3 से 5 अप्रैल तक कर सकेंगे आवेदन, यह भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय एयरटेल की सब्सिडियरी कंपनी भारती हेक्साकॉम लिमिटेड का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी आईपीओ पब्लिक सब्सक्रिप्शन के लिए अगले हफ्ते ओपन होगा। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 3 अप्रैल से 5 अप्रैल तक बोली लगा सकेंगे।

12 अप्रैल को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी के शेयर लिस्ट होंगे। इस इश्यू के जरिए कंपनी 4,275 करोड़ जुटाना चाहती है। यह पूरी तरह से ऑफर फॉर सेल होगा, जिसमें कंपनी के मौजूदा निवेशक पूरे 4,275 करोड़ के 75,000,000 शेयर बेच रहे हैं।

इस आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक को मिनिमम एक लॉट यानी 26 शेयर के लिए अप्लाय करना होगा। कंपनी ने आईपीओ का प्राइज बैंड 542-570 प्रति शेयर तय किया है। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 570 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं तो आपको 14,820 लगाने होंगे। रिटेल निवेशक अधिकतम 13 लॉट यानी 338 शेयर के लिए बिडिंग कर सकते हैं, जिसके लिए 192,660 इन्वेस्ट करने होंगे।

आईपीओ ओपन होने के पहले कंपनी का शेयर ग्रे मार्केट में 6.49% यानी 37 प्रति शेयर के प्रीमियम पर पहुंच गया है। ऐसे में अपर प्राइस बैंड 570 के हिसाब से इसकी लिस्टिंग 607 पर हो सकती है।

1995 में स्थापित हुए भारती हेक्साकॉम लिमिटेड टेलीफोन और ब्रॉडबैंड सर्विस प्रोवाइस करती है। कंपनी राजस्थान और अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और त्रिपुरा सहित अन्य राज्यों में अपनी सर्विस देती है। 31 दिसंबर 2023 तक कंपनी के 27.1 मिलियन कस्टमर्स थे।

जेएसडब्ल्यू स्टील ने कर्नाटक संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल चालू की

नयी दिल्ली, एजेंसी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शनिवार को कर्नाटक के विजयनगर स्थित अपने एकीकृत इस्पात संयंत्र में हॉट स्ट्रिप मिल शुरू करने की घोषणा की। जेएसडब्ल्यू स्टील ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने 50 लाख टन की वार्षिक क्षमता वाली मिल से स्टील उत्पादों की पहली खेप भेजी है। कंपनी ने कहा कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी जेएसडब्ल्यू विजयनगर मेटालिक्स लिमिटेड (जेवीएमएल) ने आज विजयनगर संयंत्र में 50 लाख टन प्रतिवर्ष क्षमता के साथ अपनी हॉट स्ट्रिप मिल (एचएसएम) को चालू किया और पहली खेप भेजी। जेएसडब्ल्यू स्टील ने कहा कि यह संयंत्र 17 मार्च, 2024 को तैयार हुआ था और शुरुआती परीक्षण के बाद वाणिज्यिक विनिर्माण और बिक्री शुरू हो गई है।

त्योहारी मांग से खाद्य तेल व तिलहन की कीमतों में सुधार

नयी दिल्ली, एजेंसी

देश में खाद्य तेलों की आपूर्ति कम रहने के बीच त्योहारी मांग बढ़ने के कारण शनिवार को देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहन कीमतों में मजबूती देखने को मिली। आयातित तेलों की कम आपूर्ति की स्थिति के बीच सरसों, मूंगफली एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चे पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल कीमतें मजबूती दर्शाती बंद हुईं।

बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि कम आपूर्ति (शॉर्ट सप्लाई) की वजह पाम एवं पामोलीन तेल का सूरजमुखी से महंगा होना है। इस महंगे दाम के कारण पाम, पामोलीन का आयात प्रभावित हुआ है जिस तेल की पूरे तेल आयात में लगभग 65 प्रतिशत की हिस्सेदारी होती है और कमजोर आयवर्ग के लोग इस तेल का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। पाम, पामोलीन जब सूरजमुखी से सस्ता होगा तभी इसका आयात बढ़ेगा और आपूर्ति लाईन दुरुस्त होगी। लगभग 65 प्रतिशत पाम, पामोलीन की कमी को किसी साफ्ट आयल से पूरा करना लगभग असंभव है। पाम, पामोलीन के दाम महंगे होने से सॉफ्ट आयल कीमतों पर भी दवाब बढ़ गया है। इससे सभी तेल तिलहन के दाम मजबूत होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल के मुकाबले शनिवार को सरसों की आवक घटकर साढ़े छह लाख बोरी रह गई। इस सरसों की खरीद के मामले में हरियाणा सरकार का कदम सराहनीय कहा जा सकता है। छिटपुट आवक शुरु होने के बीच वहां प्रदेश सरकार ने 5,650 रुपये प्रति क्विन्टल के एमएसपी पर किसानो की सरसों खरीद शुरु की है।

नौ शहरों में बिना बिके मकान सात प्रतिशत घटे: रिपोर्ट

नयी दिल्ली, एजेंसी

नयी आपूर्ति की तुलना में बिक्री अधिक होने के कारण पिछले तीन महीनों में देश के नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या सात प्रतिशत घटकर लगभग 4.81 लाख इकाई रह गई। रियल एस्टेट क्षेत्र के आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली फर्म प्रॉपइक्विटी के मुताबिक इस साल मार्च के अंत में नौ प्रमुख शहरों में बिना बिके मकानों की संख्या 4,81,566 थी। यह आंकड़ा दिसंबर 2023 के अंत में 5,18,868 इकाई था। ये नौ शहर मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, दिल्ली-एनसीआर (दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद), बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और कोलकाता हैं। प्रॉपइक्विटी के संस्थापक और प्रबंध निदेशक (एमडी) समीर जसूजा ने कहा कि नयी आवक के मुकाबले बिक्री अधिक होने से बिना बिके मकानों की संख्या में कमी आई है।

इंडिगो ने अबू धाबी और कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी। प्रमुख एयरलाइन इंडिगो ने नौ मई से अबू धाबी और उत्तरी केरल के कन्नूर के बीच सीधी उड़ानों की घोषणा की है। एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अपनी अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का विस्तार करते हुए इस सीधी दैनिक उड़ान का संचालन करेगी। इंडिगो के वैश्विक बिक्री प्रमुख विनय मल्होत्रा ने कहा कि इन उड़ानों के अलावा, एयरलाइन भारत के आठ शहरों से अबू धाबी के लिए 56 साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगी।

साइबर सुरक्षा नवाचार के लिए स्टार्टअप समूह लॉन्च

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर (आईआईटीके) में उन्नत साइबर सुरक्षा के लिए एक राष्ट्रीय टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब सी3आईहब ने यहां स्टार्टअप समूह लाँच करने की घोषणा की है। सी3आईअब ने स्टार्टअप समूह तीन, चार और पांच लाँच किया है।

एनएम-आईसीपीएस मिशन के तहत विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) द्वारा वित्त पोषित, सी3आईहब ने स्टार्टअप इनक्यूबेशन कार्यक्रम में 19 स्टार्टअप प्रस्तुत किए, जो एप्लिकेशन सुरक्षा, एकीकृत एसओसी समाधान, साइबर फोरेंसिक, ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी, यूएवी सुरक्षा, आईओटी सुरक्षा और साइबर बीमा सहित विशिष्ट साइबर सुरक्षा क्षेत्रों में विशेषज्ञता रखते हैं। इस कार्यक्रम में डीएसटी सचिव डॉ. अभय करंदीकर; राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक लेफ्टिनेंट जनरल एम यू नायर, एनसीआईआईपीसी के महानिदेशक नवीन कुमार सिंह, भारत के पहले राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक गुलशन राय मौजूद रहे।

पंजाब में दो और टोल प्लाजा बंद किए जाएंगे : भगवंत मान

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि लुधियाना-बरनाला राज्य राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा को दो अप्रैल से बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि रियायत अवधि खत्म होने के कारण रकबा (लुधियाना में मुल्लांपुर के पास) और मेहल कलां (बरनाला के पास) टोल प्लाजा दो अप्रैल को अपना परिचालन बंद कर देंगे।

लुधियाना जिले में स्थित दाखा-हलवारा-रायकोट-बरनाला राज्य राजमार्ग 57.94 किलोमीटर लंबा है। पंजाब सरकार ने राजमार्ग को बेहतर बनाने के लिए 2007 में बनाओ, चलाओ और हस्तांतरित करो (बीओटी) योजना को मंजूरी दी थी। इस परियोजना के लिए रोहन राजदीप टोलवेज लिमिटेड के साथ 17 वर्षों के लिए एक समझौता किया था। मान ने कहा कि कंपनी ने कोविड महामारी और किसानों के आंदोलन का हवाला देते हुए टोल परिचालन 448 दिन बढ़ाने का अनुरोध किया था, लेकिन पंजाब सरकार ने इसे अस्वीकार कर दिया।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ''दोनों टोल प्लाजा अपना परिचालन बंद कर देंगे और जनता से कोई टोल नहीं वसूलेंगे।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार पूंजीपतियों को अनुचित लाभ देने के लिए नहीं हैं और टोल परिचालन अवधि खत्म होने के बाद किसी को भी आम जनता को लूटने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मान सरकार पिछले दो वर्षों में राज्य के विभिन्न स्थानों पर 10 टोल प्लाजा को बंद कर चुकी है।

राष्ट्रीय

एक नजर

हत्या के मामले में आरएसएस के तीन कार्यकर्ता बरी

कासरगोड (केरल)। केरल में कासरगोड की एक अदालत ने 2017 में जिले की एक मस्जिद के अंदर एक मदरसा शिक्षक की हत्या से संबंधित मामले में शनिवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के तीन कार्यकर्ताओं को बरी कर दिया। कासरगोड प्रधान सत्र अदालत के न्यायाधीश के के बालाकृष्णन ने मामले में तीन आरोपियों को बरी कर दिया। मामले का विस्तृत फैसला अभी आना बाकी है। मोहम्मद रियास मौलवी (34) पास के चूरी में स्थित एक मदरसे में पढ़ाते थे। मौलवी की 20 मार्च, 2017 को मस्जिद में उनके कमरे में हत्या कर दी गई थी। चूरी स्थित मुहयुद्दीन जुमा मस्जिद के परिसर में घुसे एक गिरोह ने कथित तौर पर उनका गला काट दिया था।

निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिरे, जांच समिति गठित

बुलंदशहर। बुलंदशहर जिले के नरसेना क्षेत्र के गजरौला गांव में गंगा नदी पर एक निर्माणाधीन पुल के तीन स्लैब गिर गए। इसमें किसी भी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले में जांच के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति बना दी है। इस बीच, समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने मामले को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा पर चुनावी चंदा लेने का आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा लोगों के जीवन से खेल रही है।

महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को सेवा विस्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के मुख्य सचिव नितिन करीर का कार्यकाल शनिवार को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार केंद्र ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी को एक अप्रैल से 30 जून तक विस्तार देने संबंधी राज्य सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। करीर ने पिछले साल दिसंबर में शीर्ष पद के लिए वरिष्ठ नौकरशाह मनोज सौनिक का स्थान लिया था। महाराष्ट्र कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी इस महीने सेवानिवृत्त होने वाले थे।

इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला, भाजपा ने ईडी से कराई उगाही

आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने लगाया आरोप

नयी दिल्ली, एजेंसी

आम आदमी पार्टी ने इलेक्टोरल बॉन्ड को आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला करार देते हुए कहा कि भाजपा ने इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए ईडी से उगाही कराई है। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन कर कहा कि बीते 10 साल में भाजपा की हरकतें देखकर समझ आने लगा है कि क्यों सरदार बल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस पर प्रतिबंध लगाया था।

भाजपा इस देश की सबसे खराब, अक्षम और दोमुंही पार्टी है। ईमानदारी, भाजपा का सबसे बड़ा डर है और आम आदमी पार्टी का सबसे बड़ा हथियार है। इसी ईमानदारी की सजा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को मिल रही है। आज का देश का हर नागरिक जानता है कि जो केजरीवाल सरकार हर साल जनकल्याण की सुविधाएं देने के बाद भी मुनाफे का बजट पेश करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने दो साल से हमारे ऊपर अनगिनत छापे की कार्रवाई करवाई लेकिन इतने छापों के बाद भी एक चवन्नी बरामद नहीं हुई। इसके बावजूद आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेता सत्येंद्र जैन, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और अब अरविंद केजरीवाल जेल में हैं। ईडी ने करीब 51 हजार डॉक्यूमेंट्स कोर्ट के समक्ष रखे हैं और 458 गवाहों से पूछताछ की गई है। इतनी सारी पूछताछ करने के बाद केवल चार जगह अरविंद केजरीवाल का नाम आता है। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेस में अकेले दौड़कर प्रथम आना चाहते हैं और इसलिए वह लगातार विपक्ष की सारी बुलंद आवाजों को जेल भेज रहे हैं।

हेमंत सोरेन की पत्नी ने सुनीता केजरीवाल से मिलीं

नई दिल्ली, एजेंसी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल से शनिवार को मुलाकात की। अधिकारियों ने बताया कि कल्पना सोरेन ने 6 फ्लैगस्टाफ रोड स्थित दिल्ली के मुख्यमंत्री के आधिकारिक निवास पर जाकर सुनीता केजरीवाल से मुलाकात की। दोनों की मुलाकात करीब 15 से 20 मिनट तक चली। झारखंड में कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था और वह तब से जेल में हैं।

इंदौर में रंगपंचमी गेर उत्सव के दौरान उमड़ा जनसैलाब। ● एजेंसी

तमिल के लोकप्रिय अभिनेता डेनियल बालाजी का निधन

चेन्नई, एजेंसी

अपने शानदार अभिनय के लिए विख्यात लोकप्रिय तमिल फिल्म अभिनेता डेनियल बालाजी का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। अस्पताल के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। वह 48 वर्ष के थे। तिरुवानमियूर में रहने वाले अभिनेता ने सीने में दर्द की शिकायत की, जिसके बाद उन्हें तुरंत यहां कोट्टिवक्कम के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया।

अभिनय के क्षेत्र से राजनीति में आये कमल हासन ने कहा, "डेनियल का अचानक निधन चौंकाने वाला है। कम उम्र में मौत की पीड़ा परेशान करने वाली है।" उन्होंने शोक संतप्त परिवार और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

मुख्यमंत्री खांडू सहित 10 भाजपा उम्मीदवार विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

ईटानगर, एजेंसी

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चौना मीन सहित भारतीय जनता पार्टी के 10 उम्मीदवार राज्य विधानसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार सेन ने यहां संवाददाताओं को बताया कि नामांकन वापसी की अवधि समाप्त होने के बाद खांडू और नौ अन्य को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। उन्होंने बताया कि खांडू तवांग जिले के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे, जबकि उप मुख्यमंत्री चौना मीन ने चौखम सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की, क्योंकि उनके एकमात्र प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के बयामसो क्रि ने शनिवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। सेन ने कहा, ''छह विधानसभा क्षेत्रों में केवल एक नामांकन पत्र दाखिल किया गया था जबकि चार अन्य में विपक्षी उम्मीदवारों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली।''

इंदौर में रंगपंचमी की 'गेर' में उमड़े हजारों हुरियारे, सीएम भी शामिल

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में फागुनी मस्ती के माहौल में रंगपंचमी पर हर साल निकाली जाने वाली ''गेर'' (होली की विशाल शोभायात्रा) में शनिवार को हजारों लोग शामिल हुए और त्योहारी उल्लास में डूब गए। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी शहर में गेर की करीब 75 साल पुरानी रंगारंग परंपरा में शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ एक खुले वाहन में सवार हुए और उन्हें गेर में शामिल लोगों पर पिचकारी से रंग बरसाते देखा गया। यादव ने संवाददाताओं से कहा, '' गेर होली खेलने वाले लोगों की वह टोली है जो सबको अपना बनाने के लिए निकलती है।''

असम राइफल्स ने दलाई लामा के साथ अपने जुड़ाव को याद किया

गुवाहाटी, एजेंसी



चौदहवें दलाई लामा के अपनी मातृभूमि तिब्बत से भागकर भारत आने के 65 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में असम राइफल्स ने आध्यात्मिक नेता के साथ अपने निरंतर सहयोग को याद किया। दलाई लामा को सुरक्षित लाने की जिम्मेदारी असम राइफल्स को ही सौंपी गई थी। बल की 5वीं बटालियन को दलाई लामा और उनके दल को नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश) के माध्यम से असम में सुरक्षित लाने का काम दिया गया था। दलाई लामा ने 31 मार्च, 1959 को भारतीय क्षेत्र में प्रवेश किया था। अर्धसैनिक बल ने एक बयान में कहा, ''1959 में दलाई लामा की 5वीं असम राइफल्स की सुरक्षा संबंधी विरासत भारत और तिब्बत के साझा इतिहास में एक मर्मस्पर्शी अध्याय बनी हुई है, जो दोस्ती, समर्थन और मानवतावाद की स्थायी भावना का प्रतीक है।'' इसने कहा, ''दलाई लामा के साथ संबंध वर्षों से जारी है। बल का एक समूह, जिसे अकसर 'दलाई लामा बटालियन' कहा जाता है, हर साल हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला में उनसे आशीर्वाद लेने के लिए जाता है।''

दिल्ली में छह घंटे प्रभावित रहेगा आवागमन

नयी दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की रविवार को होने वाली 'लोकतंत्र बचाओ रैली' के मद्देनजर यातायात परामर्श जारी किया है और कहा है कि उस दिन शहर में वाहनों की आवाजाही छह घंटे के लिए नियंत्रित की जाएगी।

मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, शरद पवार, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव सहित विभिन्न विपक्षी दलों के शीर्ष नेता 31 मार्च को रामलीला मैदान में रैली में भाग लेंगे। यह रैली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी की पृष्ठभूमि में आयोजित की जा रही है। यातायात परामर्श के अनुसार, बाराखंभा रोड से गुरु नानक चौक तक रणजीत सिंह फ्लाईओवर, मिंटो रोड से गोल चक्कर कमला मार्केट तक विवेकानंद मार्ग, हमदर्द चौक, दिल्ली गेट से गुरु नानक चौक तक जेएलएन मार्ग पर और अजमेरी गेट, कमला मार्केट गोल चक्कर से गुरु नानक चौक और वीआईपी गेट के पास चमन लाल मार्ग, गुरु नानक चौक से तुर्कमान गेट तक सुबह नौ बजे से अपराह्न तीन बजे तक यातायात की आवाजाही को नियंत्रित किया जाएगा और यातायात प्रतिबंधित भी किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि राजघाट चौक, मिंटो रोड, डीडीयू मार्ग, पहाड़गंज चौक और दिल्ली गेट पर सुबह नौ बजे से मार्ग परिवर्तन किया जा सकता है। परामर्श में कहा गया है कि आवश्यकता के अनुसार यातायात नियमों और मार्ग परिवर्तन के संबंध में समीक्षा की जाएगी, जिसके बाद इसमें बदलाव भी किया जा सकता है। इसमें कहा गया है कि यात्रियों से अनुरोध है कि यदि संभव हो तो इन रास्तों का उपयोग करने से बचें और सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करें।

'इंडिया' गठबंधन रैली

संविधान की रक्षा के लिए 'इंडिया' की रैली : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की "लोकतंत्र बचाओ रैली" का उद्देश्य संविधान और लोकतंत्र को बचाना है। विपक्षी दल कांग्रेस ने कहा कि रैली से लोक कल्याण मार्ग (जहां प्रधानमंत्री का आवास स्थित है) को कड़ा संदेश दिया जाएगा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार का समय पूरा हो गया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रैली को लेकर कहा कि पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता रैली को संबोधित करेंगे। यह कोई व्यक्ति विशेष की रैली नहीं है। इसीलिए इसे लोकतंत्र बचाओ रैली कहा जा रहा है। यह किसी एक पार्टी की रैली नहीं है, इसमें 27-28 पार्टियां शामिल हैं।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
चेन्नई सुपरकिंग्स	02	02	00	00	04	+1.979
कोलकाता नाइट राइडर्स	02	02	00	00	04	+1.047
राजस्थान रॉयल्स	02	02	00	00	04	+0.800
सनराइजर्स हैदराबाद	02	01	01	00	02	+0.675
लखनऊ सुपर जायंट्स	02	01	01	00	00	+0.025
पंजाब किंग्स	03	01	02	00	02	-0.333
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	03	01	02	00	02	-0.711
गुजरात टाइटंस	02	01	01	00	02	-1.425
दिल्ली कैपिटल्स	02	00	02	00	00	-0.528
मुंबई इंडियंस	02	00	02	00	00	-0.925

शिखर धवन

निकोलस पूरन

खेल डायरी

टी20 कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं शाहीन

लाहौर। तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी पाकिस्तान क्रिकेट और टी20 कप्तान के रूप में उनके भविष्य से संबंधित चर्चाओं में शामिल नहीं किये जाने से निराश हैं जिससे वह कप्तानी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। शाहीन के करीबी सूत्र ने कहा कि यह गेंदबाज इस बात से नाराज है कि जहां तक कप्तानी या कोचों की नियुक्ति का सवाल है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी और राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने एक बार भी उनसे भविष्य की योजनाओं के बारे में बात नहीं की है। इस सूत्र ने कहा, ''शाहीन राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान है तो उसका निराश होना लाजमी है।''

रविवार को होगा हॉकी की प्रतिभाओं का सम्मान

नई दिल्ली। हॉकी की दिग्गज हस्तियों की मौजूदगी में रविवार को यहां भारतीय हॉकी के प्रतिभावान खिलाड़ियों को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिये हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस वर्ष के पुरस्कार समारोह में कुल पुरस्कार राशि सात करोड़ 56 लाख रुपये रखी गयी है। आठ श्रेणियों में दिये जाने वाले इन पुरस्कारों के लिये 32 खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है। इन खिलाड़ियों की 2023 कैलेंडर वर्ष में भारतीय हॉकी में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सराहना की जाएगी। पुरस्कार समारोह में ओलंपियन रघबीर लाल, ए.एस. बख्शी जैसी दिग्गज हस्तियां शामिल होंगी।

रीयल कश्मीर एफसी ने नेरोका एफसी को हराया

श्रीनगर। रीयल कश्मीर एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में नेरोका एफसी को 3-0 से हराकर उसे दूसरी श्रेणी में धकेल दिया। कश्मीर के लिये नोहेरे क्रिजो ने 35वें, हैदर युसूफ ने 45वें और शहर शाहीन ने 67वें मिनट में गोल दागे। इस हार के बाद मणिपुर की नेरोका एफसी 21 मैचों में 13 अंक लेकर 12वें स्थान पर है। इस सत्र में उसने चार मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और 16 गंवाये। अब उसे तीन ही मैच खेलने है और सभी जीतने पर भी वह दूसरी श्रेणी में खिसकने से नहीं बच सकती। वहीं कश्मीर की टीम ने चार ड्रॉ खेलने के बाद जीत दर्ज की। उसका अपराजेय अभियान नौ मैचों का हो गया है।

शारीरिक उत्पीड़न की जांच के लिए पैनल गठित

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने शनिवार को अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को गोवा में दो महिला फुटबॉलरों के साथ कथित शारीरिक उत्पीड़न के मामले में एक पैनल द्वारा जांच पूरी होने तक खेल संबंधित गतिविधियों से दूर रहने को कहा है। इंडियन वुमैन्स फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) के दूसरे डिविजन में हिस्सा लेने आयी हुए हिमाचल प्रदेश के खाद एफसी की दो फुटबॉल खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि क्लब के मालिक शर्मा ने 28 मार्च की रात को उनके कमरे में घुसकर उनके साथ मारपीट की थी। पुलिस उपाधीक्षक संदेश चोदनकर ने कहा, ''कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा को औपचारिक शिकायत के बाद पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स सेमीफाइनल से बाहर

मैड्रिड। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी के शनिवार को यहां सेमीफाइनल में हारने से मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती भी समाप्त हो गयी। इंडोनेशिया के रिनोव रिवाल्डी और पीठा हानिंगटयास मेंटारी की जोड़ी ने सिर्फ 29 मिनट में भारतीय चुनौती 21-17, 21-12 से समाप्त कर दी। एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी ने शुक्रवार को क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के रेहान नौफाल खुशारजांटो और लिसा आयु कुसुमावती को 14-21, 21-11, 21-17 से हराया था। शुक्रवार को सुपानिडा काटेथोंग ने भारतीय स्टार पीवी सिंधू को एक घंटे 17 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल में 24-26, 21-17, 22-20 से शिकस्त दी।

पूर्वी क्षेत्र सीनियर महिला मल्टी डे ट्राफी के सेमीफाइनल में

पुणे। पूर्वी क्षेत्र ने खिलाड़ियों के हरफनमौला प्रयास से यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र पर पारी और 120 रन की जीत से सीनियर महिला अंतरक्षेत्रीय बहुदिवसीय (वुमेन इंटरजोनल मल्टी डे) ट्राफी के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्वी क्षेत्र ने पूर्वोत्तर को पहली दो पाारियों में 108 और 157 रन पर समेटकर जीत हासिल की। पूर्वी क्षेत्र ने धारा गुज्जर के पहली पारी में 140 रन की बदौलत आठ विकेट पर 385 रन पर पारी घोषित कर दी थी। पूर्वोत्तर की बल्लेबाजों ने अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश की लेकिन पूर्वी क्षेत्र को दोबारा बल्लेबाजी के लिए काफी रन नहीं बना सकीं। पूर्वोत्तर के लिए मोनिका 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। पशिचम क्षेत्र ने मध्य क्षेत्र से ड्रा खेला लेकिन 111 रन की बढ़त से सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया।

डिकॉक और पूरन की पारी से पंजाब किंग्स ढेर

घरेलू मैदान पर लखनऊ सुपर जायंट्स की 21 रनों से जीत, शिखर धवन की अर्धशतकीय पारी नहीं आई काम

क्विंटन डिकॉक



लखनऊ, एजेंसी

क्विंटन डिकॉक (54), निकोलस पूरन (42) और कृणाल पांड्या (43 नाबाद) के बाद मयंक यादव (27 रन पर तीन विकेट) और मोहसिन खान (34 रन पर दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार वापसी करते हुये पंजाब किंग्स को 21 रन से हरा कर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला। 21 वर्षीय दिल्ली के मयंक यादव ने आईपीएल में अपने पदार्पण का आगाज तूफानी अंदाज में किया और 155.8 रन प्रति ओवर की तूफानी गेंद फेंक कर भारत की राष्ट्रीय टीम के चयनकर्ताओं को तूफानी रफ्तार वाले गेंदबाज की तलाश पूरी करने में मदद की।

अपने घरेलू मैदान इकाना स्टेडियम पर एलएसजी ने टॉस जीत कर पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओवर में 199 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था जिसके जवाब में पंजाब की टीम रन ही बना सकी। कप्तान शिखर धवन (70) और जॉनी ब्रेयस्टो (42) ने दस ओवर के खेल में बगैर विकेट खोये 98 रन जोड़ लिये थे, उस स्थिति में पंजाब मुकाबले में आगे चलता दिख रहा था मगर पारी के 11वें ओवर में रवि विश्नोई ने मात्र तीन रन देकर पंजाब पर दवाब बढाया जबकि तेज गेंदबाज मयंक यादव ने अपनी तूफानी रफ्तार से मेहमान टीम के एक के बाद एक विकेट झटक कर मैच का पासा

- **मैच में 'इंपैक्ट प्लेयर' के रूप में खेल रहे केएल राहुल कोई प्रभाव नहीं छोड़ पाये**

पलट दिया जबकि बची खुची कसर मोहसिन खान ने शिखर धवन और सैम करन का विकेट निकाल कर पूरी कर दी। बेयरस्टो यादव का पहला शिकार बने जब 12वें ओवर में 143 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से फेंकी गयी शॉर्ट ऑफ़ लेंथ गेंद को पुल करने के प्रयास में बेयरस्टो डीप मिड विकेट पर खड़े फ़ील्डर ने आसान सा कैच देकर पवेलियन लौट गये वहीं प्रभसिमरन सिंह (19) को यादव ने 147 की रफ्तार से गेंद फेंकी और वह बैकफ़ुट पर जाकर शॉट लगाने का प्रयास करने पर मिड ऑन के फ़ील्डर को आसान कैच दे बैठे। जितेश शर्मा (6) को यादव में 142 की रफ्तार से गेंद फेंक कर विकेट पर टिकने से पहले ही चलता किया और टीम का स्कोर तीन विकेट पर 139 रन हो गया। एक छोर पर थके से दिख रहे शिखर धवन मोहसिन खान का शिकार बने जब धीमी शार्ट पिच गेंद को पुल करने के प्रयास में वह अपना विकेट गंवा बैठे। शिखर धवन ने 50 गेंदो की पारी के दौरान सात चौके और तीन छक्के लगाये। इससे पहले एलएसजी के केएल राहुल (15) ने डिकॉक के साथ पारी की शुरुआत करते हुये 35 रन 3.5 ओवर में जोड़ लिये मगर इस बीच राहुल अर्शदीप की गेंद पर अपना विकेट गंवा बैठे। पंजाब को दूसरी सफलता देवदत्त पडिक्कल (9) के तौर पर जल्दी ही मिल गयी। मेजबान टीम का तीसरा विकेट मार्कस स्टॉयनिस (19) के रुप में नौवें ओवर में गिरा, उस समय एलएसजी का स्कोर 78 रन था।

लखनऊ 199/8 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
क्विंटन डिकॉक का जितेश बो अर्शदीप	54	38	5/2
केएल राहुल का बेयरस्टो बो अर्शदीप	15	09	1/1
देवदत्त पड्डिकल का धवन बो कुरेन	09	06	2/0
मार्कस स्टोइनिस बो चाहर	19	12	0/2
निकोलस पूरन बो रबाडा	42	21	3/3
आयुष बडोनी का बेयरस्टो बो कुरेन	08	10	0/0
कृणाल पंड्या नाबाद	43	22	4/2
रवि बिश्नोई का तनय बो कुरेन	00	01	0/0
मोहसिन खान रन आउट	02	01	0/0
नवीनुल हक नाबाद	00	00	0/0

गेंदबाजी : कुरेन 4-0-28-3, अर्शदीप 3-0-30-2, रबाडा 4-0-38-1, चाहर 3-0-42-1, बरार 2- 0-14 -0, पटेल 4-0-45-0

पंजाब 178/5 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
शिखर धवन का डिकॉक बो मोहसिन	70	50	7/3
जॉनी बेयरस्टो का स्टोइनिस बो यादव	42	29	3/3
प्रभसिमरन सिंह का नवीनुल बो यादव	19	07	1/2
जितेश शर्मा का नवीनुल बो यादव	06	09	1/0
लियाम लिविंगस्टोन नाबाद	28	17	2/2
सैम कुरेन का पूरन बो मोहसिन	00	01	0/0
शशांक सिंह नाबाद	09	07	1/0

गेंदबाजी : सिद्धार्थ 2-0-21-0, नवीनुल 4-0-43-0, मोहसिन 4-0-34-2, कृणाल 3-0-26-0, बिश्नोई 3-0-25-0, यादव 4-0-27-3

सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार फॉर्म से गुजरात टाइटन्स को खतरा

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात टाइटन्स को अगर रविवार को होने वाले इंडियन प्रीमयर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की शानदार लय को रोकने की कोशिश करनी है तो उसे अपने गेंदबाजी आक्रमण में सुधार करना होगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 277 रन बनाकर आईपीएल का सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया और सत्र की पहली जीत हासिल की।

गुजरात टाइटन्स ने घरेलू मैदान पर मुंबई इंडियंस पर जीत से शुरूआत की लेकिन पिछले मैच में चेन्नई में उसे हार का सामना करना पड़ा। चोटिल मोहम्मद शमी की जगह खेल रहे उमेश यादव कहीं भी उनके बराबर नहीं हैं जो गुजरात टाइटन्स के लिए बड़ी परेशानी साबित हो रहा है। 63 रन से मिली हार से उनका नेट रन रेट प्रभावित हुआ जो -1.425 पहुंच गया है और यह लीग की 10 टीम में सबसे खराब है। टूर्नामेंट के अंतिम छोर में यह उसके लिए कुछ समस्यायें खड़ी कर सकता है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हार्दिक पंड्या के जाने से टीम का संतुलन बिगड़ा है।

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, केन विलियमसन, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, नूर अहमद, साई किशोर, राशिद खान, जोशुआ लिटिल , मोहित शर्मा, अजमतुल्लाह उमरजई, उमेश यादव, शाहरुख खान, सुशांत मिश्रा, कार्तिक त्यागी, मानव सुथार, स्पेंसर जॉनसन, संदीप वारियर, बीआर शरथ। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **मैच भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा।**

धीरे-धीरे कप्तानी के गुर सीख जायेगा गिल : गैरी कर्स्टन

अहमदाबाद। पूर्व चैम्पियन गुजरात टाइटंस की आईपीएल 2024 में शुरूआत भले ही उतार चढाव भरी रही हो लेकिन उसके मेंटोर गैरी कर्स्टन ने शुभमन गिल का बचाव करते हुए कहा है कि इस तेज रफ्तार टी20 प्रारूप में रणनीतिक फैसले लेना वह सीख जायेगा। आईपीएल 2022 की चैम्पियन और मौजूदा उपविजेता टाइटंस दो मैचों में एक जीत और एक हार के बाद सातवें स्थान पर है। कर्स्टन ने कहा,'' यह तेज रफ्तार खेल है। नियमित आधार पर तकनीकी फैसले लेने होते हैं। यह टेस्ट क्रिकेट नहीं है जो लंबा चलता है।'' उन्होंने मैच की पूर्व संध्या पर कहा,'' मैं कप्तान के तौर पर उससे काफी प्रभावित हूं।''

अप्रैल के अंतिम हफ्ते में टीम चुने जाने की संभावना

टी20 विश्व कप

नयी दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम के अप्रैल के अंतिम हफ्ते में चुने जाने की संभावना है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टीम सौंपने की अंतिम तारीख एक मई है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने शनिवार को यह जानकारी दी। लेकिन टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली प्रत्येक टीम को 25 मई तक अपनी शुरूआती टीम में खिलड़ियों को बदलने का मौका मिलेगा। बीसीसीआई के एक सीनियर सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, ''भारतीय टीम का चयन अप्रैल के अंतिम हफ्ते के दौरान किया जायेगा और इस समय तक आईपीएल का पहला हिस्सा खत्म हो जायेगा जिससे राष्ट्रीय चयन समिति दावेदारों की फॉर्म और फिटनेस का आकलन करने की स्थिति में होगी।'' सूत्र ने कहा, ''क्रिकेटरों का पहला जत्था 19 मई को आईपीएल का लीग चरण खत्म होने के तुरंत बाद न्यूयॉर्क के लिए रवाना होगा।''

चारों राष्ट्रीय चयनकर्ता ज्यादातर मैच देखने के लिए यात्रा करेंगे। पता चला है कि विश्व कप के लिए किसी भी दावेदार को कार्यभार प्रबंधन के बारे में कोई निर्देश नहीं दिया गया है क्योंकि इन दो महीनों में वे फ्रेंचाइजी के अधीन खेलेंगे।

बॉलीवुड हलचल

दबंग 4 के ऐलान पर सलमान खान ने तोड़ी चुप्पी! बताया कब बनेगी

मुंबई, एजेंसी। सलमान खान को फिर से चुलबुल पांडे बने देखने का सपना फैंस लंबे समय से देख रहे हैं लेकिन अब लगता है कि फैंस का इंतजार खत्म होने वाला है। हाल ही में अरबाज खान ने कहा था कि वो दबंग 2 जरूर बनाएंगे और अब सलमान खान ने भी हरी झंडी दे दी है और बताया है कि दबंग 4 जल्दी ही बनेगी। अभी तक दबंग 4 की मेकिंग को लेकर कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है लेकिन अब सलमान खान ने इस मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और कहा है कि आने वाले दिनों में दबंग 4 को मंजूरी मिल जाएगी। उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि फिल्म फिलहाल क्यों रुकी हुई है। सलमान खान के छोटे भाई और निर्माता अरबाज खान पहली फिल्म के बाद से दबंग फ्रेंचाइजी संभाल रहे हैं। इस फिल्म को लेकर अरबाज का रिएक्शन भी सामने आ चुका है और अब तो खुद दबंग खान ने दबंग 4 पर अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। हाल ही में अरबाज खान की नई फिल्म पटना शुक्ला की स्क्रीनिंग के दौरान सलमान से दबंग 4 को लेकर सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में सलमान खान ने कहा, 'यह फिल्म बहुत जल्द बनेगी। सलमान ने कहा, 'जैसे ही दोनों भाई एक स्क्रिप्ट तय कर लेंगे, फिल्म जरूर बनाई जाएगी।'

'शाहरुख के साथ काम करने की बात पहले मजाक लगी'

मुंबई, एजेंसी। प्रियामणि ने हाल ही में खुलासा किया कि जब उन्हें पहली बार रोहित शेट्टी के ऑफिस से शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'चेन्नई एक्स्प्रेस' के लिए फोन आया, तो उन्हें ये मजाक लगा था। प्रियामणि को यकीन ही नहीं हुआ कि ऐसा हो सकता है। प्रियामणि ने बातचीत के दौरान कहा- एक दिन मुझे रोहित शेट्टी के ऑफिस से फोन आया। मुझे लगा रोहित शेट्टी की टीम का कोई व्यक्ति मुझसे क्यों संपर्क करेगा। फिर उन्होंने मुझसे मुंबई आने के लिए कहा। इस बात के लिए मैं तुरंत मान गई और हामी भरकर फोन रख दिया। सच कहूं तो मुझे लगा कोई मुझसे शरारत कर रहा है। फिर मैंने ये पता करने के लिए कि कॉल क्या सच है या मजाक अपने मैनेजर से पूछा। 5 मिनट बाद मेरे मैनेजर ने जानकारी दी कि वो कॉल असली थी। बस फिर क्या था, अगला काम जो मैंने किया वो था- बैग पैक करके सीधा मुंबई आना। आखिरकार हमारी मुलाकात रोहित शेट्टी से हुई। रोहित शेट्टी ने मुझे बताया कि उन्होंने एक कन्नड़ गाना देखा है, जिसमें मैं और पुनीत राजकुमार हैं। प्रियामणि ने आगे कहा- मैंने 'चेन्नई एक्स्प्रेस' का एड अखबार में देखा था। मुझे पता था कि इस फिल्म में शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण हैं।

फिल्म खेल-खेल में लीड रोल में तापसी पन्नू और वाणी कपूर नजर आएंगी

मुंबई, एजेंसी। डायरेक्टर मुदस्सर अजीज की अपकमिंग फिल्म 'खेल खेल में' की शूटिंग खत्म हो गई है। यह एक कॉमेडी जॉनर की फिल्म है। इसमें अक्षय कुमार और तापसी पन्नू लीड रोल में हैं। दोनों के साथ वाणी कपूर भी देखी जाएंगी। सूत्रों का कहना है कि जल्दी ही मेकर्स फिल्म की रिलीज डेट भी अनाउंस करेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार और फरदीन खान करीब 17 साल बाद एक साथ स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। 2007 में दोनों कॉमेडी फिल्म 'हे बेबी' में एक साथ नजर आए थे। अब दोनों एक बार फिर से कॉमेडी फिल्म में साथ दिखेंगे। वहीं तापसी पन्नू, अक्षय कुमार के साथ 'बेबी' और 'मिशन मंगल' जैसी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। वाणी कपूर ने भी अक्षय के साथ फिल्म 'बेल बॉटम' में काम किया है। अक्षय कुमार के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, मानुषी छिल्लर, अलाया एफ और सोनाक्षी सिन्हा भी हैं। अली अब्बास के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज होगी। इसके तुरंत बाद अक्षय फिल्म सरफिरा में दिखाई देंगे, जो तमिल फिल्म सोरारई पोटरु की हिंदी रीमेक है। सुधा कोंगारा प्रसाद के डायरेक्शन में बनी यह फिल्म 12 जुलाई को थिएटर्स में रिलीज होगी। अक्षय को फिल्म सिंघम अगेन में वीर सूर्यवंशी के रोल में देखा जाएगा। इसमें करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, रणवीर सिंह, टाइगर श्रॉफ और अर्जुन कपूर भी दिखाई देंगे। फिल्म में अजय देवगन लीड रोल में होंगे। इसके अलावा अक्षय के पास वेलकम टू द जंगल, स्काई फोर्स, हाउसफुल 5 और जॉली एलएलबी 3 जैसी फिल्में भी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

न्यूजक्लिक के विरुद्ध पुलिस ने दाखिल की पहली चार्जशीट

नई दिल्ली, एजेंसी

- पुलिस का आरोप-चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में लिया था पैसा

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में शनिवार को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। पुलिस ने पहली चार्जशीट दायर की है। पुलिस का आरोप है कि न्यूज पोर्टल को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी मात्रा में पैसा मिला था।

आरोपपत्र पटियाला हाउस कोर्ट में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डॉ. हरदीप कौर की कोर्ट में पेश किया गया। न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक और इसके संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है। बीती 23 फरवरी 2024 को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने गैरकानूनी प्रावधानों के तहत दर्ज मामले में न्यूज पोर्टल के संस्थापक और एडिटर इन चीफ प्रबीर पुरकायस्थ और न्यूज पोर्टल के एचआर हेड अमित चक्रवर्ती के खिलाफ जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 20 दिन का और समय दिया था।

गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967, इन आरोपों के बाद कि न्यूज पोर्टल न्यूजक्लिक को चीन समर्थक प्रचार के लिए भारी धन प्राप्त हुआ। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश पवन कुमार ने जांच की समय बढ़ाते हुए जांच पूरी करने में लंबा समय लेने के लिए दिल्ली पुलिस की खिंचाई भी की थी। उन्होंने पूछा था कि 150 दिनों की जांच में क्या किया है। यदि उन्होंने इन दिनों का उपयोग किया होता तो उन्हें विस्तार की आवश्यकता नहीं होती।

एटीएस की कार्रवाई नवी मुंबई से पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

मुंबई: महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने नवी मुंबई में अवैध तरीके से रहने वाले पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गि रफ्तार किया है। शुक्रवार को एटीएस ने घनसोली के दो इलाकों में छापेमारी की थी। एक अधिकारी ने कहा, गुप्त सूचना के आधार पर एटीएस ने कार्रवाई करते हुए पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है।

किसी के पास भी वैध दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान 22 वर्षीय आहत जमाल शेख, 40 वर्षीय रेबुल समद शेख, 25 वर्षीय रोनी सोरिफुल खान, 28 वर्षीय जुलू बिलाल शरीफ और 49 वर्षीय मोहम्मद मुनीर मोहम्मद सिराज मुल्ला के तौर पर की गई है। ये सभी बांग्लादेश के दो जिले से आए थे और यहां राजमिस्त्री के तौर पर काम कर रहे थे।

आज निपटा लें काम... नए वित्तीय वर्ष में हो रहे ये पांच बड़े बदलाव

मार्च का महीना खत्म होने जा रहा है। अब अप्रैल से नए वित्त वर्ष की शुरुआत होगी। हर महीने की पहली तारीख को कई बदलाव होते हैं। 1 अप्रैल से भी कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं। इनमें क्रेडिट कार्ड, ईपीएफओ और फास्टैग जैसे कई बदलाव शामिल हैं। इन बदलावों का असर सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ेगा। आईए जानें इनके बारे में...

क्रेडिट कार्ड के नियम

एक अप्रैल 2024 से नए वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के बाद क्रेडिट कार्ड से जुड़े नियमों में भी बदलाव होने हैं। इसमें एसबीआई क्रेडिट कार्ड के नियम एक अप्रैल 2024 से बदल जाएंगे। नए नियमों के अनुसार क्रेडिट कार्ड के जरिए किराए का भुगतान करने पर अब रिवार्ड प्वाइंड नहीं जारी किए जाएंगे। कई अन्य बैंकों के क्रेडिट कार्ड पर भी यह नियम 15 अप्रैल 2024 से लागू हो सकता है।

पैन-आधार लिंक- सरकार पैन कार्ड और आधार कार्ड को लिंक करने की डेडलाइन कई बार बढ़ा चुकी है। फिलहाल 31 मार्च 2024 को आधार पैन लिंक करने की आखिरी तारीख है। अगर 31 मार्च से पहले आपने अपना पैन और आधार कार्ड लिंक नहीं कराया तो आपका पैन कार्ड कैंसिल हो सकता है। पैन कार्ड निष्क्रिय होने पर आपको कई तरह की परेशानी हो सकती है। ऐसे में उसे दोबारा एक्टिव कराने के लिए आपको 1000 रुपये के जुर्माने का भी भुगतान करना पड़ेगा। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च 2024 से पहले अपना पैन और आधार कार्ड आपस में लिंक करा लें।

ईपीएफओ के नियम

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के नियमों में 1 अप्रैल से बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब नौकरी बदलने की स्थिति में कर्मचारी का ईपीएफओ खाता खुद-ब-खुद नए नियोक्ता के पास ट्रांसफर हो जाएगा। पहले खाताधारकों की रिक्वेस्ट पर ही खाते को ट्रांसफर किया जाता था।

फास्टैग केवाईसी नियम

एक अप्रैल 2024 से फास्टैग से जुड़े कुछ नियम भी बदल रहे हैं। अगर आपने अब तक अपनी कार के फास्टैग की बैंक केवाईसी पूरी नहीं की है तो एक अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्तीय वर्ष में आपको परेशानी झेलनी पड़ सकती है। ऐसे में जरूरी है कि आप 31 मार्च तक ही अपने फास्टैग की केवाईसी से जुड़ी प्रक्रिया पूरी कर लें। अगर आपने ऐसा नहीं किया तो आपका फास्टैग खाता बैंक की ओर से निष्क्रिय या ब्लैकलिस्ट किया जा सकता है। अगर ऐसा होता है तो फास्टैग खाते में मौजूद बैलेंस का इस्तेमाल करने में भी आपको परेशानी हो सकती है।

गैस की कीमतें

सरकार की ओर से हर महीने की एक तारीख को रसोई गैस के कमर्शियल और घरेलू सिलेंडरों के कीमत की समीक्षा की जाती है। हालांकि इस बार लोकसभा चुनाव के कारण आदर्श आचार संहिता लगी हुई है, इसलिए कीमतों में परिवर्तन की गुंजाइश कम है। लेकिन केंद्र सरकार अगर चाहे तो चुनाव आयोग से अनुमति लेकर रसोई गैस की कीमतों में बदलाव का एलान भी कर सकती है।

एक नजर

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जुमा के चुनाव लड़ने पर रोक

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा देश में 29 मई को होने वाले आम चुनाव में उम्मीदवार के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग (आईईसी) ने शुक्रवार को बताया है कि, जांच आयोग की सुनवाई को बीच में ही छोड़कर चले जाने पर जुमा को 2021 में दक्षिण अफ्रीका की संवैधानिक अदालत ने 15 माह जेल की सजा सुनाई गई थी। जुमा को उनकी पार्टी एएनसी ने 2018 में बर्खास्त कर दिया था। स्व-निर्वासित गुप्ता परिवार के साथ जुमा की कथित नजदीकियों को लेकर लोगों में काफी आक्रोश देखा गया था जिसके बाद ही एएनसी ने जुमा को पार्टी से बर्खास्त करने का कदम उठाया। आईईसी ने कहा कि जुमा को उनके आपराधिक रिकॉर्ड के कारण चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित किया गया है।

पाकिस्तान में मूसलाधार बारिश 5 कोयला खदान श्रमिकों की मौत

कराची। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिर गई और मलबे में दबने से पांच खदान श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, इस घर को कोयला खदान के लिए बाहर से आए मजदूरों के रहने के लिए बनाया गया था। उन्होंने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण कोयला खदान ढह गई और पांच मजदूर मलबे में दब गए और उनकी मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मृतकों के शवों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से आवश्यक कार्रवाई के बाद उन्हें उनके मूल क्षेत्रों में भेज दिया गया और वहां उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

नीदरलैंड: एक शहर में घुसे अज्ञात हमलावर, लोगों को बनाया बंधक

एडे (नीदरलैंड)। यूरोपीय देश नीदरलैंड के एडे शहर में शनिवार को दर्जनों लोगों को एक इमारत में बंधक बना लिया गया। भारी-भरकम हथियारों से लैस नीदरलैंड पुलिस ने एडे शहर को घेर लिया है। पुलिस ने एक बयान में कहा कि इमारत में कई लोगों को बंधक बनाकर रखा गया है। पुलिस प्रवक्ता साइमन क्लोक ने समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि एडे शहर में लोगों को बंधक बनाया जा रहा है। मगर उन्होंने इस घटना के बारे में अधिक जानकारी देने और इसमें कितने लोग शामिल हैं इसके बारे में बताने इनकार कर दिया।

श्रीलंका और भारत द्विपक्षीय परियोजनाओं की करेंगे समीक्षा

कोलंबो। श्रीलंका और भारत आर्थिक संबंधों को बढ़ाने पर कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए सभी मौजूदा द्विपक्षीय आर्थिक परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। विक्रमसिंघे के वरिष्ठ सलाहकार सागला रत्नायका की भारत यात्रा के दो दिन बाद दोनों पड़ोसी देशों ने इस पर सहमति व्यक्त की। रत्नायका ने अपनी यात्रा के दौरान विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा के साथ चर्चा की। बयान में कहा गया कि द्विपक्षीय आर्थिक सहयोग में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने के लिए तिमाही आधार पर समीक्षा की जाएगी।

भीषण बर्फबारी में भी जा सकेंगे लद्दाख निम्मू- पादुम-दारचा मार्ग हुआ तैयार

हिमाचल से लेह तक अब 10 घंटे में तय होगी दूरी, अप्रैल से चालू होगा मार्ग

लेह, एजेंसी

लद्दाख और कश्मीर के लोग जिस सड़क का 24 साल से इंतजार कर रहे थे, वो अब बनकर तैयार है। रणनीतिक रूप से बेहद अहम 248 किमी लंबी निम्मू- पादुम-दारचा रोड पर सीमा सड़क संगठन (बीआरओ)अंतिम 600 मी. का काम कर रही है। यह रोड हिमाचल के दारचा को लेह के निम्मू से जोड़ेगी। बीआरओ के मुताबिक, सेना अप्रैल से इसे शुरू करने जा रही है। इसके बनने से तीन बड़े फायदे होंगे। पहला भीषण बर्फबारी में भी देशवासी वाया रोड लेह- लद्दाख जा सकेंगे।

अभी बर्फबारी में यहां सिर्फ विमान से पहुंचा जा सकता है। दूसरा- सेना किसी भी परिस्थिति में सिर्फ 10 घंटे में एक साथ चीन और पाकिस्तान सीमा तक भारी मशीनरी पहुंचा सकेगी। अभी 17 घंटे तक लगते हैं। तीसरा- कश्मीर-लद्दाख से कटा रहने वाला बौद्ध बहुल जांस्कर उप मंडल लेह से जुड़ जाएगा। 13 बीआरटीएफ के कमांडर ले. कर्नल पारस के मुताबिक बीआरओ ने माइनस 30 डिग्री में यहां दो टुकड़ियों में बिना रुके काम किया है। नया रास्ता 10 महीने खुला रहेगा। मेंटेनेंस के लिए इसे दो महीने बंद रखेंगे।

सेना को लेह तक नए मार्ग की थी दरकार

1999 के करगिल युद्ध के बाद सेना को लद्दाख तक एक आसान रोड की जरूरत महसूस हुई थी, क्योंकि मनाली-लेह मार्ग लंबा होने के साथ ही पांच ऊंचाई वाले पहाड़ी दर्रों से गुजरता है और महीनों बंद रहता है। दूसरा मार्ग भी ऐसा ही है।

पड़ोसी देश इस रोड को ट्रैक नहीं कर पाएंगे

अभी श्रीनगर और मनाली से लेह के लिए दो सड़कें हैं। दोनों 400 किमी से ज्यादा लंबी हैं और सर्दियों में 6-7 महीने बंद रहती हैं। 2200 करोड़ की नई रोड ऑल वेदर वाली है। बीआरओ ने इसका ज्यादातर हिस्सा पहाड़ों के बीच रखा है। इस खूबी से चीन-पाकिस्तान का इसे ट्रैक कर पाना मुश्किल होगा। निम्मू में पूर्वी लद्दाख और सियाचिन ग्लेशियर की रक्षा के लिए एक्सआईवी कोर का मुख्यालय है। नए रोड से मुख्यालय सीधे जुड़ जाएगा। रोड से सियाचिन एक दिन में सप्लाई पहुंच जाएगी। श्रीनगर-लेह सड़क करगिल में एलओसी से होकर गुजरती है। यह संवेदनशील रोड है, इसलिए गोलीबारी के वक्त कई बार इसे बंद करना पड़ता है। नई सड़क ज्यादा सुरक्षित और आरामदायक है।

- **दुनिया की सबसे खूबसूरत रोड में से एक होगी:** करगिल हिल डेवलपमेंट काउंसिल के सीईसी के मुताबिक यह दुनिया की सबसे सुंदर रोड में से एक है। सर्दियों में जांस्कर नदी जम जाती है और पहाड़ बर्फ से ढंक जाते हैं। इन भौगोलिक विषम परिस्थितियों में भी बीआरओ ने काम नहीं रोका।
- **समय से पहले बनकर तैयार:** शुरुआत में बजट 251 करोड़ रु. था और डेडलाइन 2012 थी। लेकिन, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के चलते रोड अटक गई। जुलाई 2019 में इसे नई 2276 करोड़ की लागत से बनाना शुरू किया और अब डेडलाइन (2025) से पहले ही बनकर तैयार है।

विश्व के नेताओं की सलाह, ट्रंप नहीं बनेंगे राष्ट्रपतिः बाइडन

न्यूयॉर्क। न्यूयॉर्क में एक रैली के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विश्व के अधिकांश नेताओं ने उनसे कहा है कि आगामी चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को नहीं जीतने देना। उन्हें डर है कि इससे उनका लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। चाहे जी 20 शिखर सम्मेलन हो या कोई अन्य अवसर हर बार यही देखने को मिला है।

उन्होंने कहा कि जो वह कह रहे हैं अतिशयोक्ति नहीं है। दुनिया के लगभग हर नेता मुझसे यह बात कहने के लिए अकेले में बात करने का बहाना खोजते थे। उन्होंने कहा कि ट्रंप ने कहा है कि अगर वह नवंबर में चुनाव में हारे तो खून खराबा होगा। आखिर उसे हुआ क्या है। यह मुझे सबसे अधिक चिंतित करता है। बाइडन ने कहा कि यह वह व्यक्ति है जिसने उन देशों के खिलाफ जो चाहे कदम उठाने के लिए रूस को उकसाया जो अपनी जीडीपी का दो प्रतिशत रक्षा पर खर्च नहीं करते। इस बीच बाइडन की ओर से कैंपेन अभियान संभाल रही टीम ने निक्की हेली के समर्थकों को लुभाने का प्रयास शुरू किया है। वह रिपब्लिकन की रेस से हाल ही में बाहर हुई हैं।

ईरानी पोत के नौ अपहर्ताओं पर कार्रवाई करेगा भारत: नौसेना

नई दिल्ली, एजेंसी

- समुद्री लुटेरों के चंगुल से छुड़ाये 23 पाकिस्तानियों का होगा मेडिकल परीक्षण

अरब सागर में ईरानी जहाज अल-कंबर का अपहरण करने वाले नौ समुद्री लुटेरों को भारत लाकर उन पर मुकदमा चलाया जाएगा। इससे पहले जहाज से मुक्त कराए गए 23 पाकिस्तानी कर्मियों और नौ समुद्री लुटेरों का मेडिकल परीक्षण होगा।

परीक्षण के बाद ईरानी जहाज गंतव्य के लिए रवाना होगा। बता दें, अरब सागर में यमन के सोकोत्रा द्वीप के नजदीक समुद्री लुटेरों ने गुरुवार को ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज को बंधक बना लिया था। जहाज द्वारा भेजा गया आपात संदेश प्राप्त होने पर शुक्रवार को क्षेत्र में मौजूद भारतीय नौसेना के दो युद्धपोतों-आईएनएस सुमेधा और आईएनएस त्रिशूल को कार्रवाई के लिए रवाना किया गया। दोनों युद्धपोतों ने कुछ ही घंटों में अपहृत जहाज का रास्ता रोक लिया और देर रात कमांडो कार्रवाई में अपहर्ता दस्युओं को आत्मसमर्पण के लिए विवश कर दिया।

मुक्त हुए पाकिस्तानी नागरिकों ने राहत की सांस ली और उन्होंने भारत और भारतीय नौसेना का जयघोष किया। अब जहाज और 23 पाकिस्तानी नागरिक भारतीय नौसेना की सुरक्षा में हैं। इन पाकिस्तानी कर्मियों का नौसेना मेडिकल परीक्षण करा रही है, इसके बाद ईरानी जहाज को उसके मार्ग पर रवाना कर दिया जाएगा, जबकि नौ अपहर्ताओं को भारत लाकर उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पकड़े गए सभी लुटेरे सोमालियाई मूल के हैं।

जनजीवन अस्त-व्यस्त...

शिमला: पिछले 24 घंटों में हिमाचल प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश, हिमपात और तूफान से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वाहन यातायात, बिजली, पानी की आपूर्ति और संचार सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हो गई हैं। साउथ पोर्टल के आसपास के क्षेत्र में भारी बर्फबारी हो रही है और साउथ पोर्टल से लेकर सोलंग नाला तक की सड़कों ने बर्फ की सफेद चादर ओढ़ ली है। वहीं कई संवेदनशील क्षेत्रों हिमस्खलन की चेतावनी जारी की गई है। ● एजेंसी

इजराइल यात्रा को ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति का जब्त पासपोर्ट देने से सुप्रीम इनकार

रियो डी जिनेरियो, एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने इजराइल की यात्रा करने के लिए पासपोर्ट लौटाने के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोलसोनारो के अनुरोध को खारिज कर दिया है। बोलसोनारो के अधिवक्ता ने गुरुवार को कहा कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मई में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम के लिए बोलसोनारो को आमंत्रित किया है। ऐसे में उन्होंने उच्चतम न्यायालय से उनका पासपोर्ट लौटाने का अनुरोध किया था।

शीर्ष कोर्ट के न्यायमूर्ति अलेक्जेंडर डी मोरेस ने कहा, जिस व्यक्ति के खिलाफ जांच जारी है, उस पर लगाए गए प्रतिबंध को हटाना जल्दबाजी होगी, जब्त पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया। बता दें, 2022 के चुनाव परिणामों को अनदेखा करने और हारे हुए नेता को सत्ता में बनाए रखने के लिए विद्रोह करने की साजिश रचने के आरोप है, और जांच जारी है, मामले को देखते हुए उनका पासपोर्ट जब्त कर लिया था।

ब्रिटेन अब 41 लाख वेतन पर ही देगा वर्कर वीजा

लंदन, एजेंसी

- 4 अप्रैल से स्किल्ड वर्कर वीजा के नियमों में हो रहा बदलाव, 2 लाख भारतीयों पर असर

ब्रिटेन के भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक प्रवासियों को लेकर लगातार सख्त कदम उठा रहे हैं। ब्रिटेन में 4 अप्रैल से मिड लेवल टीचर, शेफ, नर्सेज और केयर गिवर्स प्रवासियों के प्रवेश वीजा पर बदलाव किया है। सुनक सरकार के नए नियम के अनुसा, स्किल्ड वर्क वीजा से ब्रिटेन में तब प्रवेश मिलेगा जब प्रवासियों का सैलरी पैकेज 41 लाख रुपये सालाना होगा।

बता दें, अब तक ये सीमा साढ़े 27 लाख रुपये थी। सुनक सरकार ने सैलरी सीमा में लगभग दोगुनी बढ़ोतरी कर ब्रिटेन में नौकरी की चाह रखने वाले भारतीयों की राह में मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मिड लेवल नौकरी के लिए ब्रिटेन आने वाले लगभग दो लाख भारतीयों पर इसका असर पड़ने की आशंका है। बता दें

कि पिछले दिनों स्किल्ड वर्क वीजा के तहत आवेदन करने वाले आईटी प्रोफेशनल के सैलरी पैकेज की सीमा 35 लाख से 52 लाख रुपये कर दी गई थी। भारतीय स्किल्ड वर्करों के लिए फैमिली वीसा पाने के लिए सैलेरी लिमिट में 56 फीसदी का इजाफा किया है। पहले ब्रिटेन में 19.50 लाख रुपए सालाना कमाने वाले भारतीय फैमिली वीसा के लिए आवेदन कर सकते थे, अब ये सीमा बढ़ाकर 30.50 लाख रुपए कर दी गई है। ये नियम 11 अप्रैल से लागू होंगे। साथ ही नेशनल हेल्थ स्कीम के तहत एनरोल होने के लिए भारतीय स्किल्ड वीसा धारको के लिए 65 हजार की सालाना फीस को बढ़ाकर एक लाख 10 हजार रुपए कर दिया गया है। एनएचएस फीस को बढ़ा कर प्रवासी परिवारों की एंट्री रोकना है। मिड लेवल वर्करों पर नए नियम लागू होने से तीन साल में लगभग आठ लाख भारतीय वर्करों को ब्रिटेन से स्वदेश लौटना पड़ सकता है। ब्रिटेन में अभी ये तीन साल के स्किल्ड वीसा पर है। इसकी औसत सैलरी 28 लाख है, तीन साल में ये बढ़कर 41 लाख नहीं होगी। ऐसे में इन वर्करों का स्किल्ड वीसा रिन्यू नहीं होगा, इन्हें वापस लौटना पड़ेगा। ब्रिटेन में 16 से 64 साल के 28 लाख लोग आर्थिक रूप से सक्रिय नहीं हैं। सुनक सरकार इन 28 लाख लोगों के लिए जॉब क्रिएट करना चाहती है।

सातवें साल विश्व का सबसे खुशहाल देश बना फिनलैंड

स्टॉकहोम, एजेंसी

- सर्वे के बाद एनालिटिक्स संगठन ने जारी की रिपोर्ट

फिनलैंड ने लगातार सातवें साल दुनिया का सबसे खुशहाल देश होने का खिताब हासिल किया है। लेकिन वास्तव में उसे यह खिताब इसलिए नहीं मिला है कि इस देश के लोग दुनिया के दूसरे देशों के मुकाबले ज्यादा खुश हैं। बल्कि की देश की समृद्धि और स्टेटस की वजह से मिला है।

स्वीडन के लुंड विश्वविद्यालय ने फिनलैंड के लगातार सबसे खुश देश होने की वजहों की पड़ताल की तो उन्होंने पाया कि सर्वे में सवाल ही इस तरह पूछे जाते हैं कि लोगों को अपनी समृद्धि, सुविधाएं और सुरक्षा के हालात खुशी के पैमाने नजर आने लगते हैं। वे खुशी की असली वजह परिवार, दोस्त, अपनेपन जैसी चीजों को आंक ही नहीं पाते। दरअसल, साल 2005 से ही गैलप एनालिटिक्स संगठन दुनिया के तमाम देशों में लोगों की खुशी का स्तर नापने के लिए सर्वे करता है। दुनिया भर के 1 लाख लोगों पर सर्वे करने के बाद रिपोर्ट तैयार करता है।

अपनापन खुशी के लिए ज्यादा महत्वपूर्ण

ऑक्सफोर्ड विवि के हालिया शोध से पता चलता है कि खुशी वास्तव में लोगों को अधिक उत्पादक बनाती है। काम पर खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण वजह अपनापन है। दूसरी ओर, वेतन को काम पर खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण चालक माना जाता है, लेकिन यह काम पर खुशी के लिए अपनेपन की तुलना में बहुत कमजोर वजह है। वास्तव में रिश्ते खुशी के लिए सबसे महत्वपूर्ण वजह है।

विज्ञान एक शोध से हुआ खुलासा, 2 मिलियन पुरानी घटना ने लालग्रह की धरती पर बनाए 2 अरब गड्ढे

क्षुद्रग्रह ने किया मंगल की धरती का सीना छलनी

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : लालग्रह मंगल की धरती पर एक समय ऐसा भी आया था, जब एक क्षुद्रग्रह की टक्कर ने मंगल की धरती को बुरी तरह छलनी कर दिया। इस टक्कर में मंगल ग्रह पर 2 अरब गड्ढे बन गए। यह भीषण घटना दो मिलियन वर्ष पुरानी है।

ताजा शोध में यह जानकारी सामने आई है। सभी जानते हैं कि पृथ्वी भी एक बार क्षुद्रग्रह की टक्कर से बुरी तरह प्रभावित हुई थी। यह घटना करीब 6 करोड़ वर्ष पहले हुई थी। जिसमें विशालकाय जीव डायनासोर का अस्तित्व मिट गया था। इसी तरह मंगल की धरती भी क्षुद्रग्रह की मार से अछूती नही है। मंगल की सतह पर बेशुमार गड्ढे इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है। इन गड्ढों को खगोलविद देखते आ रहे थे, इन गड्ढों की उत्पत्ति से अनभिज्ञ थे। जिसे समझने के लिए अंतराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों के वैज्ञानिकों ने सामूहिक शोध किया। शोध के लिए मार्स रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर (एमआरओ) से प्राप्त डेटा को शामिल किया गया। जिसमें कोरिन्टो नामक क्रेटर को आधार बनया गया। गहन जांच पड़ताल के बाद यह निष्कर्ष निकला कि यह टक्कर सिर्फ एक क्षुद्रग्रह का परिणाम है। जिसकी टक्कर से हद से अधिक संख्या में मंगल से मलवे के साथ पत्थर छिटके और मंगल की सतह को छलनी करते चले गए। इस भीषण घटना का प्रभाव मंगल की सतह पर 2000 किमी दायरे में पड़ा। जिसमें दो अरब से अधिक छोटे बड़े गड्ढे बन गए, जो वर्तमान में मंगल के अतीत की दुर्दशा बयान करते है, जो आज भी एक अलग कहानी बयान करते हैं। इन गड्ढों का न्यूनतम आकार 10 मीटर हैं। शोधकर्ताओं ने यह जानकारी टेक्सास में आयोजित चंद्र और ग्रह विज्ञान सम्मेलन में सार्वजनिक की । शोध पेपर को यूनिवर्सिटी स्पेस रिसर्च एसोसिएशन (यूएसआरए) की साइट मे भी देखा जा सकता है।



मंगल ग्रह के गड्ढों की तस्वीर।

मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी: वरिष्ठ खगोलविद

वरिष्ठ खगोलविद प्रो. आरसी कपूर कहते हैं कि मंगल की हर जानकारी बेहद जरूरी है, तभी मंगल पर मैन मिशन को सफल बनाया जा सकता है। हम मान सकते हैं कि शायद मंगल इंसान का भविष्य है। जिस कारण मंगल पर बहुत तेजी से शोध किए जा रहे हैं। जिसमे दुनिया के कई देश शामिल हैं। मंगल पर मानव बस्ती बसाने का सपना कब तक साकार हो पायेगा, यह कहना फिलहाल संभव नहीं है।

भारत को चंद्रमा पर मिली उपलब्धियां हैरान करने वाली

पेरिस, एजेंसी

- यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने इसरो की तारीफ की

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने हाल के सफल प्रक्षेपणों के लिए इसरो की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष और विशेष कर चंद्र अन्वेषण में भारत की उपलब्धियां आश्चर्यजनक हैं।

अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक

ईएसए की ओर से पेरिस में 323वीं परिषद बैठक की मेजबानी की गई। एशबैकर ने कहा कि अंतरिक्ष में भारत जो हासिल कर रहा है, वह आश्चर्यजनक है। हमने ईएसए परिषद में इसरो अध्यक्ष डा. एस सोमनाथ की मेजबानी की। यह प्रतिनिधियों के लिए ईएसए-इसरो के वर्तमान और भविष्य की योजनाओं के संबंधों में अधिक जानने का अवसर था। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ सहयोग को गहरा करने के रणनीतिक महत्व को कम करके नहीं आंका जा सकता। मील के पत्थर वाले इन कदमों ने न सिर्फ वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति को सुढ़ कर दिया, बल्कि भारत में निजी क्षेत्रों को भी बढ़ावा देने का कार्य किया है।

नई ऊंचाइयों पर पहुंचा भारत: अंतरिक्ष यात्री

अंतरिक्ष यात्री थामस पेस्केट भी बैठक में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल साफ्ट लैंडिंग और भारत के पहले सौर मिशन आदित्य-एल1 के प्रक्षेपण के साथ ही भारत 2023 में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।